फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 2 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -37, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





एलिएंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद 16

अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू 15







## शहर ही नहीं, गांव भी हों स्मार्ट : गडकरी

- रायबरेली में 4100 करोड़ की आठ परियोजनाओं की दी सौगात

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार :** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को रायबरेली पहुंचे। केंद्रीय मंत्री ने जिले को करीब 41 सौ करोड़ की आठ बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मोदी सरकार से पहले 2014 में राष्ट्रीय राजमार्ग की लम्बाई 7643 किमी थी, लेकिन अब यह लम्बाई 13 हजार किलोमीटर की हो गई है। गडकरी ने कहा कि देश का पहला एक्सप्रेस-वे उन्होने मुंबई और पूना के मध्य बनवाया था। इस बात की जानकारी जब देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी को हुई तो उन्होंने कहा कि शहरों में तो अच्छे रोड है, लेकिन हिंदुस्तान की आबादी गांवों में रहती है और गांव के लोगों के लिए अच्छी सड़कें तक नहीं है। इस काम के लिए मुझे जिम्मेदारी मिली थी और मैंने मंथन कर छह माह के अंदर अपनी रिपोर्ट दी थी। 15 दिनों के भीतर देश के तत्कालीन राष्ट्रपति अब्दुल कलाम ने प्रस्ताव पास किया था, जिसके बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत हुई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, स्मार्ट विलेज भी होने चाहिए। गांव समृद्ध होंगे तो युवा बाहर पलायन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे देश का किसान अब ऊर्जा पैदा करेगा। इससे पहले राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले को मिली सौगात से चमक बढ़ेगी।



जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी।

### 400 एथेनाल पंप होगा शुरू

नितिन गडकरी ने कहा इंडियन आयल देश में 400 एथेनाल पम्प शुरू करेगा। देश का किसान अब अन्नदाता नहीं, ऊर्जादाता बन गया है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने जौनपुर जिले में बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित एक समारोह में भी 19 परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

बंपर खरीदारी से शेयर बाजार सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर



## 1245 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 22300 के पार

### मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार में जश्न

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स 1,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू इक्विटी बाजारों को मजबूती मिली और निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील छह प्रतिशत से अधिक उछल गई, जबकि जेएसडब्ल्यू स्टील में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, मारुति, इंडसइंड बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा मोटर्स में भी बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, तेजी के इस दौर में भी एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस और टेक महिंद्रा पिछड़ गए। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही।

### दूसरी बार शनिवार को खुलेंगे बाजार

वर्ष 2024 में दूसरी बार स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने सप्ताहांत की छुट्टी के बावजूद शनिवार को बाजार खुला रखने का फैसला किया है। शनिवार का सत्र मॉक ट्रेडिंग सत्र नहीं होगा और इस दौरान लाइव ट्रेडिंग होगी। ऐसा अप्रत्याशित त्रासदी की स्थिति में सिस्टम की तैयारी का आकलन करने के अभ्यास के हिस्से के रूप में किया जा रहा है। यह विशेष सत्र स्टॉक एक्सचेंजों और डिपॉजिटरी के लिए बिजनेस निरंतरता योजना (बीसीपी) और डिजास्टर रिकवरी साइट (डीआरएस) के ढांचे का हिस्सा है। इससे पहले अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले भी शनिवार के दिन बाजार में कारोबार हुआ था।

## एक नजर

### यूपी के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन

**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। कुरैशी की देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गये थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने।

### पूर्व फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी का निधन

**नई दिल्ली।** फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रहीं रिंकी चकमा का शुक्रवार को यहां कैंसर से बहादुरी से लड़ने के बाद निधन हो गया। वह 28 वर्ष की थीं। फेमिना मिस इंडिया 2017 की फाइनलिस्ट रहीं रिंकी चकमा के निधन की आधिकारिक जानकारी फेमिना मिस इंडिया द्वारा एक्स पर एक तस्वीर और कैप्शन के साथ साझा की गई है। रिंकी को साल 2022 में एक घातक फाइलोड्स ट्यूमर (स्तन कैंसर) का पता चला था। शुरुआती दौर में सर्जरी के बावजूद कैंसर उनके फेफड़ों और उनके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे ब्रेन ट्यूमर हो गया।

### अनुराग अग्रवाल संसद सुरक्षा के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में महानिरीक्षक, असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। अग्रवाल ऐसे समय में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे जब संसद में 13 दिसंबर को दो लोगों द्वारा दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने के बाद संसद भवन परिसर की सुरक्षा में व्यापक बदलाव किया जा रहा है। अग्रवाल की नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया।

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** वित्तीय खुफिया इकाई ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2) (डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है। पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच दोनों के बीच अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने को मंजूरी दे दी है।

# संदेशखालि में बहनों के साथ जो हुआ उससे पूरा देश गुस्से में : मोदी

## बंगाल के आरामबाग में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुस्साहस की सारी हदें पार कीं

आरामबाग, (प. बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा कि चोट का जवाब वोट से देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के 2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी।

मोदी ने कहा कि संदेशखालि के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं। संदेशखालि की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी। और उन्होंने क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थीं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।



### ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से राजभवन में की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी शुक्रवार रात को राजभवन में ठहरेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत यह मुलाकात हुई। शाम छह बजे से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे जिसके कुछ देर बाद ही बनर्जी का काफिला राजभवन पहुंचा। पिछले साल दिसंबर में बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।

### इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है, जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए संदेशखालि में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

# प्रदेश में सहयोगी दलों को लोस की छह सीटें दे सकती है भाजपा

- सुभासपा, निषाद पार्टी को एक-एक सीट देने पर बनी सहमति
- अपना दल (एस) और रालोद को दो-दो सीटें मिलेंगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-24 में प्रदेश की सभी 80 सीटों में से भाजपा सहयोगी दलों के लिए छह सीट छोड़ सकती है। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें मिल सकती हैं, जबकि अपना दल (एस) भी दो सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, निषाद पार्टी को संत कबीर नगर सीट और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को घोसी सीट मिल सकती है।

दिल्ली में हुई भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच एक दो दिन में भाजपा के सौ लोस प्रत्याशियों की सूची भी सामने आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो यूपी से कुछ केंद्रीय मंत्रियों का भी टिकट कट सकता है। भाजपा इस बार दो या दो से अधिक बार चुनाव जीत चुके नेताओं पर भी दांव लगाने के मूड में नहीं है। जिन सांसदों की उम्र अधिक हो गई है, उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रदेश की 74 लोकसभा सीटों में से कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। वहीं, कैसरगंज लोकसभा सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह के नाम पर पार्टी निर्णय नहीं ले पाई है।



राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी।

### राज्यपाल से मिले योगी, मंत्रिमंडल विस्तार संभव

- ओपी राजभर, दारा चौहान और रालोद के राजपाल बालियान को मिल सकती है जगह

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना प्रबल हुई है। 3 मार्च यानी रविवार को कैबिनेट में पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करने पहुंचे। योगी ने राज्यपाल को 'रोम रोम में राम' नामक पुस्तक भी भेंट की। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, सपा से वापस भाजपा में लौटे एमएलसी दारा सिंह चौहान और रालोद नेता राजपाल बालियान को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा रालोद कोटे से एक और विधायक प्रदीप चौधरी को राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को भी राज्य मंत्री बनाकर आजम खान को हराने का इनाम दिया जा सकता है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्री समेत तीन की मौत

- छात्राओं को स्कूल छोड़ने जा रहा था युवक, मुख्यमंत्री ने व्यक्त की संवेदना

बनीकोडर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कोतवाली रामसनेहीघाट के अंतर्गत ब्लॉक बनीकोडर के सामने एक ट्रक ने एक बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक पर पीछे बैठी दो छात्राओं की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक की अस्पताल में मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

पुलिस के अनुसार सुमेरगंज निवासी पंकज यादव की पुत्री वर्तिका(6) और योगिता (7) पुत्री नीरज आधुनिक इंटर कॉलेज भिटरिया में पढ़ती थी। रोजाना दोनों बच्चियां साथ में स्कूल जाती थी। शुक्रवार सुबह योगिता के पिता नीरज अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर स्कूल छोड़ने जा रहे थे। तभी ब्लॉक के सामने पीछे से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें पीछे बैठी दोनों बच्चियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे नीरज भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज मिल पाता है इसके पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया। बच्चों की मौत से पूरे गांव में सन्नाटा फैला हुआ है।

## ईडी ने जब्त की हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की संपत्ति

- महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे। ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। एक 'हवाला कारोबारी' हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की गई है जो कोलकाता का रहने वाला है। फिलहाल दुबई में रह रहा है। ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'स्काईएक्सचेंज' का मालिक और संचालक भी है।

## बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में धमाका दस घायल, बम स्क्वॉड टीम पहुंची

बेंगलुरु, एजेंसी




बेंगलुरु के एक लोकप्रिय कैफे में शुक्रवार को धमाके से कम से कम दस लोग घायल हो गए। पहले शक था कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी, लेकिन बाद में अग्निशन विभाग ने इस आशंका को खारिज कर दिया और कहा कि वहां एक बैग मिला है। इस बीच राज्य के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने कहा कि कैफे में हुआ धमाका एक बम विस्फोट है। जांच के लिए एनआईए की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। बम स्कवायड और फोरेंसिक टीम भी जांच में सहयोग कर रही हैं।

अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट में घायल लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मैसूर में संवाददाताओं से कहा कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। किसी ने वहां बैग रखा था। ऐसा कहा जा रहा है कि ये आईईडी विस्फोट था। हमें अभी नहीं पता कि ये आतंकी हमला है या नहीं। रामेश्वरम कैफे व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड इलाके में है, जो एक प्रमुख कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी केंद्र है।

## प्राथमिक शिक्षक की भर्ती में संस्कृत से टीईटी मान्य नहीं

- हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के निर्णय को पलटा

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के 10000 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षिक अर्हता के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की विशेष अपील पर विचार करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी की प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती है। संस्कृत भाषा में उत्तीर्ण की गई टीईटी परीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए निर्धारित पात्रता को पूरा करने में सफल नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, उक्त पद पर याची की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया गया था कि याची ने संस्कृत भाषा में टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर एकलपीठ ने अक्टूबर 2013 के शासनादेश पर भरोसा करते हुए माना था कि शासनादेश में ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है।

## फरवरी में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12.5 प्रतिशत बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18.40 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के कर संग्रह से 11.7 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में औसत मासिक सकल संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा | शासन की ओर से 32 जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोलने को मिली मंजूरी

# एटीएस परखेंगे वाहन का स्वास्थ्य, ठीक होंगे तभी सड़क पर दौड़ेंगे

- भारत सरकार ने 36 एटीएस खोलने का प्रदेश को दिया है लक्ष्य

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरआई ने आंखों से कामर्शियल गाड़ी देखी। बात बनीं तो फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया। अब यह नहीं चलेगा। आरटीओ में जुगाड़ के बल पर वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की परंपरा पर अतिशीघ्र विराम लगने वाला है। सड़क पर दौड़ रहे जर्जर वाहनों से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) खुलने जा रहे हैं। इन केंद्रों पर ऑटोमेटिक मशीन से वाहनों के फिटनेस की जांच की जाएगी। भारत सरकार ने प्रदेश को 36 एटीएस खोलने का लक्ष्य दिया है।

प्रदेश में अभी तक वाहनों की फिटनेस मैनुअल होती है। अब मशीन से जांच कराने की तैयारी है। इसे लेकर परिवहन विभाग ने एक पोर्टल नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) बना कर आवेदन मांगे थे। इसमें 308 आवेदन मिले हैं। इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने जमीन समेत अन्य तैयारी पूरी कर ली है। आवेदनों की पड़ताल के बाद 32 जिलों में एटीएस खोलने की प्रक्रिया पर मुहर लगा दी गई। इनमें 41 प्रारंभिक पंजीयन प्रमाणपत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अक्टूबर 2024 तक इनकी शुरुआत होनी है।

### एटीएस के लिए इन जिलों को दिए गए प्रमाणपत्र

राजधानी लखनऊ-1, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, हाथरस, , फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, उरई, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, औरैया, कौशांबी, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मेरठ, उन्नाव, कानपुर देहात।



लोगों के सुरक्षित सफर के लिए वाहन का शत प्रतिशत फिट होना जरूरी है। इसके लिए गाड़ियों की मैनुअल फिटनेस के बजाए मशीन से उनकी जांच कराई जाएगी। प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन शीघ्र ही खोल दिए जाएंगे। इसके लिए ठोस कार्रवाई गतिशील है। सरकार की मंशा है कि जीवन रक्षा और सुरक्षित सफर के लिए छोटी से छोटी चीज पर नजर रखी जाए। जब वाहन पूरी तरह स्वस्थ होंगे तो सफर सुरक्षित होगा। - **चंद्रभूषण सिंह**, परिवहन आयुक्त

- 500 करोड़ का होगा निवेश, मिलेगा रोजगार
- एक सेंटर पर करीब 12 करोड़ रुपये व्यय होगा।
- 25 से 30 लोगों को एक सेंटर पर मिलेगा काम।
- 1,200 से 1,500 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।
- 10,000 लोगों को अपरोक्ष रोजगार के मौके मिलेंगे।

कामर्शियल वाहनों की फिटनेस की जांच मशीन से कराने की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ गई है। जल्द ही प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोल दिए जाएंगे। - **पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

## एक नजर

### पूर्व राज्यपाल के निधन पर जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को आघात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। अजीज कुरैशी उत्तर प्रदेश के अलावा उत्तराखंड व मिजोरम के भी राज्यपाल रहे।

### डॉ. कन्हैया के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साहित्यकार डॉ. कन्हैया सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष व अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक रहे डॉ. कन्हैया सिंह के बेटे चित्रसेन सिंह को मुख्यमंत्री ने पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अत्यन्त दुखदायी होता है।

### पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त को एक वर्ष का सेवा विस्तार

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त निधि कुमार नारंग को एक साल का सेवा विस्तार दे दिया है। इस सिलसिले में शुक्रवार को ऊर्जा विभाग की ओर से आदेश जारी किये गये। आदेश में कहा गया है कि 18 फरवरी 2024 से नये निदेशक वित्त का चयन होने या एक वर्ष की अवधि जो भी कम हो, तक के लिए सेवा विस्तार दिया गया है। भविष्य में इसे दृष्टांत नहीं माना जाएगा। निदेशक वित्त के सभी अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

# जिलों में तीन साल से तैनात अधिकारियों को हटाया गया

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी को शासन ने सौंपी रिपोर्ट




कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** शासन व पुलिस विभाग ने तीन साल से एक जिले में जमे अफसरों को हटा दिया है। शासन की ओर से मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को को इस सिलसिले में रिपोर्ट सौंपी गई है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार की ओर से अफसरों के तबादले को लेकर रिपोर्ट मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी गई है।

आयोग ने पिछले दिनों प्रदेश समेत देश के सभी राज्यों को निर्देश जारी कर एक ही जिले में तीन से अधिक समय से जमे अफसरों को हटाने व गृह जिले में अफसरों को संबंधित संसदीय क्षेत्र से हटाने के निर्देश दिये थे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शासन की ओर से अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह, मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और बृज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र सिंह, यमुना अथॉरिटी के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया और भूमि अध्याप्ति अधिकारी बलराम सिंह के लिए तबादला नीति में शिथिलता देने का आग्रह किया था। आयोग ने अस्वीकार करते हुए चारों का तबादला करने के आदेश दिये थे। इस पर शासन ने तबादले कर दिए हैं।

### निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियां हों पूरी: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ:** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को मंडल व जिला स्तर के निर्वाचन अफसरों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों का जायजा लिया। विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अफसरों से कहा कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जायं। इस मौके पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता जागरूकता के लिए 'कॉफी टेबल बुक' का विमोचन किया। सूत्रों ने बताया कि आयोग ने सभी अधिकारियों से प्रदेश में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये। ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाय। बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के अलावा निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त नितेश व्यास, उप निर्वाचन आयुक्त अजय भादू, उप निर्वाचन आयुक्त हिृदेश कुमार, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा आदि अधिकारी शामिल हुए।

### ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से की पूछताछ

**अमृत विचार, लखनऊः** गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ों के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से शुक्रवार को पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विनय तिवारी से करीब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद अगले सप्ताह कुछ दस्तावेजों के साथ दोबारा बुलाया है।

ईडी ने बीते दिनों लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम स्थित विनय तिवारी और अन्य आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की थी। उस दौरान ढेर सारे दस्तावेज जब्त किया था। उसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में तलब किया गया था।

# पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाने वाला पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो कि पूरे देश में सबसे ज्यादा ही नहीं, एक कीर्तिमान भी है। इनमें 2.80 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड पिछले एक साल में बनाए गए हैं। कार्ड की संख्या बढ़ने के साथ ही योजनातंर्गत रोजाना इलाज प्राप्त करने वाले मरीजों की संख्या आठ हजार पहुंच गई है। जबकि पूर्व में मात्र दो हजार मरीज ही रोजाना आते थे।

आयुष्मान भवः अभियान अंतर्गत प्रदेश में सितंबर 2023 से अब तक पांच सालों में 3.06 करोड़ में मात्र आठ माह के में 1.94 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज़) की संगीता सिंह ने बताया कि पांच करोड़ आयुष्मान कार्ड बनने के बाद योजनातंर्गत मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके लिए प्रदेश में पांच हजार से भी अधिक निजी एवं सरकारी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। इन अस्पतालों में सामान्य बीमारियों से लेकर कैंसर, हृदय रोग, अंग प्रत्यारोपण जैसी गंभीर बीमारियों का भी इलाज मरीजों को उपलब्ध है।

### एक नजर में आयुष्मान योजना

- आयुष्मान योजना में लाभार्थी परिवारों की संख्या: 1,80,47,024
- प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित परिवार :1,31,23,662
- मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान एवं अंत्योदय अन्न योजना: 49,23,362
- पीएम जन आरोग्य योजना में कुल अस्पतालों की संख्या : 5,351
- सरकारी अस्पतालों की संख्या: 2,795
- कुल उपचारित लाभार्थी की संख्या: 34,81,252
- बनाये गए कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या 5,00,17,920

# मायावती के भतीजे आकाश को वाई प्लस सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**राजनीतिक गलियारों में चर्चा बसपा, भाजपा की बी पार्टी**

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का तोहफा बताया जा रहा है।

केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था।

हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस पर कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की 'बी' टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी बसपा इंडिया गठबंधन मे शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। ऐसे में आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा देने पर विपक्ष के आरोपों को बल मिला है।

आकाश आनंद को वाई प्लस सुरक्षा करीब एक महीना पहले ही मिल गई थी। सुरक्षा मिलने के बाद वह शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक कार्यक्रम में फरीदाबाद गए, तभी ये बात सामने आई। फरीदाबाद में शुक्रवार को सत्ता प्राप्ति संकल्प यात्रा का कार्यक्रम था। 28 वर्षीय आकाश को बसपा प्रमुख ने पिछले दिसंबर में अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। बसपा के कार्यक्रमों में वह लगातार सक्रिय हैं।

### पंचायत भवन तो बने पर कितने कमरे पता नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायत भवनों का लाखों रुपये से निर्माण तो करा दिया गया, लेकिन क्षेत्रफल और उस पर बने कमरों की जानकारी नहीं है। भवनों का परीक्षण कर फोटो व विवरण बेवसाइट पर अपलोड तक नहीं किया गया। गांवों में पंचायत भवन बनाना शासन की प्राथमिकता में है। जिनके निर्माण पर जिले स्तर से परीक्षण कर फोटो, क्षेत्रफल, कक्षों की संख्या आदि विवरण विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करना है। यह कार्य जिलों पर पंचायती राज निदेशालय से जिला परियोजना प्रबंधक को करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन पालन नहीं किया। इससे निदेशालय को यह जानकारी नहीं हो पा रही कि कितने क्षेत्रफल में कितने कमरे बनाए गए हैं। निदेशक राज कुमार ने कार्रवाई की चेतावनी देते हुए शनिवार तक भवन का दृश्यमान फोटो पोर्टल पर अपलोड करने के साथ प्रमाण पत्र मांगा है।

# यूपी बोर्डः पेपर लीक मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता, आगरा/ लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक करने में शामिल केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्र व्यवस्थापक कॉलेज संचालक है। उसके बेटे विनय चौधरी ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर लीक किया था। गुरुवार रात दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

गुरुवार को उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड की परीक्षाओं में सेंध लग गई। दोपहर की पाली में परीक्षा शुरू होते ही गणित और जीव विज्ञान के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो गए। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी 3.10 बजे हो सकी। इसके बाद ग्रुप से पेपर डिलीट करवा दिए गए। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल के आदेश पर डीआईओएस ने अतर सिंह इंटर कालेज के रौझोली अछनेरा थाना फतेहपुरसीकरी के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह और पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

**प्रबंधक बन बैठा था केंद्र व्यवस्थापकः** पेपर लीक मामले में शासन स्तर तक हडक़ंप मच गया है। यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता को लेकर तमाम दावे किए गए, लेकिन कालेज प्रबंधक के बेटे ने सुरक्षा के किले को भेद दिया। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने पेपर लीक किए थे। वह अतर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह का बेटा है। परीक्षाओं के दौरान प्रबंधक राजेंद्र सिंह केंद्र व्यवस्थापक बन गए और उन्होंने अपने बेटे को कंप्यूटर ऑपरेटर बना लिया था।

**मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारीः** डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर पर थाना फतेहपुर सीकरी में केस दर्ज किया था। गुरुवार रात तक दो आरोपी केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पेपर लीक करने वाला मुख्य आरोपी विनय चौधरी और अन्य के गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### आज से परीक्षा के दौरान केंद्रों पर मोबाइल बैन

**अमृत विचार** :माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह निर्देशित किया गया है कि परीक्षा केन्द्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि परीक्षा केन्द्र पर किसी व्यक्ति द्वारा मोबाइल फोन या अन्य संचार उपकरण का प्रयोग किया जाता है तो ऐसी स्थिति में स्टेटिक मजिस्ट्रेट का उत्तरदायित्व होगा कि वह सम्बंधित व्यक्ति के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

> पेपर वायरल करने और लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने के बाद आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता को रद्द करने का निर्णय बोर्ड ने ले लिया है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आगे भी किसी किसी संस्थान की ओर से ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर कराई जायेगी और उसकी मान्यता रद्द की जायेगी।
> –दिब्यकांत शुक्ला, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

# सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली कराने का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी -2024 की परीक्षा से संबंधित दस्तावेज भी बरामद**

**अमृत विचारः** पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। वह कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली मामले में भी शामिल रहा है। पकड़ा गया शख्स प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर निवासी है। उसके पास से हाथ से लिखा पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित 9 एडमिट कार्ड आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ के मुताबिक प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान ने पूछताछ पर बताया कि 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले का गैंग से हुआ। उसके बाद वह इस धंधे में दाखिल हो गया। एसटीएफ के मुताबिक 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केंद्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी 2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि यह प्रश्न-पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि कपिल तोमर को उक्त कथित प्रश्न पत्र अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया गया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था, परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण उन्हें पैसा नही मिला।

एसटीएफ के मुताबिक वर्तमान में कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल में आरक्षी जीडी की ऑनलाइन परीक्षा देशभर में विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित की जा रही है। इस परीक्षा में प्रवीन एवं विपिन आदि धांधली कराने में संलिप्त रहे हैं। उत्तर कुंजिका देकर परीक्षा में पास कराने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 लाख रुपये लेना तय हुआ था।

### बिजली चोरी रोकने के लिए विजिलेंस टीम जल्द होगी बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली चोरी रोकने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की विजिलेंस टीम जल्द बॉडी वॉर्न कैमरे से लैस होगी। जांच टीम का ऑडियो-वीडियो लोकेशन रिकॉर्ड होगा। कॉरपोरेशन का नियंत्रण कक्ष इसकी मॉनिटरिंग करेगा।कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य अमित श्रीवास्तव की ओर से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत सभी वितरण कंपनियों को पत्र लिखा गया है। भेजे गये पत्र में कहा गया है कि विभागीय व विजिलेंस टीमों की ओर से छापे के दौरान किसी घटना के घटित होने, भ्रष्टाचार को रोकने व छापे की कार्रवाई को रिकार्डिंग करने के लिए बॉडी वार्न कैमरा क्रय करने का निर्णय लिया गया है। सभी कंपनियों के लिए तीन सौ बॉडी वार्न कैमरे किये जाने हैं। सभी कंपनियों के लिए कैमरे की खरीद के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को अधिकृत किया गया है। निदेशक वाणिज्य ने इस सिलसिले में मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में कॉरपोरेशन ने 300 बॉडी वॉर्न कैमरों की खरीद करेगा। इसकी सफलता के बाद कॉरपोरेशन आगे इसे बढाने पर विचार करेगा। वर्तमान में पूरे प्रदेश की बिजली कंपनियों मे लगभग 88 विजिलेंस टीमें है। 392 वितरण खंड व 120 परीक्षण खंड हैं। इसमें सफलता मिलने के बाद सभी खंड में अनिवार्य रूप से चेकिंग पर जाने के पहले बॉडी वार्न कैमरा पहनना अनिवार्य होगा। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कॉरपोरेशन के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा।




सबको राशन सबको पोषण






1,100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण

एवं

79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से

खाद्यान्न वितरण का शुभारंभ

योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

केशव प्रसाद मौर्य

उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

सतीश चन्द्र शर्मा
राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद
तथा नागरिक आपूर्ति, उत्तर प्रदेश

विजय लक्ष्मी गौतम
राज्य मंत्री, ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम्य विकास
तथा ग्रामीण अभियंत्रण, उत्तर प्रदेश

दिनांक : 2 मार्च, 2024 | समय : प्रात: 10:00 बजे | स्थान : लोक भवन सभागार, लखनऊ

अन्नपूर्णा भवन की विशेषताएं

♦ 75 जनपदों में 5,626 दुकानें चिन्हित, 3,914 का निर्माण प्रारंभ ♦ 484 वर्ग फीट के परिसर में खाद्यान्न वितरण कक्ष, सी.एस.सी. कक्ष, जनोपयोगी वस्तुओं का विक्रय काउंटर, उपभोक्ताओं के लिए बैठने का स्थान ♦ सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था अंतर्गत खाद्यान्न को अन्नपूर्णा भवन तक किसी भी मौसम में सुगमता से पहुंचाने की सुविधा ♦ पीएम वाणी के अंतर्गत ब्रॉडबैंड एवं सीएससी सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण-पत्र बनवाने एवं विद्युत देयकों के भुगतान की सुविधा ♦ लाभार्थियों को स्वयं के गांव में ही राशन प्राप्त करने की सुविधा ♦ आवश्यक वस्तुओं, जनोपयोगी वस्तुओं, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं गुणवत्तापरक एफ.एस.एस.ए.आई. प्रमाणित वस्तुओं की उपलब्धता ♦ 5 एवं 2 किलो के रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता

ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीन की विशेषताएं

♦ अद्यतन तकनीक से युक्त, 4जी सिम से संचालित ♦ राशन कार्डधारकों के आधार प्रमाणीकरण हेतु फिंगरप्रिंट एवं आइरिस स्कैनर से युक्त ♦ लाभार्थियों को पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न वितरण ♦ विभागीय वेबसाइट के माध्यम से वितरण की मात्रा की ऑनलाइन मॉनिटरिंग ♦ अत्यंत प्रभावी, लाभार्थीपरक एवं पारदर्शी खाद्यान्न वितरण प्रणाली

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश | सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

NIMISHA CANCER CARE CLINIC

NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव

सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।

Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112




## एक नजर

### मार्फीन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टिकैतनगर और असंद्रा थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार को 105 ग्राम मार्फीन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उसके बाद सभी तस्करों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। टिकैतनगर पुलिस ने तकिया पंसारा निवासी इरसाद और मेराज को 70 और असंद्रा पुलिस ने जैदपुर थाने के अली अकबर कटरा निवासी अलाउद्दीन को 35 ग्राम के साथ दबोचा। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएसए एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

### तमंचे के साथ शातिर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली पुलिस ने तमंचे के साथ मसूदपुर मजरे बतिया निवासी बलराम को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### 10 लीटर शराब बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सुबेहा थाने की पुलिस ने 10 लीटर शराब के साथ नगर पंचायत के महतेली वार्ड निवासी सुरेंद्र को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

# एलोपैथिक दवाओं से मरीजों का इलाज करता मिला होम्योपैथ डॉक्टर

## सुमन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर की फार्मेसी से पांच लाख की दवाएं की गयीं जब्त

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**छापेमारी**

- अप्रशिक्षित स्टाफ मरीजों का उपचार करता मिला
- बिना लाइसेंस संचालित एक अन्य क्लीनिक की गयी सील

**अमृत विचार :** एसीएमओ और औषधि निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ शुक्रवार को सुमन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में छापेमारी की। यहां बिना पंजीकरण के ही पैथोलॉजी संचालित पायी गयी। होम्योपैथ डॉ. मरीजों को एलोपैथ दवाएं लिखता मिला। दवा की कीमत भी तीमारदारों से कई गुना अधिक वसूली जा रही थी। टीम ने अस्पताल की पांच लाख की दवाएं जब्त कर ली गयीं। संचालक को एक दिन का समय जवाब देने को दिया गया है। इसके अलावा बिना लाइसेंस संचालित एक अन्य क्लीनिक को टीम ने जांच के दौरान सील कर दिया।

अस्पताल की फार्मेसी द्वारा एक इंजेक्शन का दाम मरीज के तीमारदार को चार गुना बताया गया तो उसने बाजार में इसका मूल्य पता किया। तीमारदार की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सुमन हास्पिटल पर छापेमारी की।

नगर के बड़ेल चौराहे पर स्थित सुमन हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर का संचालन शैलेंद्र वर्मा द्वारा किया जा रहा है। तीमारदारों का आरोप है कि इस हॉस्पिटल में बाहर बोर्ड पर अनेक नामी डॉक्टरों के नाम लिखे हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निरीक्षण में सब नदारद मिले। अप्रशिक्षित हॉस्पिटल स्टाफ मरीजों का इलाज करता मिला। दवाओं की कीमत निर्धारित मूल्य से कई गुना ज्यादा वसूली जा रही थी।

एसीएमओ डॉ. राजीव दीक्षित ने औषधि निरीक्षक सीमा सिंह और पुलिस बल के साथ फतहाबाद स्थित सुमन अस्पताल पर छापा मारा। इस संबंध में एसीएमओ ने बताया कि जांच के दौरान सुमन अस्पताल में कई खामियां मिली हैं। मरीजों से दवाओं का निर्धारित मूल्य से अधिक दाम वसूला जा रहा था। होम्योपैथ डॉक्टर एलोपैथ दवाओं से मरीजों का इलाज करते मिला।

उन्होंने बताया कि हास्पिटल संचालक टीम द्वारा मांगे जाने पर अस्पताल संचालन से संबंधित कोई अभिलेख नहीं दिखा सका है। इस पर उसे एक दिन के अंदर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है। अस्पताल संचालक द्वारा संतोषजनक जवाब न देने पर लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

औषधि निरीक्षक सीमा सिंह ने बताया कि सुमन अस्पताल में जांच की गई तो मेडिकल स्टोर में करीब पांच लाख की दवाएं उपलब्ध थीं। लेकिन संचालक इनकी खरीद और बिक्री का कोई अभिलेख नहीं दिखा सका। इस पर सभी दवाओं को जब्त कर लिया गया। मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है।

एसीएमओ डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि इसके अलावा बड़ेल नहर पर संचालित रुबा क्लीनिक की भी जांच की गई। क्लीनिक का संचालन बिना लाइसेंस के किया जा रहा था। जानकारी पर संचालक सही जवाब नहीं दे पाए इस पर क्लीनिक को तत्काल प्रभाव से बंद करने व नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

# प्रभु राम के आदर्शों का पाठ पढ़ेंगे बच्चे

**बदलाव**

- कक्षा छह की पुस्तक महान व्यक्तित्व में जोड़े गए अध्याय
- गुरु गोरखनाथ, दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी भी शामिल

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी

**अमृत विचारः** एससीईआरटी की कक्षा छह की पुस्तक महान व्यक्तित्व में कुछ नए अध्याय इस बार जोड़े गए हैं। इसमें जहां नौनिहालों को मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों का पाठ पढ़ाया जाएगा, वहीं गुरु गोरखनाथ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, आल्हा-ऊदल के साथ जमशेदजी टाटा के जीवन के बारे में भी बच्चे पढ़ेंगे।

परिषदीय स्कूलों में बच्चों को निःशुल्क वितरण के लिए पाठ्य-पुस्तकों की खेप जिले में पहुंच रही है। इसमें कक्षा छह की महान व्यक्तित्व वाली 38 पाठ की पुस्तक में 139 पेज हैं। अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ पुस्तक में पहले पाठ के रूप में प्रभु श्रीराम की जीवनी को शामिल किया गया है। वहीं गोरक्षपीठ के गुरु गोरखनाथ, उद्योगपति जमशेदजी टाटा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व आल्हा-ऊदल की वीरता की कहानी भी नए शैक्षिक सत्र से नौनिहालों को पढ़ाई जाएगी।

हालांकि इस पुस्तक में पहले से महर्षि दधीचि, दुष्यंत्र पुत्र भरत, सत्यवादी हरिश्चंद्र, महाभारतकाल के महर्षि, एकलव्य, महान चिकित्सक सुश्रुत, चरक, देश के महान खगोलविद, महात्मा बुद्ध, अशोक महान, चंद्रगुप्त विक्रमादित्य, राजेंद्र चोल, महाराजा सुहेलदेव, सूफी संत निजामुद्दीन और अमीर खुसरो, कबीर और उनके गुरु रामानंद, संत रविदास, शेरशाह सूरी, चांदबीबी, नानक देव, महाराणा प्रताप, अहिल्याबाई, महाराजा रणजीत सिंह, मंगल पाण्डे, कुंवर सिंह, बाबू बंधु सिंह, बेगम हजरत महल, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, लाल बहादुर शास्त्री, श्री निवास रामानुजन, डॉ. विश्वेश्वरैया, पं. जवाहर लाल नेहरू, डा. लोहिया के जीवन चरित्र के पाठ शामिल हैं।

### शैक्षिक सत्र के पहले दिन नई किताबों के साथ स्कूल आएंगे बच्चे

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शैक्षिक सत्र के पहले दिन बच्चे नयी किताबों के साथ स्कूल पहुंचेगे। हालांकि गत वर्ष भी इस बारे में प्रयास हुआ था जो काफी हद तक सफल भी रहा। इस बार पूरी तरह से नौनिहालों को सत्र से ही पहले ही सभी पुस्तकें मिल जाएं, इसे लेकर 50 फीसदी किताबें जिले में पहुंच गयीं जिन्हें बीआरसी पर भेजा जा रहा है। जिले में बेसिक शिक्षा विभाग के 2636 परिषदीय स्कूल हैं। इसमें 1992 प्राथमिक, 475 पूर्व माध्यमिक और 369 कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें कक्षा तीन से आठ तक पंजीकृत साढ़े तीन लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को नि :शुल्क उपलब्ध कराई जाने वाली किताबों की खेप जिला मुख्यालय के बड़ेल स्थित बीआरसी पर कई दिनों से पहुंच रही है। शुक्रवार तक करीब 50 फीसदी किताबें आ गई हैं। उम्मीद है कि एक अप्रैल से शुरु हो रहे नए शैक्षिक सत्र से पहले ही सभी किताबे पहुंच जाएंगी और उनका वितरण कर दिया जाएगा। ताकि शैक्षिक सत्र 2024-25 के पहले दिन हर बच्चे के हाथ में नई किताब हो। बीएसए संतोष कुमार देव पाण्डेय ने बता याकि हर बच्चे के हाथ में शैक्षिक सत्र के पहले दिन किताब हो, इसके प्रयास जारी हैं। अब तक 50 प्रतिशत किताबें आ गई हैं जिनको बीआरसी पर भेजा जा रहा है। पाठ्य-पुस्तकों में नए पाठ जोड़े जाने की जानकारी नहीं है। सिलेबस एससीईआरटी द्वारा तय होता है।

# सुलह से होगा वादों का निस्तारण

**बैठक**

- नौ मार्च को किया जाएगा लोक अदालत का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



अधिवक्ताओं की बैठक को संबोधित करते जिला जज दिनेश चंद्र।

**अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 मार्च जिला न्यायालय में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के परिप्रेक्ष्य में न्यायाधीश दिनेश चन्द की अध्यक्षता में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ बैठक का आयोजन नवीन प्रशासनिक भवन में किया गया।

उन्होंने बताया कि 5 से 7 मार्च तक पिटी अफेन्स के वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संबंधित वादों का निस्तारण सुलह-समझौता के माध्यम से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 9 मार्च की राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पिटीशन, दीवानी वाद, वैवाहिक वाद, फौजदारी के कम्पाउन्डेबल समेत विभिन्न वादों का सुलह के आधार पर किया जाएगा। बैठक में अनिल कुमार शुक्ल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत कई न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन मामलों में अर्थदंड की सजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लंबित मुकदमों के निस्तारण के क्रम में शुक्रवार को विभिन्न अदालतों ने अर्थदंड व न्यायालय उठने की सजा के साथ तीन मामलों का निस्तारण किया। इसमें नगर कोतवाली में महिलाओं से अश्लीलता करने के आरोपर पल्हरी चौराहा निवासी सगीर को पांच सौ रुपये जुर्माना और न्यायालय उठने तक की सजा से दण्डित किया गया। मोहम्मदपुर खाला थाने में मारपीट के मामले में मुस्तकीम व अकबरी खातून को 600-600 रुपये जुर्माना व न्यायालय उठने तक की सजा दी। रामसनेहीघाट में पेड़ों को काटने के दोषी हरि बहादुर सिंह को दो हजार रुपये अर्थदंड और न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई।

# 427 ग्राम स्मैक के साथ चार गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** स्मैक तैयार कर आसपास के जनपदों में तस्करी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को देवा कोतवाली पुलिस की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 427 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

मादक पदार्थो की तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को देवा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय की टीम ने स्मैक तैयार कर आस-पास के जिलों में तस्करी करने वाले गिरोह के जैदपुर थाने के टिकरा उस्मा निवासी इकरार व मो. अंसार, कोठी थाने के चियारा मजरे सुहावा निवासी समर सिंह और सोनू को गिरफ्तार किया। इनके पास से 427 ग्राम स्मैक, एक कार व बाइक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी अंसार स्वयं स्मैक बनाता है। उसके बाद अपने साथियों के माध्यम से उसे आस-पास के जिलों में बेचता है।

## सार-संक्षेप

### खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं पर्व



शान्ति समिति की बैठक को संबोधित करते ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगतसांई।

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** त्योहार हमारे लिये खुशियों का पैगाम लेकर आते हैं। जिन्हे हमें सादगी के साथ मनाना चाहिये। अराजकतत्वों द्वारा माहौल खराब करने का प्रयास किया जाता है, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। जिससे समय रहते समस्या का समाधान किया जा सके। ये विचार शुक्रवार को फतेहपुर कोतवाली परिसर में आयोजित शान्ति समिति की बैठक के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर . जगतसांई ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायतों में साफ सफाई का विशेष ध्यान दें। इस दौरान सीओ जगतराम कनौजिया ने कहा कि आगामी शिवरात्रि, रमजान व होली शांति के साथ मनाएं। इस मौके पर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, कोतवाल डीके सिंह, डॉ. समर सिंह, मौलाना नजीब कासमी, निजामुद्दीन, बलराज यादव, रविन्द्र वर्मा, राहिल, डॉ. जमाल, शाकिर हसनी बहलीमी, यशवन्त सिंह आदि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : सीओ

**मसौली,बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को लेकर शुक्रवार को मसौली थाने में शांति समिति की बैठक सीओ आलोक पाठक की अध्यक्षता में हुई। सीओ ने कहा कि त्योहार खुशी व प्रेम के प्रतीक होते हैं। सभी को आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने चाहिए। त्योहार पर कोई नई परंपरा न शुरू करें। होली पर निकलने वाले जुलूस में निर्धारित मार्गों का ही प्रयोग करे। शराब का सेवन कर हुडदंग करने वालों पर कार्रवाई होगी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अरूण प्रताप सिंह, शमसाद अहमद, विभूति कुमार द्विवेदी, कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार सिंह, राकेश कुमार, प्रधान रंजीत कुमार, नफीस अंसारी, मनोज कुमार, अनीस, सुरेन्द्र वर्मा, प्रेमनन्द वर्मा, नीरज कुमार, वसीम अंसारी, अफजाल, हाजी वसीम, श्रीकांत, विशाल द्विवेदी, राम सिंह, अली वारिस समेत कस्बे के संभ्रांतजन आदि मौजूद रहे।

### संघर्ष के बिना जीवन में नहीं मिलती सफलता

**फतेहपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** स्थानीय तहसील में तैनात रजिस्ट्रार कानूनगो अयोध्या प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर तहसील सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर . जगतसांई ने कहा कि जीवन में संघर्ष करना पडता है। संघर्ष करने के साथ साथ अपने दायित्वों का जो निर्वहन करे उसे सफलता अवश्य मिलती है। अपने कार्य व्यवहार में अनुशासित रहकर कार्य करने वाला व्यक्ति कभी असफल नही होता है। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सेवानिवृत्त अयोध्या प्रसाद को अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसी के साथ ही तहसील के समस्त कर्मचारियों ने पुष्प भेंटकर उनको विदाई दी। इस मौके पर तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा, नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार, रामजी द्विवेदी, कानूनगो रेहान अहमद, सुख्मीलाल, बृज किशोर श्रीवास्तव, वेदराम आदि मौजूद थे।

### छात्र के अपहरण की सूचना से मचा हड़कंप

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर से कॉलेज गए छात्र के अपहरण और फिरौती की फोन कॉल आने पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में परिजन कॉलेज पहुंचे जहां पर छात्र को सकुशल देख राहत की सांस ली। उसके बाद थाने पहुंचकर परिजनों कॉल करने वाले पर कार्रवाई की मांग की। मामला असंद्रा थाना क्षेत्र का है। यहां के दुल्लापुर गांव निवासी रामसरन का पौत्र सुभाष क्षेत्र के देवीगंज स्थित एक कॉलेज में आठवीं का छात्र है। रोज की तरह शुक्रवार की सुबह सुभाष घर से स्कूल गया था। उसके बाद घर के नंबर पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने सुभाष के अपहरण के साथ 20 हजार रुपये की फिरौती की मांग की। इसके बाद परिजन परेशान हो गए। अपहरण की खबर से मचे हड़कंप के बीच आनन-फानन परिजन कॉलेज पहुंचे। जहां पर सुभाष को सकुशल देखकर राहत की सांस ली।

### टेंट लगाते समय करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** शादी समारोह में टेंट लगाने का काम कर रहे एक मजदूर की शुक्रवार को करंट लगने से मौत हो गई। वहीं उसको बचाने दौड़ा दूसरा मजूदर झुलस गया। जिसका उपचार किया जा रहा है। मामला असन्द्रा थाना क्षेत्र के अहिरनपुरवा गांव का है। यहां पर मंसूर पुरवा गांव के शिवकेश के टेंट हाउस में काम करने वाले मजदूर सुसवाई निवासी मोतीलाल व पूरे अवस्थी निवासी गोली पहुंचे थे। जहां पर हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर दोनों मजदूर घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी बनीकोडर ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने मोतीलाल को मृत घोषित कर दिया वही दूसरे का इलाज किया जा रहा है।

# एलएलबी की परीक्षा में अब तक पकड़े गए 200 नकलची

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में चल रही कानून की परीक्षा में नकल पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिले में अब तक 200 नकलची सिर्फ एलएलबी की परीक्षा में ही पकड़े जा चुके हैं। बोर्ड परीक्षा में भी दो नकलची पकड़े जा चुके हैं। नकल रोकने के सारे दावे खोखले नजर आ रहे हैं।

सिटी लॉ कॉलेज की घटना के बाद अब टीआरसी लॉ कॉलेज में पकड़े गए 45 नकलचियों ने पूरी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। जिला और विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षाएं प्रारंभ होने से पहले ही नकल रोकने के बड़े-बड़े दावे किए थे।

परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी लगवाए गए थे। परीक्षार्थियों की सघन तलाशी का भी दावा किया जा रहा है। लेकिन नकल थम नहीं रही है। यह स्थिति सिर्फ विधि की परीक्षाओं में ही नहीं है बल्कि बोर्ड परीक्षाओं में भी धड़ल्ले से नकल हो रही है। विश्वविद्यालय और बोर्ड परीक्षाओं के सचल दल सिर्फ औपचारिकता का ही निर्वहन कर रहे हैं।

# आधा दर्जन दरोगा इधर से उधर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार की रात आधा दर्जन सब इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है।

इसमें सुबेहा थाने के एसएसआई पप्पू सिंह यादव को सफदरगंज, दरियाबाद थाने के एएसआई संतोष सिंह को एसएसआई सुबेहा, जहांगीराबाद थाने के दरोगा मनोज कुमार को मसौली थाने की त्रिलोकपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया।

इसी प्रकार सतरिख थाने के दरोगा चक्रपाल सिंह को जहांगीराबाद, कुर्सी थाने के दरोगा दीनानाथ को दरियाबाद और बड्डूपुर थाने के दरोगा संजय कुमार को असंद्रा थाने भेजा गया है।

# नदी में छोड़े गए घड़ियाल के 85 बच्चे

रामनगर,बाराबंकी



सरयू नदी में घड़ियाल के बच्चे छोड़ते वन विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कुकरैल पुनर्वास केंद्र लखनऊ से घड़ियाल के 85 बच्चों को शनिवार को सरयू नदी में छोड़ा गया।

घड़ियालों का नाम आते ही कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र की गेरुआ नदी का जिक्र होता है लेकिन अब सरयू नदी में भी घड़ियालों की संख्या बढ़ाने में वन विभाग जुट गया है। घड़ियाल केंद्र प्रभारी निरीक्षक हिमांशु शेखर व वन उपनिरीक्षक बृजमोहन के द्वारा घड़ियालों को शुक्रवार को सरयू नदी के तट पर लाया गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी फतेहपुर प्रमोद सिंह, इंस्पेक्टर अवनीश द्विवेदी, उप निरीक्षक तुषार कुमार, वीके जायसवाल की मौजूदगी में विशेष डिब्बों में बंद घड़ियालों को नदी में छोड़ने के लिए डिब्बा खोला गया। वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा कि घाघरा नदी में घड़ियालों की संख्या में वृद्धि करने के साथ ही नदी के पानी को स्वच्छ रखने के लिए घड़ियाल के 85 बच्चे छोड़े गए हैं।

**व्यवस्था** — आठ ब्लॉकों के दो दर्जन पंचायत भवनों में होगा निर्माण, स्वीकृति के बाद मिला बजट, ग्रामीणों को मिलेगी सुविधा

# 1.20 करोड़ से बनेंगे अतिरिक्त कक्ष, स्थापित होगी सीएससी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




पंचायत भवन की सांकेतिक फोटो।

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों को विकसित करने के साथ-साथ अब तकनीकी से जोड़ने के लिए भी प्रयास जारी हैं। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना कर ग्रामीणों को योजना का लाभ देने की व्यवस्था की गई है।

सीएससी की स्थापना के लिए पंचायत भवन में अलग से एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इसी कड़ी में अब जिले के आठ विकास खंडों के 24 ग्राम पंचायतों में बने पंचायत भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए पंचायतीराज विभाग को एक करोड़ 20 लाख रुपये की धनराशि मिली है। इसे संबंधित विभाग को आवंटित कर दिया गया है।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले शासन ने जिले के पंचायतीराज विभाग को चिह्नित दो दर्जन ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना को लेकर अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए 1.20 करोड़ रुपये का बजट बीते 23 फरवरी को भेज दिया है।

इस बजट से प्रत्येक कक्ष के निर्माण पर पांच लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी। वहीं कम्प्यूटर उपकरण, इंटरनेट, फर्नीचर आदि के लिए बजट की व्यवस्था दूसरे मद से कराई जाएगी। पंचायत भवनों में कॉमन सर्विस सेंटर शुरू होने से ग्रामीणों को योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन सहित कई अन्य जरूरी कार्य कराने के लिए ब्लॉक व शहर की ओर नहीं जाना पड़ेगा। बजट मिलने के बाद डीपीआरओ कार्यालय से पांच-पांच लाख रुपये की धनराशि संबंधित ग्राम पंचायतों को भेजी गयी है। मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में प्रभारी जिला पंचायतराज अधिकारी रामआसरे ने बताया कि शासन की ओर से बजट मिल गया है। संबंधित ग्राम पंचायतों को भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने को निर्देशित किया गया है।

### इन ग्राम पंचायतों में बनेंगे अतिरिक्त कक्ष

| ब्लॉक | ग्राम पंचायत |
|---|---|
| हैदरगढ़ | कमेला, रोहना मीरापुर, थलवारा, शरीफाबाद, उमरवल किरिसिया, चौबीसी, इस्लामपुर। |
| रामनगर | अमोलीकला, त्रिलोकपुर, अनूपगंज, सआदतगंज। |
| सिद्धौर | पड़रावां, टेड़वा और ढेड़िया। |
| बनीकोडर | छंदलवल, सादुल्लापुर, किठूरी। |
| निंदूरा | बहरौली, खिजना, दीनपनाह और बजगहनी। |
| सिरौली गौसपुर | शहरी। |
| दरियाबाद | कुशफर। |
| फतेहपुर | मिठवारा। |

# तलाक देकर विवाहिता को भगाया, केस दर्ज

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचारः** विवाहिता को उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से भगा दिया। इसके बाद मायके पहुंची विवाहिता ने पिता के साथ पहुंचकर मामले की शिकायत एसपी से की। इस पर मसौली पुलिस ने तीन तलाक का केस दर्ज किया।

मसौली थाना क्षेत्र के सहादतगंज निवासी मो. वसी अंसारी ने अपनी बेटी मिराजुल निशा का निकाह जैदपुर थाने के अहमदपुर निवासी ऐन मोहम्मद के साथ किया था। विवाह के बाद ही पति व उसके परिवारीजन उसे प्रताड़ित करते थे। सात माह पहले उसे मारपीट कर घर से तलाक देने के बात कहकर भगा दिया। उसके बाद दो-चार दिन पहले पति ने उसे तीन तलाक दे दिया।

## एक नजर

### 81 दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय ममता विद्यालय मरकामऊ बरदारी में 81 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण किए गए। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह के द्वारा 70 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल, 9 दिव्यांगों को कान की मशीन और दो दिव्यांगों को स्मार्ट केन के साथ ही 18 जोड़ी बैसाखी वितरित की गई। इस अवसर पर जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी एजाजुल हक खां, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बबलू सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### जेल भेजे गए 10 वांछित और दो वारंटी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न थानों की पुलिस टीम ने शुक्रवार को दो वारंटी और 10 वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं अलग-अलग मामलों में थाने लाए गए 22 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई के साथ पाबंद किया गया।

### जुआ खेलते समय दो लोग पकड़े गए

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे कस्बे के निवासी सोनू रावत और राजा बाबू को टिकैतनगर पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से छह सौ रुपये की नकदी बरामद की गयी। दोनों के खिलाफ पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की।

### अपहृत युवती बरामद अपहर्ता पकड़ से दूर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाने की पुलिस टीम ने अपहृत युवती को शुक्रवार को बरामद कर लिया जबकि अपहर्ता पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने बरामद युवती को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

### मौरंग लदा ट्रक पलटा बाल-बाल बचे मजदूर

**बनीकोडर,बाराबंकी, अमृतविचार :** देवीगंज सुबेहा मार्ग पर मौरंग लदा ट्रक सड़क किनारे पलट गया। इसके चलते घंटों जाम लगा रहा। हालांकि मजदूर बाल-बाल बच गए। पुलिस ने ट्रक को हटवाया। उसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

### बूथों का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** एल्गिन चरसडी बांध के समीप बसे ग्राम नैपुरा के पोलिंग बूथों का ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व उपजिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल तहसीलदार वैशाली अहलावत ने शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया।

# भक्तों की आस्था का केंद्र है 4 सौ वर्ष पुराना शिव मंदिर

**विकास पाठक, बनीकोडर, बाराबंकी**

**अमृत विचार :** रामसनेहीघाट तहसील अंतर्गत सिल्हौर गांव के निकट गोमती नदी के किनारे लालेश्वर धाम के रूप में अष्टकोणीय मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। जनमान्यताओं के अनुसार ऊंचे टीले पर स्थित मंदिर 400 वर्ष पुराना है। मंदिर में सवा फिट ऊंचा चमकदार शिवलिंग स्थित है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए आने वालों की मनोकामना पूरी होती है।


अष्टकोणीय लालेश्वर धाम मंदिर।


गर्भगृह में स्थित शिवलिंग।

मंदिर परिसर में त्रिदेव, पंचदेव, पांचों पल्लव, पंचवटी, नवग्रह वाटिका तथा 27 नक्षत्रों के वृक्षों के लिए अग्रसर है। मात्र चार वृक्ष कम हैं। इसमें कुचला, ताश, रीठा तथा चीड़ है। आश्रम के पश्चिम गोदी गिरकुटी से पूर्व जहां पाकर का तथा सामने वट वृक्ष एवं मन्दिर से पूर्व दोनों ओर फूलों से आच्छादित घाट तथा घाट पर पीपल का वृक्ष है। मंदिर के पूर्व ढाल पर शंकर सगरा एवं दक्षिण में कगार पर ब्यास मंच तथा पर्णकुटी स्थित है। मंदिर के पूर्व एक किलोमीटर पर रामघाट तथा रामगढ़ जो राम वनगमन का द्वितीय पड़ाव है। मंदिर से नदी किनारे दक्षिण राजघाट एवं राजारमन का स्थान है।

**मन्दिर के पुजारी:** इस मंदिर के प्रथम पुजारी गोंदी गिरी थे, मंदिर में जो भी चढ़ावा या भोग लगता है आज भी इनके वंशज वीरेंद्र कुमार गोस्वामी, रघुवीर दास लेते हैं। मंदिर की देखभाल गांव के निवासी 70 वर्षीय हरिशंकर तिवारी करते हैं। मंदिर के निर्माणकर्ता लाल बाबा पांडेय जिनकी कोई संतान नहीं थी, उनके सगे भाई जुड़ावन के वंशज जिनका नाम राकेश पांडेय है आज भी प्रतिदिन मंदिर में आते हैं।

गांव के ही उदय नारायण, अमरनाथ, जवाहरलाल मंदिर में सहयोग करते हैं। सेना के जवान रामू तिवारी व अनु तिवारी का मंदिर के सौंदर्यीकरण में मुख्य योगदान रहा। मंदिर पहले जंगल मे स्थापित था।

सन् 1992 में ऊर्जा मंत्री रहे बैजनाथ रावत ने यहां बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करायी। वहीं 2003 में ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने मंदिर से घाट तक खड़ंजा लगवाया।

#### चमकता नजर आता है शिवलिंग

लगभग 400 वर्ष पूर्व गांव के जमींदार व व्यापारी लाल पांडेय जो कि शिवभक्त थे। उन्होंने मन्दिर की स्थापना की थी। शिवलिंग चमकता नजर आता है। शिवलिंग का जिक्र मानस में भी है कि जब श्रीराम वन के लिए निकले तो उनके साथ अयोध्या की जनता भी निकल पड़ी थी। रात्रि विश्राम के बाद श्रीराम ने सुबह यहां शिवलिंग की पूजा की थी।

## सार-संक्षेप

### किशोरियों को सामाजिक भ्रांतियों के बार में किया जागरूक


सीएचसी जाटा बरौली में किशोरियों को संबोधित करतीं डॉ. प्रज्ञा।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जाटा बरौली में हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वात्सल्य संस्था के उजास कार्यक्रम आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुलदीप मौर्या, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी दीवान, पुष्पेंद्र, बरौली ग्राम प्रधान चंद्र प्रकाश वर्मा से साथ साथ बंकी ब्लॉक के 20 ग्राम पंचायतों किशोरियां एवं महिलाएं उपस्थित थीं। महिलाओं एवं किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। नीलिमा गुप्ताने मानसिक बदलाव के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। काउंसलर मोनिका द्वारा माहवारी सामाजिक भ्रांतियों पर बातचीत की गई। डॉ..प्रज्ञा द्वारा महिलाओं और किशोरियों की काउंसलिंग कर उचित सुझाव दिए गए। प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर नीलिमा गुप्ता, स्तुति, रविकांत, अब्दुल, अमर, अनूप व रुद्रेश आदि उपस्थित रहे।

### 505 छात्र-छात्राओं को मिली स्मार्टफोन की सौगात


सीतादेवी पीजी कॉलेज में स्मार्टफोन के साथ छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी, अमृत विचार :** सीतादेवी पीजी कॉलेज पारिजात धाम बरोलिया में महाविद्यालय के सरंक्षक अवधेश शुक्ला ने 505 छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित कियो। निदेशक अभिषेक शुक्ला, रामलखन अवस्थी,डॉ. राकेश कुमार यादव सुरेश तिवारी एवं प्राचार्या डॉ. अर्चना त्रिपाठी द्वारा यह सौगात विद्यार्थियों को दी गई। सरंक्षक अवधेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे स्मार्ट फोन का सभी पढाई में इस्तेमाल करें। इस मौके पर पंकज शुक्ला, पंकज तिवारी अनिरुद्ध अवस्थी सहित समस्त प्राध्यापक एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

### करंट की चपेट में आने से संविदाकर्मी झुलसा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** लालपुर गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलते समय करंट की चपेट मे आने से संविदा कर्मी गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सीएचसी बनीकोडर में भर्ती कराया गया।हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। ग्राम लालूपुर में शटडाउन लेकर खराब ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य चल रहा था। इसी बीच लाइन को जोड़ दिया गया जिससे करंट की चपेट में आने से पोल पर चढ़कर काम कर रहा संविदा कर्मचारी राम सुमिरन (50) निवासी मोहद्दीपुर थाना सफदरजंग झुलसकर नीचे गिरकर घायल हो गया।

# देश की तस्वीर बदलने की गारंटी हैं मोदी : सिंह

## जीआईसी ऑडिटोरियम में भाजपा का बूथ प्रवासी सम्मेलन आयोजित

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


भाजपा के बूथ प्रवासी सम्मेलन का उद्घाटन करते जिला प्रभारी अवनीश सिंह।

**अमृत विचार :** एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की तस्वीर बदलने की गारंटी हैं।

जिला प्रभारी शुक्रवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित भाजपा के बूथ प्रवासी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपनी नीति और नीयत से समाज के अंतिम जन को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा है। खाद्य रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत बीते एक दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने भी संबोधित किया। जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने अतिथियों का स्वागत किया।लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्र, विजय आनंद वाजपेयी, जिपं अध्यक्ष राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह,विधायक दिनेश रावत, शरद अवस्थी, बैजनाथ रावत, सुधीर कुमार, अवधेश श्रीवास्तव, ब्रजेश रावत, नवीन राठौर, विवेक वर्मा, आशुतोष अवस्थी,रामेश्वरी त्रिवेदी,रोहित सिंह,संदीप गुप्ता, गुरुशरण, लल्लू रावत आदि थे।

# ताला खोलते समय छात्रा पर गिरा विद्यालय का गेट

**हादसा**

▶▶ **औलियापुर की घटना, छात्रा के सिर पर आयी चोट**

**फतेहपुर,बाराबंकी**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के औलियापुर प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार सुबह बच्चे स्कूल खोलने गए थे। इस दौरान अचानक विद्यालय का गेट गिर जाने से छह वर्षीय बालिका नीचे दब कर घायल हो गई। घटना के बाद पहुंचे शिक्षक उसे फतेहपुर निजी चिकित्सक के पास ले गए। जहां उपचार के बाद बालिका को घर भेज दिया गया।

औलियापुर प्राथमिक विद्यालय में इसी गांव के सलीम की छह वर्षीया पुत्री नरगिस कक्षा दो की छात्रा है। स्कूल में हेडमास्टर रंजीता लखनऊ से आती-जाती हैं। ग्राम बछरौली की एक सहायक अध्यापक, बीबीपुर निवासी जयप्रकाश व गांव का जयचंद बतौर शिक्षा मित्र तैनात हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षामित्र द्वारा बच्चों को स्कूल खोलने के लिए चाबी दे दी जाती थी। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे छात्रा नरगिस व अन्य बच्चे स्कूल का गेट खोल रहे थे। इस दौरान अचानक गेट का एक हिस्सा दीवार से टूटकर बच्चों पर आ गिरा। इसमें दबकर नरगिस घायल हो गई। इस दौरान वहां पहुंची प्रिंसिपल रंजीता छात्रा को निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचीं। छात्रा के सिर में चोट आयी है। इस संबंध में प्रभारी एबीएसए राम नारायण ने बताया कि मामले की जांच हो रही है। रिपोर्ट बीएसए को भेजी जाएगी।


बनीकोडर में घटनास्थल की जांच करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# हादसे में तीन मौतों से मचा कोहराम

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**


बच्चियों व युवक की फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में पिता पुत्री व भतीजी की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। दुर्घटना में मां की गोद सूनी हुई तो एक की दुनिया उजड़ गई। सुहाग की मौत ने मांग सुनी की तो ढाई साल की मासूम के सिर से पिता का साया और बहन का दुलार छिन गया। परिवार को रोते-बिलखते देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गयीं। रामसनेहीघाट में शुक्रवार की सुबह स्कूल जाते समय हादसे में मृत वर्तिका अपने पिता पंकज और मां आरती की इकलौती बेटी थी। पिता कोचिंग संचालक थे। उसकी मौत ने मां की गोद सूनी कर दी। इसकी खबर से मां बदहवास हो गयी। वहीं पिता पंकज को बेटी की मौत के साथ एकमात्र सहारा भाई नीरज और भतीजी योगिता की मौत का सदमा-सा लग गया। वहीं नीरज की पत्नी रेखा गुमसुम थी। सुहाग उजड़ने से मांग सूनी हुई तो उसकी बड़ी बेटी की मौत और ढाई माह की बेटी के सिर से पिता का साया और बहन के प्यार खोने का दर्द भी साफ झलक रहा था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सालेहनगर विकास खण्ड देवा-बाराबंकी**

पत्रांक: मेमो- ग्रा0 पं0 वि0 कार्य-2023-024 दिनांक- 01/03/2024

**अल्पकालीन निविदा टेंडर**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सालेहनगर विकासखंड देवा बाराबंकी में निविदा वर्ष 2023-24 में पंचम/पन्द्रहवां वित्त योजना से निर्माण कार्य कराया जाना हैं।

**1 - छत्रपाल के घर से संजय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य**
**स्वीकृत लागत - 3.30लाख, लम्बाई- 100 मीटर**

भट्ठा ईट, इंटरलॉकिंग ईट,सीमेंट , मौरंग, बालू, लोकल बालू आदि की आपूर्ति करने हेतु बिक्री कर में पंजीकृत सप्लायर से निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है। निविदा बंद लिफाफे में स्वीकार की जाएगी। निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार प्रधान /सचिव को निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण स्व सूचित नहीं किया जायेगा। निविदा समय मात्र 15 दिन का होगा,जो 16/03/2024 को खुलेगा।

**नियम व शर्तों का विवरण निम्नवत हैं।**
(1) प्रत्येक कार्य के लिए 03 निविदाएं होना आवश्यक है।
(2) सामग्री की मात्रा / गुणवत्ता ठीक न होने पर नियमानुसार कटौती की जाएगी ।
(3) सरकारी ग्रांट आने पर भुगतान किया जाएगा।
(4) जी.एस.टी. का भुगतान जो दर से सम्मिलित है, आपूर्तिकर्ता को स्वयं जमा करना होगा तथा आयकर हेतु भुगतान से पूर्व आपूर्ति की गयी सामग्री के अनुसार जमा का चालान ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

**राजेंद्र प्रसाद** प्रधान **कमल किशोर** सचिव
ग्राम पंचायत सालेहनगर, विकास खण्ड देवा बाराबंकी


# लोकसभा चुनाव के लिए 189 सेक्टर में बंटा जिला

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में जिले को 189 सेक्टरों में बांटा गया है। हर सेक्टर में एक-एक पुलिस व प्रशासन के नामित अधिकारी को तैनात किया गया है। इस प्रकार प्रत्येक सेक्टर में एक पुलिस और एक प्रशासन का कर्मचारी सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे।

निर्वाचन से जुड़े कर्मचारियों को चुनाव की बारीकियों को बताने की तैयारी की गई है। यही वजह है कि रविवार को नामित सभी सेक्टर अफसरों को शहर से सटे हिंद मेडिकल कॉलेज के सभागार में दो सत्रों में बुलाया गया है। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहेंगे।

इसी को लेकर रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार झा और पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह की मौजूदगी में दो सत्रों में करीब 400 सेक्टर अफसरों को चुनाव से जुड़ी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा, क्योंकि चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा करते ही जिले में आचार संहिता लागू हो जाएगी। इसी के साथ सेक्टर अफसरों को मजिस्ट्रेट का अधिकार मिल जाएगा। इसके बाद चुनाव की हर गतिविधियों पर यह सेक्टर मजिस्ट्रेट बारीकी से नजर रखेंगे।

# छात्रों को सौर मंडल की दी गयी जानकारी

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार:** किड्स गैलेक्सी स्कूल में छात्रों के लिए तारामंडल शो का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने ग्रहों, अंतरिक्ष मिशन और सौर मंडल पर विभिन्न जानकारी के बारे में जाना। इसके लिए स्कूल में विशेष रूप से बनाए गए डोम तारामंडल सेटअप में विशेष स्क्रीनिंग की गई।

इस आयोजन के लिए स्कूल ने एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी के साथ समझौता किया था। इस कार्यक्रम से छात्रों को सौर मंडल की यात्रा का अनुभव हुआ। विद्यार्थियों को आगामी अंतरिक्ष मिशन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के लगभग 300 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम प्रधानाचार्या अंजुलिका वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिक्षक विकास सिंह व दुर्गेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संत ही बताते हैं शांति का रास्ता

**मसौली, बाराबंकी**



सद्गुरु विशालदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर मौजूद संत।

**अमृत विचार :** संत कबीर अध्यात्म संस्थान विशाल नगर मूंजापुर में सदगुरु विशाल देव की 48 वीं पुण्यतिथि पर संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सद्गुरु निष्ठा साहेब ने कहा कि संत और गुरुजन ही मनुष्य को शांति की राह दिखाते हैं। कबीर देव कहते हैं कि मन को ठीक रखें। जो लोग मन से चंचल होकर जितना अधिक जानने और ठीक करने की कोशिश करते है।उनका जीवन उतना ही बेचैन होता और बिगड़ता रहता है।

उन्होंने बताया कि मनुष्य मोह-माया के चुंगल से फंसा हुआ है। दिन रात मेहनत करने के बाद भी उसे सुकुन नही मिलता है। सुकून के लिए सन्तों की शरण में जाने की जरूरत पड़ती है। जिनके बताते रास्ते पर चलकर सुख-शांति एवं परमात्मा हासिल कर सकते है। इसके बाद सन्तों की आरती की गई। इसके पश्चात कोठारी परिवार अहमदाबाद द्वारा कंबल वितरण किया गया। तत्पश्चात भण्डारे का आयोजन प्रारंभ हुआ जिसमें सन्तों के बाद महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री अरुण शंकर शुक्ला, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, शान्ति साहेब,अमर साहेब,धुर्व कुमार, प्रभात दास, प्रांजल दास, ट्रस्ट अध्यक्ष आलोक दास, डॉ राम निवास कौशिक आदि थे।

**लापरवाही** विभिन्न स्थानों पर बीते 10 दिनों में दो बार पलट चुके हैं गन्ना लदे ट्रक

# धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे ओवरलोड वाहन

**सूरतगंज, बाराबंकी**


चीनी मिल की ओर जाता गन्ना लदा ओवरलोड वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके में संचालित क्रय केंद्रों से गन्ना लादकर चीनी मिल जा रहे ओवरलोड गन्ना लदे ट्रक एवं ट्राले हादसे को दावत दे रहे हैं। वाहनों में क्षमता से अधिक गन्ना लादकर ले जाया जा रहा है। सड़कों पर गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रकों का बेरोकटोक संचालन हो रहा है। जबकि, पिछले लगभग 10 दिनों में गन्ना लदे ओवरलोड दो ट्रक पलट चुके हैं। इसके बाद भी परिवहन विभाग ओवरलोडिंग पर अंकुश नही लगा पा रहा है।

चीनी मिलों में पेराई सत्र शुरू होते ही हेतमापुर-सूरतगंज मार्ग सहित इलाके की कई सड़कों पर गन्ना लदे ओवरलोड वाहन दौड़ने लगते हैं। इलाके में कई स्थानों पर गन्ना केंद्र चल रहे हैं। यहां से गन्ना ट्रकों में लादकर शुगर मिलों को पहुंचाया जाता है। ठेकेदारों द्वारा वाहनों में क्षमता से अधिक गन्ना लोड कराया जाता है। जब यह ओवरलोड वाहन सड़कों पर गुजरते हैं तो आमजनमानस पर खतरा मंडराने लगता है कि कब कहां पलट जाएं। यह ट्रक चालक जहां वाहनों में ओवरलोड गन्ना लोडकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वहीं लोगों की जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। बताते चलें कि बीते दस दिनों में हेतमापुर-सूरतगंज मार्ग पर दो स्थानों पर गन्ना लदे ओवरलोड दो ट्रक पलट चुके हैं। पहली घटना बीती 20 फरवरी को सुमली नदी पुल के पास घटी थी। जहां एक बाइक सवार की बाइक दब गई थी। वहीं बाइक सवार बाल-बाल बच गया था। दूसरी घटना बीते बुधवार को दुर्गापुर नौबस्ता के पास घटी गनीमत रही दोंनो घटनाओं में कोई हताहत नही हुआ। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# हादसे में किशोर की मौत, एक घायल

**बाराबंकी**

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा शुक्रवार को सतरिख थाना क्षेत्र में तीरगांव मार्ग पर अख्तियारपुर गांव के पास हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिवारवालों में कोहराम मच गया।

कोठी थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद गांव निवासी लायकराम निषाद (17) अपने परिचित अजय रावत (45) के साथ शुक्रवार को बाइक से रिश्तेदारी से वापस आ रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार लायक राम की मौके पर मौत हो गई। वहीं अजय गंभीर रूप ये घायल हो गया।

हादसे की खबर गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष अमर चौरसिया ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। घायल का इलाज कराया जा रहा है।


**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अविनाश मिश्रा पुत्र मदन मोहन मिश्रा ग्राम हुसेनपुर खुर्द पोस्ट अन्नापुर तहसील आलापुर थाना जहांगीरगंज जिला अंबेडकर नगर मैं जहांगीरगंज अपने निजी कार्य से गया हुआ था तभी बस में मेरा बैग छूट गया जिसमें मेरे हाई स्कूल की अंक पत्र सन 2013 अनुक्रमांक 2716096 बी.एस.सी. द्वितीय वर्षअंक पत्र सन 2018 अनुक्रमांक 17472130 कहीं वास्तव में खो गया है

**सूचना**
सूचित हो कि हम अपने पुत्र जॉन मसीह तथा पुत्रवधू नेहा दयाल के चाल चलन व व्यवहार से दुखी होकर उससे सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन से हमारा का कोई वास्ता व सरोकार न होगा। **-राकेश वयस्क पुत्र मसीह चरन, एवं शोभा वयस्क पत्नी राकेश, निवासी-133/6, देवीगंज, मजार वाली गली, पोस्ट- चकेरी एयरोड्रम, कानपुर नगर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम TASLEEM था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHD TASLEEM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHD TASLEEM S/O: SAHEEK AHMAD,VILL- SISORA SAHAMAT, POST- SISORA NASIR, LAKHIMPUR KHERI,UTTAR PRADESH-262804

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम EHSANUL HAK था अब मैने बदलकर अपना नाम AHSANUL HAQ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AHSANUL HAQ S/O: ABDUL RAHMAN, R/O: BAMBHAURA POST JARWAL ROAD TEHSIL KAISERGANJ, BAHRAICH

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2015 अनुक्रमांक- 1761629 एवं इंटरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1289096 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **-संजीव कुमार सरोज पुत्र सुरेश कुमार सरोज, ग्राम - धरमपुर, पोस्ट - हैंसी परजी, मानधाता, प्रतापगढ़**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि अनुक्रमांक नं0- 23203930/2020 **सावन्त सिंह पुत्र चन्द्र पाल सिंह, निवासी- ग्राम हिम्मापुरवा, पो0- मोहाना, तहसील- अकबरपुर, जनपद- कानपुर देहात** की हाईस्कूल मार्कशीट में त्रुटिवश माता का नाम श्रीमती अर्चना देवी अंकित हो गया है। जबकि उनका सही नाम श्रीमती हीरा मुन्नी देवी हैं तथा अन्य समस्त प्रपत्रों में हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित है। अत: मेरी माता का नाम हीरा मुन्नी देवी नाम अंकित किया जाय। - सावन्त सिंह द्वारा वर्ष 2021 में CBSE BOARD से 10th परीक्षा पास की थी। सावन्त सिंह प्राइवेट कैंडिडेट था जिसका रजि0 नं. 99999/01613 7072, व मार्कशीट सीरियल नं0 2310612 है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र कृष्णा शर्मा उर्फ राज को उसके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किसी भी कृत्य या लेन-देन से हमारी व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **घनश्याम पुत्र स्व0 राम सेवक, मूल, निवासी- ग्राम तमनपुर, पो0- सहगंवा पश्चिम, गांव- महाराजगंज, रायबरेली, उ0प्र0-229311, वर्तमान- निवासी- म0नं0-67/69, कल्लू पंडित लेन, लाल कुआं, लखनऊ**

**सूचना**
यह कि मैने शास्त्रीनगर तिर्वा मे एक आवासीय प्लाट का बैनामा दिनांक 13 जुलाई 2009 में कराया था। जिसकी पुस्तक सं0- 1,खण्ड 1391, पृष्ठ- 95-124, रजिस्ट्री क्रमांक 2761 वास्तव मे कही खो गया है। जिसे मिले वह संपर्क करे। **-अनीता देवी पत्नी सुनील कुमार शर्मा , निवासी-शास्त्रीनगर, तिर्वा, जनपद- कन्नौज**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल अनुक्रमांक 211324359 वर्ष 2021 एवं इंटरमीडिएट अनुक्रमांक 2236132674 वर्ष 2023 के अंकपत्र वास्तव में खो गये हैं। **- रोहित पाल पुत्र ब्रजेश कुमार, सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील, इटावा, आवासीय पता- मैनपुरी, रेलवे क्रासिंग के पास अड्डा जालिम इटावा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा शस्त्र लाइसेंस नंबर BML/4281 जो कि वास्तव में कहीं खो गया है। **- शिवराज सिंह पुत्र भूप सिंह, निवासी-ग्राम- बघुईया, थाना- सैफई जनपद इटावा।**

# बीडीओ ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

महराजगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** गांव की समस्या गांव में समाधान' के अंतर्गत शुक्रवार को विकास खंड की कुशमहुरा ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में प्राप्त दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। आयोजित ग्राम चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने ग्रामीणों से बात करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही आवास, पेंशन, अनुदान के अलावा पीएम किसान सम्मान निधि सहित कई योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी।

इस मौके पर एडीओ अरुण कुमार, पंचायत सचिव आदित्य कुमार, रोजगार सेवक अजय कुमार व ग्राम प्रधान रमेश कुमार मौर्य सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम चौपाल के समापन के बाद खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने कुशमहुरा ग्राम में बने गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ने बताया कि गौशाला में चारे पानी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं।

## निजी कर्मियों के खिलाफ वकीलों ने खोला मोर्चा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** गुरुवार को डलमऊ तहसील में निजी कर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता किये जाने के मामले में वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। तहसील परिसर में प्रदर्शन कर निजी कर्मियों को हटाने की मांग करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। शुक्रवार को तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए तहसील में जमे निजी कर्मियों को हटाये जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इसलिए डलमऊ तहसील के अधिवक्ताओं के समर्थन में हम लोग तहसील में तैनात निजीकर्मियों के विरुद्ध कार्यवाई किये जाने व उन्हें हटाये जाने को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर राकेश चन्द्र उपाध्याय, दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, धर्मेश पाठक, गिरीश चन्द्र द्विवेदी, अजय शुक्ला, पप्पू यादव आदि मौजूद रहे।

# मनोज पांडेय भाजपा में आते हैं तो पार्टी को मिलेगा लाभ

अशोक श्रीवास्तव, सरेनी, रायबरेली

- **ऊंचाहार विधायक के राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग के बाद गली और नुक्कड़ों में चर्चाओं का बाजार गर्म**

**अमृत विचार।** कांग्रेस का गढ़ कहे या फिर रायबरेली का गांधी परिवार से गहरा नाता, जो कुछ भी हो चुनाव आते यहां की आबोहवा बदलने लगती है। गढ़ में सेंध लगाने के लिए हर बार जोर आजमाइश होती है, लेकिन सफलता की बात करें तो अब तक सिर्फ एक बार ही मिल सकी है। उसके बाद गांधी परिवार के साथ जिले की जनता हमेशा खड़ी रही। लेकिन इस बार का माहौल बदला-बदला नजर आ रहा है। अमेठी के बाद भाजपा रायबरेली में हर हाल में कमल खिलाना चाह रही है।

यही वजह है कि राज्यसभा चुनाव में सपा विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय को अपनी ओर लाने में भाजपा सफल रही। क्रास वोटिंग के बाद माहौल काफी बिगड़ गया है। गली और नुक्कड़ों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ऊंचाहार विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के आने से कहीं ना कहीं सजातीय वोटों का लाभ भाजपा को मिलेगा।

ऊंचाहार के विधायक डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय की ओर से राज्यसभा चुनाव में की गयी क्रासवोटिंग से क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में भी सरगर्मी बढ़ा दी है। गांव की चौपालों, चौराहों में चर्चाओं का बाजार गर्म है। सपाई जहां इसे धोखा बताने से नहीं थकते तो भाजपाई खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। ज्यादातर राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इससे पार्टी ने एक तीर से कई निशाने साधे हैं। ऊंचाहार विधायक के द्वारा इस तरह के फैसले से जहां भाजपा ने राज्यसभा की एक सीट बढ़ा ली है। वहीं उन्हें अगर लोकसभा का उम्मीदवार बनाती है तो जनपद में नाराज सजातीय वोटों को अपने पक्ष में मोड़ने में सफल हो जायेगी।

राजनीतिक प्रेक्षक मानकर चल रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में इस दांव से उन्हें विजय हासिल होती है तो सोने में सुहागा होगा। लेकिन अगर गांधी परिवार के तिलिस्म को तोड़ पाने में नाकामी रहती है तो भी एक वर्ग विशेष की नाराजगी को दूर करने में कामयाब रहेगी जिसके अच्छे परिणाम भविष्य में मिल सकते हैं।

हालांकि हर कोई अपने-अपने हिसाब से कयास लगाने में मशगूल है। बहरहाल न तो अभी लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई है और न ही पार्टियों ने रायबरेली लोकसभा सीट से उम्मीदवारों की घोषणा की है, लेकिन इस क्रॉस वोटिंग से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ चुकी है। लोगों का मानना है कि रंगों के पर्व होली से पहले ऊंचाहार विधायक की ओर से चलाई गयी राजनीतिक पिचकारी के रंगों से लोग सराबोर जरूर हो गये हैं।

# बछरावां में 158 करोड़ की लागत से बनेगा बाईपास

**केंद्रीय मंत्री का ऐलान**

- **रायबरेली से लालगंज तक तीस किलोमीटर फोरलेन**
- **सड़क को छह माह में बनाने की घोषणा**

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को रायबरेली में करीब 41 सौ करोड़ की आठ बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की आबादी गांवों में रहती है और गांव के लोगों के लिए अच्छी सड़कें तक नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल स्मार्ट शहर ही नहीं, स्मार्ट गांव भी होने चाहिए। गांव समृद्ध होंगे तो युवा बाहर पलायन नहीं करेंगे। इससे पहले राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

नितिन गडकरी ने कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश सिंह ने जिले के विकास को लेकर कुछ मांगें की थीं। जिसके बाद केंद्रीय मंत्री ने मंच से उन कामों की स्वीकृति दे दी। उन्होंने रायबरेली से लखनऊ के मध्य बछरावां में 158 करोड़ की लागत से छह किलोमीटर लम्बा बाईपास, रायबरेली से लालगंज तक तीस किलोमीटर फोरलेन सड़क को छह माह में बनाने की घोषणा की। इतना ही नहीं, उन्होंने रायबरेली से लखनऊ के बीच मोहनलालगंज में करोड़ों रुपये की सौगात देते हुए बाईपास बनाने की घोषणा की। साथ ही सुल्तानपुर से लखनऊ के बीच 134 करोड़ की बनी फोरलेन सड़क में तीन बाईपास बनाने की घोषणा की।



केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह व अन्य।



बटन दबाकर परियोजनाओं की सौगात देते नितिन गडकरी। अमृत विचार

इस दौरान जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, प्रतापगढ़ के सांसद संगम लाल गुप्ता, केसरी पटेल सांसद फूलपुर, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद, सदर विधायक अदिति सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, लोकसभा प्रभारी बीरेंद्र तिवारी, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, रामलाल अकेला मौजूद रहे।

उधर, केंद्रीय मंत्री के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन बेहद संजीदा था। पुलिस लाइन से अस्पताल चौराहा होते हुए कार्यक्रम स्थल को जाने वाले मार्ग पर बड़े वाहनों को पूर्णतया बन्द किया गया था। साढ़े तीन बजे के बाद से इस रास्ते केवल जरूरी लोगों को ही निकलने दिया गया। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



जनसभा में मौजूद लोग। अमृत विचार

### रातों-रात पुलिस लाइन से अस्पताल चौराहे तक बनी सड़क

नितिन गडकरी के आने को लेकर प्रशासन किस तरीके से अपनी कमियां छुपाने की कोशिश की वह किसी से छुपा नहीं है। शुक्रवार को नितिन गडकरी के आने से पहले ही गुरुवार रात सड़कें चमाचम हो गईं। सुबह जब लोगों ने देखा तो उन्हें बड़ा आश्चर्य हो गया। लोग तो यहां तक कहने लगे की काश इसी तरह रोज नेता आते तो शहर की गलियां ठीक हो जातीं। उल्लेखनीय है कि अस्पताल जाने वाली सड़क बेहद ही खराब थी। लेकिन अब उसका उद्धार हो गया।



केंद्रीय मंत्री के आगमन पर की गई पैचिंग और पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

## जौनपुर में भी किया 19 परियोजनाओं का शिलान्यास

**जौनपुर/मिर्जापुर।** नितिन गडकरी ने जौनपुर जिले में बीआरपी इंटर कॉलेज में आयोजित एक समारोह में 10 हजार करोड़ रुपये की लागत की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए जोर देकर कहा कि स्मार्ट शहर की तर्ज पर स्मार्ट गांव भी बनाये जाने चाहिए। गडकरी ने कहा कि किसान कर्ज मुक्त होना चाहिए और उनको फसलों का उचित मूल्य मिलना चाहिए। मिर्जापुर में गडकरी ने 1708 .62 करोड़ की लागत से 15 किलोमीटर लंबे बाईपास एवं गंगा नदी सेतु और पहुंच मार्ग का शिलान्यास किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने यहां एक पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक जनसभा को भी संबोधित करते हुए अपने विभाग द्वारा किए गए कार्यों का जिक्र किया और कहा कि 'कनेक्टिविटी' विकास का आधार है और किसी भी देश के विकास में इसका बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## सार-संक्षेप

### चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

**सरेनी, रायबरेली।** लखनापुर ग्रामपंचायत में अधिकारियों ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह ने कहा कि सरकार कल्याणकरी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। पेंशन, किसान सम्मान निधि या आयुष्मान जैसी समस्याएं हैं, वे ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव व आशा बहू से सम्पर्क कर समाधान करा सकते हैं। आशा बहुओं को आयुष्मान कार्ड की जगह आशा कार्ड बनाने का अधिकार है। पंचायत सहायक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी को आश्वस्त किया कि वे हर समस्या के समाधान के लिये लोगों के साथ खड़े हैं। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री राजवती, आशा बहू आशा देवी, अर्जुन साहू, रेखा साहू, रामनारायण, गुड़िया आदि मौजूद रहे। लखनापुर के बाद खंड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में भोजपुर ग्रामपंचायत में भी चौपाल का आयोजन हुआ, जिसमें ग्राम प्रधान राजकिशोर साहू के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### प्रभारी निरीक्षक ने होमगार्ड को किया सम्मानित

**महराजगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बेहतर कार्य पर होमगार्ड माताफेर को उपहार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान फरवरी माह में ईमानदारी व निष्ठा पूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए दिया गया। इस मौके पर एसआई दिनेश गोस्वामी, अजय चौधरी, पीसी इंद्रमणि, होमगार्ड राम प्रताप, रामकुमार, लाल मोहम्मद, जगदीश गुप्ता, कमला कांत आदि लोग मौजूद रहे।



होमगार्ड को सम्मानित करते प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम।

### संत निरंकारी में सेवा दल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**जगतपुर, रायबरेली।** संत निरंकारी सत्संग भवन में सेवा दल का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कैंप की अध्यक्षता डॉ . जेएस बिंद्रा ने किया। संत निरंकारी मंडल सेवा द्वारा सेवा दल के साथियों को शारीरिक प्रशिक्षण के साथ आध्यात्मिक जागृत का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही समाज में विश्व बंधुत्व की भावना स्थापना करते हुए समाज को सुंदर बनाने की प्रार्थना की गई है। ज्ञान प्रचारक महात्मा बसंत लाल ने आए हुए सभी साध संतों का आभार व्यक्त किया है और बताया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा लगातार इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे है। इस मौके पर सुरेंद्र, अजय गुप्ता, हरिवंश आदि साध संगत मौजूद रहे।

### चोरी के सामान सहित एक गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बछरावां पुलिस टीम ने स्थानीय थाने पर संबंधित धाराओं में पंजीकृत अभियोग के अंतर्गत वांछित अभियुक्त कुलदीप पुत्र राम आधार निवासी किला मोहल्ला कस्बा थाना बछरावां को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का सामान भी बरामद किया है। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### भाजपा युवा चौपाल में जीत का भरा दम

**बछरावा, रायबरेली।** बछरावा मंडल की ग्राम पंचायत खैरहनी में भाजयुमो द्वारा नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा चौपाल को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष निखिल पांडे ने कहा कि आज संपूर्ण देश लगातार तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने के संकल्प को लेकर बैठा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार बनने जा रही है। इसलिए हम लोगों को भी संकल्प लेना चाहिए कि रायबरेली में भी इस बार कमल खिलेगा और आने वाले समय में जनपद का और अधिक विकास हो सके। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि शिवम मिश्रा मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, कार्यक्रम संयोजक दिव्यांशु जायसवाल, लकी शुक्ला, यश बाजपेई, अर्नव अवस्थी, आर्यन मिश्रा, मृत्युंजय दीक्षित, अनिकेत कुमार आदि मौजूद रहे।



जिलाध्यक्ष निखिल पांडे को सम्मानित करते भाजपाई।

### अपर्णा के पति प्रतीक ने दो बीघा जमीन का कराया इकरारनामा

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा नेता अपर्णा विष्ठ यादव के पति प्रतीक यादव ने महराजगंज स्थित उपनिबंधन कार्यालय में दो बीघे भूमि का इकरार नामा कराया है। इसके पहले भी उन्होंने ने बछरावां क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित नीमटीकर गांव में 16 बीघे भूमि खरीदी थी। उसी के बगल स्थित दो बीघे रकबे वाले गाटे का एक किसान से उन्होंने इकरार नामा कराया है। अब उनके पास कुल 18 बीघे भूमि हो गई है। उपनिबंधन कार्यालय में प्रतीक यादव के पहुंचने की जानकारी होते ही उनके कई समर्थक उनसे मिलने पहुंच गए। लोगों से बात करते हुए प्रतीत यादव ने बताया कि औद्योगिक विकास के उद्देश्य से उन्होंने तैयारियां की हैं। उपनिबंधन अधिकारी सुधा यादव ने बताया कि प्रतीक यादव ने नीम टीकर के एक किसान से दो बीघे भूमि का इकरार नामा कराया है।

### नुक्कड़ नाटक कर डायल 112 के गिनाए लाभ



नुक्कड़ नाटक से जागरूक करते कलाकार।

**डलमऊ, रायबरेली।** सूचना कार्यालय लखनऊ के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक से डायल 112 पुलिस की सुविधाओं का लाभ के बारे में लोगों को जागरूक किया। साथ ही इसकी उपयोगिता के बारे में नाटक और गीतों के माध्यम से लोगों को बताया। शुक्रवार को डलमऊ तहसील परिसर में सूचना कार्यालय लखनऊ के कलाकार मोनू शर्मा टीम के साथ गीत और संगीत और नुक्कड़ नाटक के जरिए उत्तर प्रदेश सरकार की डायल 112 पुलिस की उपयोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के अनियमिताओं और घटनाओं और छेड़छाड़ आदि की घटना के साथ दुर्घटना दैवी आपदा के समय 112 पर फोन कर इसका उपयोग किया जा सकता है। बताया कि सूचना मिलने के कुछ ही समय बाद डायल पुलिस मौके पर मौजूद होकर समस्याओं का निराकरण करने लगती है। कलाकारों की टीम द्वारा नाटक के जरिए लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस मौके पर टीम के सोनी शर्मा, रितिक मुखर्जी, साजिद शाह, कबीर खान आदि मौजूद रहे।

# लाभार्थियों तक घर-घर पहुंच रहे भाजपाई

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों तक पहुंचाने की योजना बनाई गई है। शुक्रवार को प्रदेश महामंत्री और लाभार्थी अभियान के प्रदेश संयोजक गोविंद नारायण शुक्ला ने कार्यकर्ताओं से वर्चुअल बैठक करते हुए तीन मार्च तक विशेष अभियान चलाने का आह्वान किया है। हर हाल में प्रत्येक कार्यकर्ता को लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया है।

उन्होंने कहा कि यह अभियान हर हाल में पांच मार्च तक पूरा करना है। इसके अलावा अभियान के दौरान बूथ समिति की बैठक और पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति के लिए भी खासतौर से प्रेरित किया है। प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे हिंदुस्तान में चारों तरफ लोग मोटी मोदी रट रहे हैं। जरूरत इस बात की है कि इस सुनहरे अवसर पर हम पार्टी संगठन को भी मजबूत करने की दिशा में जुट जाए। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी खुद से 370 सीटों के पार पहुंच रही है और एनडीए को मिलाकर हम 400 सीटों के ऊपर निकल जाएंगे। प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हम सबको संगठन का दायित्व मिला है।

वर्चुअल बैठक में भाजपा के मंडल अध्यक्ष से लेकर ऊपर तक के कार्यकर्ता जुड़े रहे। वर्चुअल बैठक में लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी, लोकसभा संयोजक रामदेव पाल, जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिला संयोजक दिनेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जन्मेजय सिंह, शरद सिंह, विजय सिंह टप्पू, सरोज गौतम, सरेनी विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, दिवाकर मिश्रा, महेंद्र पटेल, गोविंद सविता आदि मौजूद रहे।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने जताया विरोध

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों ने डिजिटलाइजेशन व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के आवाह्न पर जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। जिला संरक्षक समर बहादुर सिंह और जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि सरकार हम लोगों पर जबरदस्ती डिजिटलाइजेशन व्यवस्था थोफ रही है।

जब तक हम लोगों की मांग को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक हम सभी शिक्षकों की तरफ से इस व्यवस्था का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि संगठनों की तरफ से लगातार संसाधनों मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक सिम डेटा समेत अन्य कोई भी संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया है। सरकार की तरफ से जबरदस्ती थोपी जा रही व्यवस्था के खिलाफ आज से जनपद के शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध शुरू कर दिए है। सभी शिक्षक पांच दिनों तक काली पट्टी बांधकर विरोध करते रहेंगे। 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद भी हम लोगों की मांग नहीं पूरी होती है, तो फिर आगे रणनीति बनाकर लखनऊ में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## नौ को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में 09 मार्च को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अन्य मामलों के साथ-साथ वाहनों के ई-चालानों का निस्तारण सुगमता से कराया जा सकता है।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार द्वारा बताया गया कि जिन व्यक्तियों के वाहनों का पुलिस अथवा यातायात पुलिस द्वारा ई-चालान किया गया है, वे सभी व्यक्ति 09 मार्च को दीवानी न्यायालय परिसर रायबरेली में आकर राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुगमता से अपने मामले का निस्तारण करा सकते है।

## मजिस्ट्रीरियल जांच: 8 तक बयान का मौका

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार उप जिला मजिस्ट्रेट महराजगंज द्वारा जनपद रायबरेली बछरावां बस स्टेशन पर 29 नवंबर 2023 को अनुबन्धित बस आलमबाग डिपो की बस से दुर्घटना के फलस्वरुप राहगीर पिताम्बर/पप्पू कटरा मोहल्ला वार्ड-4 बछरांवा की मौत हो गयी। घटना की मजिस्ट्रियल जांच उप जिला मजिस्ट्रेट महराजगंज द्वारा की जा रही है। जिसमें प्रकरण से सम्बन्धित विस्तृत जांच आख्या, मृतक का नाम तथा उसके वारिसों का नाम व पता स्पष्ट विवरण, मृतक के वारिसानों को देय आर्थिक सहायता की स्पष्ट संस्तुति तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतिलिपि।

मजिस्ट्रीरियल जांच के संबंध में संबंधित जो भी व्यक्ति अपना लिखित/मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत कराना चाहता है तो वह उप जिला मजिस्ट्रेट महराजगंज के कार्यालय कक्ष में 02 से 08 मार्च 2024 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है।

**इंतजार** छह मार्च से शुरू होगी सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

# खेल प्रतियोगिता से आधी आबादी के दिलों तक दस्तक देंगी स्मृति

परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार।** घर-गृहस्थी संभालने में जुटी ग्रामीण महिलाएं जल्द ही दौड़ लगाते नजर आएंगी। महिला सांसद खेल कूद प्रतियोगिता के बाद अब केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगी।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए केंद्रीय मंत्री घर-गृहस्थी में जुटी महिलाओं को खेल के माध्यम से प्रतिभावान बनाने के साथ ही उनके दिलों तक अपनी जगह बनाने में जुटी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कुछ दिन पूर्व ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत करने के लिए सांसद महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया था। इसके बाद फिर आधी आबादी की खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ये प्रतियोगिता 06 मार्च से संसदीय क्षेत्र के सभी विकास खंडों में शुरू होगी जिसमें 25 वर्ष से ऊपर की महिलाएं प्रतिभाग करेंगी। विजेता महिलाओं को केंद्रीय मंत्री गौरीगंज में स्वयं पुरस्कार देंगी। विजेताओं के आने-जाने की व्यवस्था उत्थान सेवा संस्थान द्वारा की जाएगी।



### विजेताओं को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

प्रतियोगिता की विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिया जायेगा। प्रथम पुरस्कार फ्रिज, द्वितीय पुरस्कार वाशिंग मशीन, तृतीय पुरस्कार कूलर व चतुर्थ पुरस्कार 47 कैशरोल रखा गया है।

> दीदी स्मृति का मानना है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने में महिलाओं की भागीदारी अहम है इसलिए सभी क्षेत्रों में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए 06 मार्च को सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन सभी 17 विकास खंडों में किया जायेगा। विजेताओं को दीदी स्मृति द्वारा आकर्षक पुरस्कार भी दिया जाएगा।
>
> -विजय गुप्ता प्रतिनिधि केंद्रीय मंत्री, स्मृति ईरानी

> खेलों के प्रति महिलाओं की रुचि बढ़ाकर उन्हें और अधिक प्रतिभावान बनाने के लिए दीदी स्मृति द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा। सलोन विधान सभा के तीनों ब्लॉक में सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा जिसमें क्षेत्र से काफी संख्या में महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।
>
> -अशोक कुमार विधायक सलोन

# एनटीपीसी में साप्ताहिक योग शिविर की शुरुआत

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित कर्मचारी विकास केंद्र की ओर से परमेश्वरी योग समिति के सहयोग से साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का विषय 'योग शिविर एवं तनाव प्रबंधन' रखा गया। शिविर का उद्देश्य योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन करना और जीवनशैली में योग को शामिल करने के महत्व से सभी को जागरूक करना है।

योग शिविर के शुभारंभ अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। ये साप्ताहिक योग शिविर कर्मचारियों व उनके परिजनों सभी के लिए आयोजित किया गया है, जिसमें विभिन्न रोगों से उपचार हेतु योग व बीमारियों से बचाव के लिए योगाभ्यास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। पहले दिन महाप्रबंधक अतुल कमलाकर देसाई, महाप्रबंधक केडी यादव, महाप्रबंधक राजेश कुमार, सहित अन्य विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारी व सीआईएसएफ कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## परीक्षा देने गया छात्र लापता

**ऊंचाहार, रायबरेली।** परीक्षा देने गया छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। युवक के पिता ने कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दी है। क्षेत्र के पीपरी मजरे छतौना मरियानी गांव निवासी रमेश कुमार का कहना है कि उनका बेटा दीपक कुमार इंटर का छात्र है। गुरुवार को घर से लक्ष्मीगंज स्थित विद्यालय में परीक्षा देने गया था, लेकिन घर वापस लौटकर नहीं आया। काफी खोजबीन के बाद भी उसके बारे मे कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। शुक्रवार को पीड़ित ने कोतवाली में गुमशुदगी की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर छात्र की तलाश की जा रही है।

# 'प्रधानमंत्री सूर्य घर' योजना को साकार करेगा डाक विभाग

विशेष खबर

▸▸ हर महीने 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त दिलाने के लिए डाकिया घर-घर करेंगे सर्वे

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बिजली के भार से परेशान लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दिया जाएगा। प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने के लिए डाक विभाग बखूबी से जिम्मेदारी उठाएगा। डाकिया घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। इसके तहत घरों में सोलर पैनल लगवाया जाएगा।

डाक विभाग ने सरकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य सदैव तत्परता से किया है। इसी क्रम में भारत सरकार की 'प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना' के अंतर्गत घरों में सोलर पैनल लगने के लिए डाक विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर सर्वे करेंगे एवं सोलर पैनल लगवाने के इच्छुक लोगों का डेटा सॉफ्टवेयर में फीड कर चिन्हित करेंगे। अधीक्षक डाकघर आरके अवस्थी ने बताया कि इस योजना के तहत अधिकतम 78,000 रुपये तक की सब्सिडी भारत सरकार द्वारा दी जाएगी, ताकि तीन किलोवाट क्षमता तक के पैनल लगवाए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि पैनल लगवाने के लिए लाभार्थी को अपनी जमीन या छत उपलब्ध करानी होगी।

डाक अधीक्षक ने बताया कि गुगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध क्यूआरटी पीएम सूर्या घर एप के माध्यम से लाभार्थियों को पंजीकृत कराना होगा। इसमें लाभार्थियों को मोबाइल नंबर एवं छह माह के अंदर का बिजली बिल का कागजात अपलोड करना होगा। सोलर रूफ टाप सिस्टम स्थापित करने की लागत राशि लाभार्थियों को जमा करनी होगी। डाक विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर इच्छुक लाभार्थियों को सॉफ्टवेयर में अंकित करेंगे एवं समस्त जरूरी कागज़ात इसी सॉफ्टवेयर में अपलोड करेंगे।

### 78 हजार रुपये की मिलेगी सब्सिडी

रायबरेली प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर सोहन लाल यादव ने बताया कि समस्त डाकिया कर्मचारी व सम्बंधित ग्रामीण डाक सेवकों को सम्बन्धित योजना के बारे में बताया जा रहा है। साथ ही उन्हें सॉफ्टवेयर की कार्यशैली सिखाई जा रही है। पोस्टमास्टर ने कहा कि योजना के तहत लोगों को भारत सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाएगी। सोलर प्लांट लगाने से लोगों को एक सीमा तक हमेशा मुफ्त बिजली का लाभ मिलता रहेगा। इसके तहत लाभार्थियों को सब्सिडी 30 हजार प्रति केवी के दर से दो केवी तक दिया जाएगा। तीन केवी या उससे अधिक केवी के सोलर पैनल प्लांट लेने पर 78 हजार रुपये तक सब्सिडी दिया जाएगा।

# सड़क हादसों में बुजुर्ग की मौत, सात घायल

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ बछरावां में नव निर्माणाधीन पुलिया के पास खाई में गिरी कार, तीन की हालत गंभीर

**अमृत विचार।** कारखाने से आटा लेने जा रहे साइकिल सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के दौरान वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने मृतक के मोबाइल फोन से दुर्घटना की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नया पुरवा गढ़ी इस्लाम नगर निवासी रघुनाथ सरोज (65) शुक्रवार की दोपहर कारखाने से आटा लेने के लिए निकला हुआ था। कालू जलालपुर चौराहे जैसे ही वृद्ध साइकिल लेकर कारखाने की तरफ मुड़ा था, तभी जौनपुर-प्रतापगढ़ राज्यमार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने वृद्ध को टक्कर मार दी। वहीं जब तक आसपास के ग्रामीण मदद के लिए घटना स्थल पर पहुंचते, तब तक वृद्ध की सांसे थम चुकी थीं। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पर चौकी इंचार्ज राहुल कुमार मिश्रा ने शव का पंचनामा भरकर अवरुद्ध मार्ग को बहाल कराया। कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वाहन की तलाश कराई जा रही है।

बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां-मौरावा मार्ग पर बिशनपुर गांव के पास नव निर्माणधीन पुलिया के पास एक स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इसमें चालक सहित चार लोग घायल हो गए। तीन की हालत गंभीर है। गुरुवार की रात करीब 11 बजे के आसपास ग्राम पंसारिया थाना बीघापुर जनपद उन्नाव निवासी तिलक चढ़ाने के लिए बछरावां आए हुए थे।

तिलक समारोह संपन्न होने के बाद वापस जाते समय जैसे ही बिशुनपुर के पास पहुंचे कि उनकी कार बनाए गए बाईपास की तरफ न जाकर सीधे पुल की तरफ चली गई। अनियंत्रित कार बनाए गए सरिया के पिलर और रोड के बीचो-बीच जाकर घुस गई। निर्माण कार्य में लगाई गई सरिया भी कार में दोनों तरफ से घुस गई। परंतु गनीमत यह रही की कार सवारों को सरिया से नुकसान नहीं पहुंचा।

घटना होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। कड़ी मशक्कत करने के बाद फंसे हुए लोगों को कार से बाहर निकाला गया। कार चालक विवेक तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी, राजकुमार तिवारी पुत्र राम रतन तिवारी निवासी नया पुरवा जनपद हरदोई एवं वेदू शुक्ला पुत्र मूल शंकर और प्रेम प्रकाश पुत्र तेज प्रकाश तिवारी निवासी रावतपुर सिकंदरपुर जनपद उन्नाव सभी को ग्रामीणों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद तीन लोगों की हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### सड़क हादसे में तीन घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कस्बे के खरौली रोड पर शुक्रवार को दो बाइकों के बीच आमने सामने से जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में एक बाइक पर सवार विक्रम और दिव्यांश निवासी पूरे जिल्ला मजरे गंगौली और दूसरे बाइक पर सवार कासिफ निवासी रेलवे कॉलोनी घायल हो गये। राहगीरों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिनका उपचार किया जा रहा है।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के हलोर बाजार में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अकबर गंज मजरे अलीपुर गांव निवासी रामपती पत्नी संतलाल ने 28 फरवरी को अपने लड़के के साथ हलोर बाजार गई थी। इसी दौरान बाइक ने उसे ठोकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद चालक बाइक लेकर फरार हो गया। गंभीर हालत में उसे शिवगढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। इलाज कराने के बाद कोतवाली पहुंची महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि महिला की तहरीर पर बाइक व चालक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## निकाय अध्यक्ष के खिलाफ सभासद ने खोला मोर्चा

**ऊंचाहार, रायबरेली।** नगर पंचायत द्वारा प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प योजना के तहत हुए निर्माण कार्य में जमकर लूट हुई है। निकाय के सभासद ने इसकी बिंदुवार शिकायत की। कार्रवाई न होने पर उसने मंडलायुक्त से जांच और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। कायाकल्प योजना के तहत ऊंचाहार नगर के प्राथमिक विद्यालय मुस्तफाबाद को शासन से लाखों रुपए स्वीकृत हुए थे। इसमें कार्यदाई संस्था नगर पंचायत को बनाया गया था। नगर के वार्ड के सभासद राज गुप्ता ने इस कार्य में जमकर लूटखसोट का आरोप लगाते हुए निकाय अध्यक्ष के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने डीएम को दिए शिकायती पत्र में कहा कि विद्यालय की बाउंड्री निर्माण में पीली ईंटें लगाई गई है। इंटरलॉकिंग में नीचे बालू के स्थान पर सिल्ट डाली गई। कमरों में टाइल्स लगाते समय मानकों को दरकिनार कर दिया। यही नहीं डीएम को शिकायती पत्र देने के बाद कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूरी होने पर अब उसने यह मामला मंडलायुक्त के समक्ष रखा है।

# पूर्व राज्यमंत्री के बेटे ने शिक्षक पर दर्ज कराया केस

खीरों, रायबरेली

▸▸ पैसा वापस मांगने पर गाली गलौज और जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार।** सेमरी चौराहे पर स्थित एक निजी विद्यालय के प्रबंधक, पूर्व राज्यमंत्री के बेटे ने रायबरेली निवासी अपने ही विद्यालय के एक शिक्षक पर पैसे लेने के बाद वापस न करने और मांगने पर गाली और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। वहीं शिक्षक ने आरोपों को निराधार और झूठा बताया है।

पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सपा नेता और पूर्व राज्यमंत्री नत्थू सिंह के बेटे ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि सेमरी चौराहे पर एसएनएस ग्लोबल स्कूल के नाम से उनका एक निजी विद्यालय संचालित है। जिसके वह प्रबंधक हैं। मकान नम्बर 16 जिला अस्पताल रायबरेली निवासी गौरव सिंह पुत्र रवीन्द्र प्रताप सिंह उनके विद्यालय में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। अपनी सेवाकाल के दौरान गौरव सिंह ने किसी काम के लिए पैसे लिए थे। कुछ दिन बाद उन्होंने विद्यालय आना बंद कर दिया। उन्होंने जब गौरव सिंह से अपना पैसा वापस मांगा तो उन्होंने वापस करने से मना करते हुए गाली और जान से मारने की धमकी दी।

उधर, शिक्षक गौरव सिंह ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बताया कि उन्होंने अपने मानदेय का पैसा लिया था। इसके अलावा उन्होंने कोई पैसा नहीं लिया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# लालगंज पुलिस ने 16 जुआरियों को दबोचा

**लालगंज, रायबरेली।** रघुनाथगंज मजरे खजुरगांव स्थित एक बाग में रात के अंधेरे में जुआ खेल रहे 16 लोगो को पुलिस ने पकड़ा है। उनके पास से 29 हजार रुपये भी बरामद किया है। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि रघुनाथगंज गांव स्थित रामदेव की बाग में जुए की अलग-अलग फड़े सजी थी।

छापा मारकर एक फड़ से खजुरगांव निवासी सधई निषाद पुत्र सुंदरलाल, मनीश पुत्र अमरीश गुप्ता, अंकित साहू पुत्र हरिशंकर, फिरोज पुत्र जब्बार, दिलीप पुत्र भगवती प्रसाद व अनिल पुत्र राजेश समेत पूरे बैसन निवासी श्रवण पुत्र गंगादयाल, रघुनाथगंज निवासी उमेश पुत्र सियाराम निर्मल, इंद्रबहादुर यादव पुत्र राधेश्याम को पकड़ा गया। जुए की फड़ से 11230 रुपये, जामा तलाशी में 4810 रुपये व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए हैं। इसी प्रकार दूसरी फड़ से रघुनाथगंज निवासी प्रदीप पुत्र रामकिशोर गोड़िया, सुरेश यादव पुत्र बचऊ, रामकुमार पुत्र कालू, खजुरगांव निवासी शहाबुद्दीन पुत्र शमी, पूरे राना निवासी प्रताप पुत्र सिद्धू, ईश्वरीगंज निवासी महेश यादव, पूरे बैसन निवासी रमन पुत्र रामनरेश को भी पकड़ा गया।

## जीवन के हर संशय का समाधान करती है राम कथा

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** छतोह ब्लॉक के ग्राम निनावां में साम्ब सदाशिव महोत्सव पर आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास धर्मेश महाराज ने कहा कि जीवन के हर संशय का समाधान श्रीराम कथा करती है। कथावाचक ने कहा कि भक्त के हृदय में भगवान आए तो आंसू आए बिना रह नहीं सकते। भगवान का सिमरण करते रहिए। हमारे हृदय में विकारों का जो खारा जल भरा है, बाहर निकलना चाहिए। कथावाचक ने आगे कहा कि माता सती ने अभिमान वश कूंभज ऋषि से श्री राम की कथा को नहीं सुना और श्रीराम पर संदेह किया। इसके बाद माता सती बिना बुलाए अपने पिता के यज्ञ में गई। भगवान शंकर का और अपना अपमान सहन नहीं कर सकी। योग अग्नि के द्वारा अपने शरीर को जलाकर भस्म कर दिया।

# निफ्ट में स्वच्छता का दिया संदेश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय फ़ैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में एक मार्च से 15 मार्च तक "स्वच्छता पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसी के तहत स्वच्छता शपथ दिलाकर पखवाड़े की शुरुआत की गयी, जिसमें संस्था के सभी संकाय सदस्य, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इस पखवाड़े के अंतर्गत निफ़्ट रायबरेली में विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओ का आयोजन किया जाएगा।



निफ्ट में स्वच्छता की शपथ लेते शिक्षक।

"स्वच्छता पखवाड़ा" के दौरान निफ़्ट संस्थान मे विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों के लिए विभिन्न विषयों जैसे, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ घर स्वच्छ देश आदि को सम्मिलित करते हुये वाद-विवाद प्रतियोगिता, स्वच्छ घर, स्वच्छ देश पर नाटक, स्वच्छ घर, स्वच्छ देश में महिलाओं का योगदान विषय पर सेमिनार, आईटी अपशिष्ट के नवाचार पर ओपन हाउस चर्चा आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी
9919792325
9415810891
हुसैनगंज चौराहे से लालकुँआ रोड, (पुल के पास) लखनऊ

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

## किशोरी के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास

**खीरों, रायबरेली।** जंगल में लकड़ी लेने गई खीरों क्षेत्र के एक गांव की एक चौदह वर्षीय किशोरी के साथ पड़ोसी गांव के दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी द्वारा शोर मचाने पर दोनों आरोपी पीड़िता को गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने पीड़िता किशोरी की दादी के शिकायती पत्र के आधार पर घटना के लगभग आठ माह बाद नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता किशोरी की दादी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि लगभग आठ माह पहले विगत 24 जून को शाम लगभग चार बजे उसकी चौदह वर्षीय पोती गांव के बाहर स्थित बेलहनी के जंगल में लकड़ी लेने गई थी। इसी दौरान जंगल में मौजूद पड़ोसी गांव एकौनी निवासी राम खेलावन और जानू ने उसकी पोती के साथ जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया था।

# फाइनल में डीह की टीम बनी चैंपियन

छतोह, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन तहसील के ब्लॉक डीह की ग्राम पंचायत बिरनावा में पारस्परिक सहयोग से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में डीह की टीम ने टेकारी को शिकस्त दिया। इससे पहले डीह की टीम ने कप्तान प्रयाग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों के मैच में 164 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए अंकित पांडेय के नेतृत्व में टेकारी की टीम 140 रन ही बना सकी। डीह की टीम ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 24 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार डीह के कप्तान प्रयाग को दिया गया। आयोजक बलकरन, नीरज त्रिपाठी, रोबिन सिंह, फीरोज और रवींद्र ने विजेता टीम को 11 हजार रुपये और उप विजेता टीम को 5100 रुपये का पुरस्कार दिया। पूर्व प्रधान कुंवर सिंह, राजीव सिंह, हरिहर सिंह, गुड्डू सिंह, शालू सिंह, राजू अग्रहरि, मुन्ना हुसैन, हंसराज आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

# अपहरण के मामले दोषी को चार साल की कैद

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ कोर्ट ने पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

**अमृत विचार।** अमेठी जिले के जायस थाना क्षेत्र से जुड़े अपहरण के एक मामले में कोर्ट ने दोषसिद्ध होने पर आरोपी को चार साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित एफटीसी संख्या तीन के अपर सत्र न्यायाधीश विमल त्रिपाठी ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) अवधेश पांडेय के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने थाना जायस में 19 नवंबर 2009 को दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार वादी की बेटी घर पर अकेली थी। इसी दौरान पीड़िता को मुस्ताक अहमद बहला फुसलाकर साथ ले गया। पुलिस ने विवेचना के बाद मुस्ताक अहमद, समीउल्ला, मुस्तकीम, छिटई, मुन्ने, गफ्फार, मोहनलाल, राजबहादुर व नूरअली के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। ट्रायल के दौरान नूरअली की मृत्यु हो गई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर मुस्ताक को कैद और अर्थदंड की सजा सुनाई।

जनसंपर्क | भाजपा की ओर से 1 मार्च से 3 मार्च तक विशेष लाभार्थी संपर्क अभियान

# लोस प्रभारी ने लाभार्थियों की समृद्धि–मोदी की गारंटी का दिया संदेश

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में 25 फरवरी से पांच मार्च तक चल रहे लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत एक मार्च से तीन मार्च तक विशेष संपर्क अभियान प्रारंभ हुआ है। रायबरेली लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने शुक्रवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर पूर्वी मण्डल में बूथ 197 कप्तान पुरवा में विशेष अभियान का शुभारंभ करके लाभार्थियों से संपर्क किया।

इस दौरान "लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी" का स्टीकर घर पर चिपकाकर देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश पत्र सौंपते हुए टोल फ्री नंबर 9638202024 पर लाभार्थियों के मोबाइल से मिस काल कराया गया। लोकसभा प्रभारी ने सुशीला देवी, राकेश कुमार, रिंकी, सावित्री सोनकर, कान्ती देवी, उषा देवी, सोनी, दीपाली गुप्ता सहित अन्य लाभार्थियों से घर-घर संपर्क करके मोदी सरकार के 10 वर्ष की लाभकारी योजनाओं का पत्रक देकर उनके घर पर "लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी" का स्टीकर चिपकाया।



संपर्क अभियान में लाभार्थी से मिलते लोकसभा प्रभारी वीरेन्द्र तिवारी।

साथ ही भाजपा के टोल फ्री नंबर 9638202024 पर लाभार्थियों से उनके मोबाईल नंबर से मिस काल कराकर सेल्फ़ी लेकर सरल एप एवं नमो एप पर लोड कराया। लोस प्रभारी ने लाभार्थियों के साथ "फिर एक बार मोदी सरकार" एवं "अबकी बार 400 पार" और "अबकी बार रायबरेली भी पार" का नारा लगाकर रायबरेली लोस से भाजपा का सांसद जिताकर मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाने का संकल्प लिया।

उन्होंने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान में रायबरेली लोस क्षेत्र में रहने वाले सभी वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्य जिला पंचायत, ब्लाक प्रमुख, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, भाजपा के प्रदेश, क्षेत्र, जिला एवं मण्डल पदाधिकारी, मण्डल प्रवासियों को नियमित योजना बनाकर लोस क्षेत्र के सभी 1868 बूथों पर क्रमशः लाभार्थी सूची के साथ 40 लाभार्थियों से संपर्क किया। उनके घर पर "लाभार्थियों की समृद्धि-मोदी की गारंटी" का स्टीकर चिपकाकर लाभार्थी के मोबाइल से टोल फ्री नंबर पर मिस काल कराया। इस दौरान भाजपा नगर पूर्वी मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, मण्डल महामंत्री अजय सिंह"सोनू", मण्डल मंत्री अनुराग वर्मा, बूथ अध्यक्ष बाबूलाल यादव, जितेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### सर्वोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 27 को

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश सर्वोदय विद्यालय कछौना एवं चठिया धनवार शाहाबाद में शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6,7,8 एवं 9 में प्रवेश हेतु लिखित परीक्षा 27 मार्च को कराई जायेगी। उन्होने कहा है कि इच्छुक अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश हेतु संबंधित विद्यालय से प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त कर सम्पूर्ण विवरण भरकर अन्तिम तिथि 15 मार्च तक जमा करें। परीक्षा के बाद आवेदकों की सूची का प्रकाशन 20 को किया जायेगा और 27 मार्च को सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन तथा प्रवेश प्रक्रिया 31 मार्च से शुरू होगी।

### समीक्षा बैठक 5 को

**हरदोई।** जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राज्य पोषण मिशन कार्यो के नियोजन, क्रियान्वयन, निगरानी व अनुश्रवण हेतु जिला स्तरीय पोषण समिति/डिस्ट्रिक्ट कन्वर्जेन्स प्लान कमेटी/ जिला निगरानी समिति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 5 मार्च को अपरान्ह 3 बजे कलेक्टेट सभागार में होगी।

### कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**हरदोई, अमृत विचार।** गिरती कानून व्यवस्था के विरोध में कांग्रेसी जिला मुख्यालय पर शनिवार की दोपहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को एक ज्ञापन भेजा जाएगा।

### पंपिंग सेट की मशीन चोरी

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** ग्राम शाहपुर हर्रैया निवासी धनीराम ने कोतवाली में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि पंपिंग सेट की मशीन घर रखी थी, जिसे बीती रात अज्ञात चोर चुरा ले गए।

# भाजपा से टिकट के दावेदार नेतृत्व के निर्णय पर लगाए हैं टकटकी

वीरेश शुक्ला, हरदोई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में सत्तादल के टिकट को लेकर पार्टी के कई नेता जोर आजमाइश कर रहे हैं। जिले की हरदोई और मिश्रिख लोकसभा सीट से भाजपा का कौन प्रत्याशी होगा, इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। गांव से लेकर शहर तक इसी की चर्चा हो रही है कि पार्टी किस पर अपना विश्वास जताएगी।

लोकसभा चुनाव में अब कोई समय नहीं बचा है। पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा के लिए भाजपा केंद्रीय नेतृत्व दिल्ली में बैठक कर रहा है। हरदोई लोकसभा से वर्तमान सांसद जयप्रकाश टिकट के लिए पूरी दमदारी से लगे हुए हैं। गांव-गांव संकल्प यात्राओं सहित अन्य कार्यक्रमों के जरिये उनका भ्रमण काफी समय से चल रहा है। वह कई बार यहां से सांसद रह चुके हैं। सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव चंद्रप्रकाश खुद को प्रत्याशी मानकर लगातार लोगों से संपर्क कर रहे हैं। पार्टी के तमाम कार्यक्रमों में वह बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। टिकट के लिए उनकी जोर आजमाइश भी कम नहीं है।

**लोकसभा चुनाव**

- टिकट बंटवारे को लेकर केंद्रीय कमेटी की दिल्ली में हो रही बैठक

उनके पिता टीकाराम संडीला तथा भाई वीरेंद्र वर्मा विधायक रह चुके हैं। टिकट के लिए वह भी लगातार बड़े नेताओं व संघ के संपर्क में हैं। उधर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नेता पीके वर्मा भी टिकट के लिए प्रयासरत हैं। हालांकि उनकी पत्नी प्रेमावती जिला पंचायत अध्यक्ष हैं, इसलिए उनकी दावेदारी कमजोर हो रही है। पार्टी के एक पद एक व्यक्ति के नियम में उनकी प्रत्याशिता कमजोर दिख रही है। हरदोई से सांसद रहे अंशुल वर्मा भी टिकट के लिए प्रयासरत हैं। काफी समय तक भाजपा से दूर रहे। अंशुल वर्मा इन दिनों भाजपाई कार्यक्रमों में काफी सक्रिय हैं, लेकिन उनकी भाजपा से अदला बदली टिकट के रास्ते में बाधक बन सकती है।

मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद अशोक रावत पूरी दमदारी से लगे हुए हैं। उनके भाई रामपाल वर्मा बालामऊ से विधायक हैं तथा भतीजे प्रभाष सांडी क्षेत्र से विधायक हैं। अशोक रावत लगातार सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के शिविरों में शिरकत कर रहे हैं, वहीं पार्टी द्वारा चलाई जाने वाली तमाम योजनाओं से भी लोगों को रूबरू करा रहे हैं। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में हरदोई जिले के अलावा कानपुर देहात व सीतापुर में भी विधानसभाएं भी आती हैं। इस क्षेत्र में भाजपा के टिकट के लिए कई नेता प्रयासरत हैं। पूर्व सांसद अंजू बाला भी मिश्रिख क्षेत्र से मजबूत दावेदारी दिखा रही हैं। भाजपा की हाई कमेटी में बैठक में टिकट को लेकर मंथन जारी है। जिले के प्रत्याशियों के संबंध में तमाम फीड बैक लिए जा चुके हैं। टिकट वितरण पर जोरदार मंथन चल रहा है। पार्टी किस पर भरोसा जताएगी यह आने वाला समय ही बताएगा। वहीं टिकट को लेकर तमाम तरह की अटकलें जिले में लगाई जा रही है। चाय-पान की दुकानों से लेकर गांव के गलियारों तक भाजपा के टिकट को लेकर चर्चा हो रही है।

### कई दावेदारों के होली हो सकती हैं बदरंग

इस बार होली का त्योहार लोकसभा चुनाव से चंदों दिनों बाद आ रहा है। होली से पहले पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी, जिस पर पार्टी अपना भरोसा जताएगी उसकी तो होली रंग भरी होगी, लेकिन उनकी होली बदरंग हो जाएगी जो लंबे समय से खुद को प्रत्याशी बनाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। आने वाला समय ही बताएगा कि किसकी होली रंग-बिरंगी होगी और किसके चेहरे पर हवाईयां उड़ेंगी।

# गैस सिलेंडर फटने से एक की मौत व पांच लोग झुलसे

## घर में लगी आग बुझाते समय अचानक हुए धमाके से मची भगदड़, अरवल थाना क्षेत्र की घटना

हरपालपरु, हरदोई



घर में आग लगने से फटा घरेलू गैस सिलेंडर।



गांव में जांच-पड़ताल करती पुलिस व मृतक गंगागाराम (इनसेट में)

**अमृत विचार।** किसान और उसके घर वाले खेत की सिंचाई कर रहे थे, उसी बीच उसके घर में आग लग गई। इसका पता होते ही उसके पड़ोसी दौड़ पड़े। आग को काबू किया जा रहा था, उसी बीच वहां रखे गैस सिलेंडर में तेज़ आवाज़ के साथ ब्लास्ट हो गया। शुक्रवार की दोपहर हुए हादसे में एक अधेड़ पड़ोसी की मौत हो गई, जबकि 5 लोग बुरी तरह से झुलस गए। जिसमें से एक युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। जिसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है।

बताया गया है कि अरवल थाने के अदनिया गांव निवासी ब्रजलाल शुक्रवार को अपने घर वालों के साथ खेत पर सिंचाई कर रहा था। उसी बीच पड़ोसियों ने उसके घर से आग की लपटे निकलती देख उसके पड़ोसी आग पर काबू करने दौड़ पड़े। गांव निवासी गंगाराम (55), जितेंद्र (30) पुत्र कालीचरण, रवि (29) पुत्र छविनाथ, सुआलाल (30) पुत्र रामलखन, सोनेलाल (58) और जगदीश (56) आग पर काबू पाने का प्रयास करने लगे। उसी बीच ब्रजलाल के घर में रखे गैस सिलेंडर में तेज़ धमाके के साथ ब्लास्ट हो गया। इस हाद में बुरी तरह झुलसे गंगाराम की वहीं पर मौत हो गई, जबकि जितेंद्र, सुआलाल, रवि, सोनेलाल व जगदीश झुलस गए। इसका पता होते ही गांव में भगदड़ मच गई। आनन-फानन में झुलसे लोगों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां के डाक्टरों ने जितेंद्र की हालत बिगड़ती देख उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

### गैस सिलेंडर में ब्लास्ट, पक्के मकान में पड़ीं दरारें

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस अभी अदनिया गांव में हुए ब्लास्ट की छानबीन कर रही थी कि उसी बीच कछौना कोतवाली के गैसिंहपुर में गैस सिलेंडर में ज़ोरदार धमाका हो गया। हालंकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है, लेकिन जिस पक्के मकान में धमाका हुआ उसमें दरारे पड़ गई। बताया गया है कि शुक्रवार को गैसिंहपुर निवासी सत्येंद्र सिंह के मकान में रखा घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से उसमें ज़ोरदार धमाका हो गया। धमाका ऐसा कि दो किलोमीटर के दायरे में उसकी गूंज सुनाई दी। इससे सत्येंद्र के पक्के मकान दरारे पड़ गई। फिलहाल एक बड़ा हादसा टलने से लोगों ने राहत की सांस ली। सत्येंद्र सिंह गांव के बाहर रानी बाग के पास माइनर किनारे नया मकान बनाकर अकेले रहता है। जबकि उसके माता-पिता लखनऊ में है। माना जा रहा है कि अगर वहां कोई होता तो उसकी जान खतरे में पड़ने से नही बच सकती थी।

### महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** शिव विश्व कल्याण संस्थान के तत्वाधान में होने वाले आठ मार्च को बाबन चुंगी स्थित एक पैलेस में महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारी के संबंध में महाशिवरात्रि महोत्सव को भव्य और सफल बनाने के लिए एक बैठक आयोजित की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ शशिकांत भट्ट ने शिवरात्रि का त्योहार धूमधाम से मनाने की व्यवस्था पर चर्चा की। संस्थान के समस्त पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। शिवरात्रि को भक्तों द्वारा टोलियां बनाकर सत्यम शिवम सुंदरम की महिमा का गुणगान किया जाएगा। शिव अर्चना के साथ भजन कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। बैठक का संचालन प्रदेश अध्यक्ष शिवसेवक गुप्ता ने किया।

# 24 घंटे अभिलेख खंगालने के बाद जीएसटी टीम लौटी

हरदोई, अमृत विचार

प्लाईवुड फैक्ट्री में रेड के दौरान जीएसटी टीम 24 घंटे तक वहां सारे अभिलेख खंगाले। जांच के दौरान टीम के हाथ क्या लगा, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी गई है। पांच गाड़ियों से हरदोई पहुंची टीम शुक्रवार को लखनऊ रवाना हो गई। जीएसटी की रेड से कारोबारियों में खलबली मची रही।




बताते चलें कि जीएसटी टीम बुधवार को बेनीगंज कोतवाली के प्रतापनगर चौराहा ज़ाकिर हुसैन की पृलाईवुड फैक्ट्री मे रेड डाली। टीम ने वहां सारा कुछ लाक करते हुए एक-एक अभिलेख को खंगालना शुरू कर दिया। बुधवार से शुरु हुई रेड गुरुवार की रात तक जारी रही। तकरीबन 24 घंटे से भी ऊपर दस्तावेज़ और अभिलेख खंगाले जाते रहे। जीएसटी के ज्वाइंट कमिश्नर अरुण शंकर राय की अगुवाई में पहुंची टीम से जब कुछ जानने की कोशिश की गई, तो हर कोई नो कमेंट कह कर निकलता चला गया, उसके बाद सारी लग्ज़री गाड़ियां धूल उड़ाती हुई लखनऊ की तरफ रवाना हो गई। टीम के रवाना होने के बाद भी छोटा हो या बड़ा, हर एक कारोबारी में खलबली मची रही।

### व्यापारी की पुत्री ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के एक व्यापारी की पुत्री ने गुरुवार की देर शाम को घर के फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। शहर के मोहल्ला सरायथोक पश्चिमी निवासी ओमप्रकाश गुप्ता व्यापारी है। गुरुवार की देर शाम को उसकी 19 वर्षीय पुत्री अर्पिता गुप्ता ने घर के कमरे में बेड पर कुर्सी रख कर पंखे के कुंडे में अपने दुपट्टे से फांसी लगा ली। शव को लटका हुआ देख कर उसके घर वालों में चीख-पुकार मच गई। जैसा कि लोगों का कहना है कि अर्पिता ने किसी घरेलू बात से नाराज़ होकर ऐसा कदम उठाया। वहां पहुंची पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

# शादी से दो दिन पूर्व युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

हरदोई

**मचा हड़कंप**

- मनचाही लड़की से विवाह न कराए जाने से था नाराज
- गुरुवार को रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**अमृत विचार।** पुलिस ने रेलवे ट्रैक से जिस युवक का शव बरामद किया था, उसकी शिनाख्त हो गई है। युवक की शनिवार को बारात जानी थी, गुरुवार की सुबह वह अपने किसी दोस्त के साथ बाल कटिंग कराने गया हुआ था। जैसा कि बताया जा रहा है कि युवक कहीं और शादी करना चाहता था, उसी से खफा हो कर वह ट्रेन के आगे कूद पड़ा।

बताते चलें कि गुरुवार की देर शाम कोतवाली देहात पुलिस ने अनंग बेहटा के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा बराबर किया था। युवक की शिनाख्त टड़ियावां थाने के मरकहा मजरा भड़ायल निवासी सौरभ पुत्र इन्द्रपाल के रूप में की गई। घर वालों का कहना है कि बेनीगंज कोतवाली के बकहा से सौरभ की शादी तय थी, शनिवार को उसकी बारात जानी थी। घर में शादी की तैयारियां की जा रहीं थी। गुरुवार की सुबह वह अपने एक दोस्त के साथ बाल कटिंग के लिए बांधा पुलिया गया हुआ था। उसके बाद उसका कुछ नहीं पता चला। उसकी तलाश की जा रही थी, उसी बीच पुलिस ने देर शाम को हादसे की सूचना दी। सौरभ दो भाइयों में छोटा था। लोगों का कहना है कि सौरभ कहीं और शादी करना चाहता था, लेकिन घर वालों के आगे वह कुछ बोल नहीं सका और ऐसा खतरनाक फैसला कर लिया। शादी की सारी खुशियां मातम में बदल गई। उसके घर वालों की सिसकियां थमने का नाम नहीं ले रहीं है।

## सार-संक्षेप



लाभार्थी से संपर्क करते नगर अध्यक्ष। अमृत विचार

### भाजपा ने योजनाओं के लाभार्थियों से किया संपर्क

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** लाभार्थी संपर्क अभियान को गति प्रदान करना शुरू कर दिया है। पार्टी के कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर लाभार्थियों से संपर्क कर रहे हैं और सरकार द्वारा प्रदत्त सरकारी योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी भी ले रहे हैं। भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पांडे पिंटू ने लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत खेड़ा बलायकोट, खेड़ा गंजहा एवं जेर बंगला मोहल्ले में लाभार्थियों से संपर्क किया और उनसे सरकार को योजनाओं से मिले लाभ की जानकारी ली तथा अन्य योजनाओं का लाभ उठाने की अपील करते हुए केंद्र में एक बार फिर से मोदी की सरकार बनाने में सहयोग करने की अपील की। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ने कहा केंद्र में मोदी की सरकार बनाने में आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है। सरकार ने आपकी आवश्यकताओं को पूरा किया।

### ग्रामीणों को बताई भाजपा सरकार की उपलब्धियां

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** पूर्व अपर मुख्य सचिव व भाजपा नेता चंद्र प्रकाश ने क्षेत्र के कई गांव में भ्रमण कर केंद्र प्रदेश सरकारों द्वारा जनता के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही क्षेत्र के एक विद्यालय में पहुंचकर उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए उनके भविष्य के करियर प्लानिंग पर चर्चा हुई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिले के अहिरोरी ब्लाक के गांव बरुवार, महीनकुंड, गिरधारीपुर, थोक कबूलपुर और डिगिह गांव में भाजपा नेता ने भ्रमण के दौरान कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश को एक नई ऊर्जा दी है उनकी ऊर्जा से आज विश्व में भारत देश की एक अलग पहचान बनी हुई है। साथ ही उन्होंने विद्यालय में पहुंचकर बच्चों के भविष्य के बारे में चर्चा की।

### मुख्यमंत्री मिशन योजना के तहत किया जागरूक

**हरियावां, हरदोई।** मुख्यमंत्री मिशन योजना के तहत शुक्रवार को हरियावां की सदर बाजार बैंक आफ इंडिया के समीप मुख्यमंत्री मिशन योजना के तहत शांति सुरक्षा कायम रखने के लिये कार्यक्रम प्रस्तुत कर जागरूक किया गया। दर्जनो पुरुष एव महिलाएं भाग ले रहे थे। ये प्रोग्राम पीआरवी 27,28 थाना हरियावां यूपी-112 विभाग द्वारा कराया गया। पीआरवी कांस्टेबिल राहुल सिंह, रिजीव सिंह व चालक सौरभ शुक्ल की मौजूदगी मे हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन मानस मे जन जागृति पैदा करना व अराजक तत्वों से सावधान रहने की नसीहत देते हुए बताया गया कि अगर कोई अराजकता पैदा करता है तो उसकी तुरंत यूपी-112 पर काल करते हुए सूचना दे।

### फरार चल रहे दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस ने फरार चल रहे 10-10 हज़ार के दो इनामी बदमाशों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पाली पुलिस दोनों को शहर के सोल्ज़र बोर्ड चौराहे के पास से गिरफ्तार किया। उनके ऊपर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्यवाई की जा चुकी है। पाली पुलिस की टीम ने शहर कोतवाली के सोल्ज़र बोर्ड चौराहे के पास से इलाके से 10-10 हजार के इनामी दो अपराधी गिरफ्तार किए है जिनको जेल भेजा गया है। दोनों के विरुद्ध पाली थाने में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज था और दोनों काफी समय से फरार चल रहे थे जिनकी गिरफ्तारी पर एसपी की तरफ से इनाम घोषित किया गया था। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी की गाइडलाइन पर क्राइम कंट्रोल करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते फुरकान पुत्र साबिर अली निवासी मोहल्ला आबिदनगर कस्बा पाली व कस्बे के ही मोहल्ला काज़ी सराय के नाजिर अली उर्फ राजा पुत्र छोटे को शहर में सोल्ज़र बोर्ड चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। इस बारे में एसएचओ पाली अरविंद राय ने बताया कि दोनों काफी दिनों से फरार चल रहे थे। एसपी ने उन दोनों पर 10-10 हज़ार का इनाम रखा था।

### शहर में हुई चोरी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** नगर के व्यस्ततम लखनऊ मार्ग पर एक कापी-किताब की दुकान में इनवर्टर व बैट्री चुराने वालों को पुलिस ने 24 घंटे के अंदर माल सहित गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ रोड पर गौरव जायसवाल की दुकान पर बुधवार की रात चोरों ने पिछले दरवाजे से घुसकर बैट्री, इनवर्टर व किताबें चुरा लीं। नगर के भीड़ भाड़ के मुख्य इलाके से हुई इस चोरी से लोग काफी डर गए। पुलिस के लिए भी यह एक बहुत बड़ी चुनौती थी। पुलिस अधीक्षक ने चोरी के खुलासे के लिए सख्त निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अर्जुन निवासी कन्हेटा थाना शहर कोतवाली तथा शिवओम निवासी परसनी थाना टड़ियावां को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से चोरी की गई दो बैट्रियां व इनवर्टर व किताबें बरामद हुई। शिवओम मिल कालोनी के पास कबाड़ की दुकान करता है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# वैज्ञानिक प्रवृत्ति विकसित करें छात्र-छात्राएं

हरदोई

**अमृत विचार।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2024 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाविद्यालय के आडिटोरयम में पोस्टर निबन्ध एवं विज्ञान प्रदर्शनी से सम्बन्धित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम लब्धि प्राप्त नोबल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर सीवी रमन एवं उनके कृतित्य की स्मृति में आयोजित की गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नेत्रपाल सिंह एवं रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. विद्या सिंह ने मां सरस्वती की स्तुति कर प्रतियोगिता का आरम्भ किया। कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नेत्रपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक प्रवृत्ति के विकास पर जोर दिया एवं बताया कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानव जीवन की अनेक कठिनाईयों का निवारण प्रस्तुत करता है तथा जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। डा. विद्या सिंह ने नोबल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर सीवी रमन की खोज "रमन प्रभाव" का विस्तृत उल्लेख किया। यह समझाने का प्रयास किया कि रमन प्रभाव की खोज किस प्रकार वैज्ञानिक संकल्पनाओं को नया आयाम प्रदान करती है। कार्यक्रम में रसायन विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डा. शिवम मौर्य, डा.कुलदीप कुमार ने सक्रिय योगदान किया। निबंध प्रतियोगिता में तान्या मिश्रा प्रथम, तूबा निशांत दूसरे और अंशिका वाजपेई किस स्थान पर रहीं। क्विज प्रतियोगिता में आयुषी गुप्ता प्रथम, अमन श्रीवास्तव दूसरे और जुबेरिया खातून तीसरे स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान वर्मा प्रथम, अमीषा वर्मा दूसरे और कृतिका शुक्ला तीसरे स्थान पर रहीं। आज सुरक्षित उपकरणों की प्रदर्शनी में स्वाति वर्मा प्रथम, तान्या मिश्रा दूसरे और चांदनी गुप्ता तीसरे स्थान पर रहीं।




प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। अमृत विचार



### रोजगार मेले में युवाओं को बांटे गए नियुक्ति पत्र

**हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड टड़ियावां स्थित ज्ञानदीप डिग्री कालेज में शुक्रवार को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना के तहत रोजगार मेले का आयोजन हुआ। उक्त रोजगार मेले का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय की कार्य. प्राचार्या डा. सरिता पाण्डेय ने संयुक्त रूप से मां वागदेवी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पार्चन कर किया। तत्पश्चात महाविद्यालय में आईं विभिन्न कम्पनियों ने छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। जिनमें चयनित छात्र-छात्राओं को उनके नियुक्ति पत्र भी वितरित किये। रोजगार मेले में एलआईसी, यजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, फ्लिपकार्ट, एलजी इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल ग्रुप, इपिक इवेन्ट कम्पनी ने भाग लिया। इन विभिन्न कम्पनियों में महाविद्यालय से कई छात्र-छात्राओं का चयन हुआ।

# संचालन बहाल होते ही रेलगाड़ियों में सीटें हुईं फुल

हरदोई, अमृत विचार

**दिल्ली व पंजाब समेत अन्य राज्यों से आते हैं लोग**

कोहरे को लेकर बंद चल रही ट्रेनों के दोबारा पटरी पर लौटते ही ट्रेनों में लंबी-लंबी वेटिंग के साथ नो रूम यानी की वेटिंग तक रेल यात्रियों को नहीं मिल पा रही हैं। 25 मार्च को होली का त्योहार देशभर में मनाया जाएगा। ऐसे में हरदोई से होकर जाने वाली कई ट्रेनों में सीटे फुल हो चुकी हैं। यात्रियों को वेटिंग टिकट लेकर संतोष करना पड़ रहा है। वहीं कई ट्रेनों में तो कुछ तारीखों में यात्रियों को वेटिंग तक नहीं मिल पा रही है। होली के त्योहार पर दिल्ली, पंजाब, उत्तराखंड, जम्मू तवी बिहार में कार्य करने वाले लोग वापस अपने घर लौटते हैं ऐसे में लोग अपने घर वापस आने के लिए 120 दिन पहले ही ट्रेनों में आरक्षण कराते हैं। जबकि अधिकांश लोग त्योहार से कुछ महीने पहले आरक्षण कराते हैं। ट्रेनों में यात्रियों को लंबी-लंबी वेटिंग मिलने व कुछ ट्रेनों में वेटिंग भी न मिलने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेल यात्रियों की मांग है कि रेल प्रशासन हरदोई से होते जाने वाली व वह ट्रेन जिसमें लंबी वेटिंग मिल रही है उसकी क्लोन बनाकर चलाई जाए जिससे यात्रियों को राहत मिल सके।

हरदोई के रेल यात्रियों को नई दिल्ली से लखनऊ के बीच चलने वाली 12230 लखनऊ मेल में 22 और 23 मार्च को स्लीपर क्लास में वेटिंग तक नहीं मिल पा रही है जबकि 24 व 25 मार्च को यात्रियों को 50 से लेकर 100 तक वेटिंग मिल रही है, दिल्ली से मां बेला देवी प्रतापगढ़ जाने वाली 14208 पद्मावत एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 22 मार्च से लेकर 24 मार्च तक 80 से लेकर 310 वेटिंग तक मिल रही है, नई दिल्ली से चलकर वाराणसी जाने वाली 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 22 मार्च से लेकर 24 मार्च तक 109 से लेकर 189 वेटिंग तक मिल रही है, लालगढ़ से चलकर डिब्रूगढ़ जाने वाली 15910 अवध आसाम एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 22 मार्च से 24 मार्च तक 70 से 109 वेटिंग तक मिल रही है, देहरादून से चलकर वाराणसी जाने वाली 15120 जनता एक्सप्रेस में यात्रियों को स्लीपर में 22 मार्च से 24 मार्च तक 23 से लेकर 96 वेटिंग तक मिल रही है, योग नगरी ऋषिकेश से चलकर हावड़ा जाने वाली 13010 दून एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 22 मार्च से लेकर 24 मार्च तक 41 से लेकर 204 वेटिंग तक मिल रही है, चंडीगढ़ से चलकर लखनऊ जाने वाली 12232 चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 22 मार्च से लेकर 24 मार्च तक 37 से लेकर 152 वेटिंग तक मिल रही है, फिरोजपुर से चलकर धनबाद जाने वाली 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को स्लीपर में 22 मार्च को स्लीपर में वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है जबकि 23 से लेकर 24 मार्च तक रेल यात्रियों को 59 से लेकर 87 वेटिंग तक मिल रही है, जम्मू तवी से चलकर कोलकाता जाने वाली 13152 सियालदह एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 22 और 23 मार्च को स्लीपर क्लास में वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है वही 24 मार्च को रेल यात्रियों को स्लीपर में 50 वेटिंग मिल रही है, मेरठ से चलकर प्रयागराज जाने वाली 14242 नौचंदी एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 22 व 23 मार्च को 110 से 125 वेटिंग मिल रही है, चंडीगढ़ से चलकर पाटलिपुत्र जाने वाली 22356 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस में रेल यात्रियों को 22 मार्च को 120 वेटिंग मिल रही है। ट्रेनों में यात्रियों को लंबी-लंबी वेटिंग टिकट मिलने से असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रेल यात्री स्पेशल ट्रेनों के संचालन और क्लोन ट्रेनों को चलाने की मांग रेल प्रशासन से कर रहे हैं। अब देखने वाली बात यह होगी की रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए क्या कोई स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है या फिर ऐसे ही रेल यात्रियों को त्योहार पर वेटिंग टिकट लेकर ही अपने घर की ओर यात्रा करनी पड़ेगी।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** खेती-किसानी करने वाले युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों के अनुसार करीब दो साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़ गई थी। जिसके चलते वह निराश रहता था। साण्डी थाने के पितइपुरवा मजरा बिराइचमऊ निवासी संजीव (40) खेती-किसानी करता था। गुरुवार शाम उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख उसे इलाज़ के लिए बिलग्राम सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर कुछ देर तक इलाज चलने के बाद मौत हो गई। संजीव के भाई रमेश ने बताया कि करीब दो साल पहले पत्नी संजीव को छोड़कर चली गई थी, उसके कोई औलाद नहीं है। पत्नी के इस तरह छोड़ कर जाने से वह काफी हद तक परेशान रहने लगा था।

## एक नजर

### पत्नी को विदा कराने पहुंचे दामाद को साले ने पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला गढ़ी चांद खां में पत्नी को विदा करने दामाद का उसके साले और ससुर ने गाली गलौज और डंडे से पीटकर उसका स्वागत किया। कस्बे के मोहल्ला कोजई निवासी रेहान ने बताया उसकी ससुराल कस्बे के मोहल्ला गढ़ी चांद खां में है, पत्नी नूरी अपने मायके में थी। शुक्रवार को वह अपनी भाभी नसरीन पत्नी निजाकत के साथ पत्नी को विदा करवाने ससुराल गया। वहां बेवजह साले निहाल, ससुर राशिद और सास शायदा ने उन दोनों को डंडों से पीटा।

### महोत्सव कल

**रुपईडीह, गोंडा :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में कस्बा कौड़िया बाजार में जनता इंटर कॉलेज के निकट आगामी 3 मार्च को 88वां त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव होगा।

# तीन पर हत्या का केस दर्ज

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आठ माह बाद शुरू की जांच

शाहाबाद, हरदोई



**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बबुराई में बैनामा कराने के बाद एक 65 वर्षीय वृद्ध की पैसे मांगने पर हत्या कर लाश को लटका देने के आरोप में पिता और दो पुत्रों सहित तीन पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आठ माह बाद अदालत के आदेश पर शाहाबाद कोतवाली पुलिस को रिपोर्ट लिखनी पड़ी।

कमला पत्नी रामकुमार निवासी ग्राम बबुराई के अनुसार भदासी गांव के रहने वाले लाला पुत्र निक्खी ने उसके जेठ सुखपाल 65 वर्ष से खेत का बैनामा अपनी पत्नी के नाम करवा लिया और उनका डेढ़ लाख रुपया नहीं दिया। जब सुखपाल ने अपना डेढ़ लाख रुपया मांगा तो लाला ने आनाकानी की। इस पर सुखपाल ने कानूनी कार्रवाई करने की बात कही, जिससे लाला नाराज हो गया। बकौल कमला 24 जून 2023 को लाला ने अपने बेटे पंचम और मानू के साथ मिलकर उसके जेठ की हत्या कर दी और खेत में बनी मड़ैया में लटका दिया। कमला के अनुसार रात्रि 8:30 बजे उसके पति जब जेठ को खाना देने गए तो पता चला कि उसके जेठ मडैया के अंदर लटके हुए हैं। तत्काल उन्होंने परिजनों को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आत्महत्या मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमला ने शाहाबाद कोतवाली में 25 जून को सुबह आरोपियों के खिलाफ जेठ की हत्या करने की लिखित तहरीर दी परंतु शाहाबाद कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत नहीं किया। तब उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को शाम चार बजे आरोपी लाला, उसके पुत्र पंचम और मानू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया।



### परिषदीय विद्यालयों में 5वीं के बच्चों को दी गई विदाई

**हरदोई, अमृत विचार।** निजी स्कूलों में अंतिम कक्षा के बच्चों की परीक्षा से पहले विदाई समारोह का आयोजन किया जाता है, लेकिन एक परिषदीय विद्यालय में निजी स्कूल की तरह कक्षा पांच के बच्चों को समारोहपूर्वक विदाई दी गई। उपहार के साथ गुरुजनों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। विकास खंड सुरसा के प्राथमिक विद्यालय सथरी में शुक्रवार को कक्षा पांच के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिवार ने बच्चों का तिलक कर उन्हें आशीर्वाद दिया। समारोह में बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। खंड शिक्षा अधिकारी सीमा गौतम ने भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिषदीय विद्यालय में हुए ऐसे समारोह की चर्चा पूरे विकास खंड में हो रही है। बताते चलें कि अब निजी विद्यालयों की भांति कुछ परिषदीय विद्यालयों के सक्रिय शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

### श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी की टीम जीती

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला स्तरीय नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल शुक्रवार को खेले गए। प्रथम दिन सेमीफाइनल मैच श्रीश चंद्र अग्रवाल क्रिकेट अकादमी व राजा क्लब के मध्य हुआ। टॉस श्रीश चंद्र अग्रवाल अकादमी ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट खोकर 145 रन बनाए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी राजा क्लब पूरी टीम 17.5 ओवर 95 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। दूसरा दिन मैच सक्सेस क्रिकेट अकादमी तथा हरदोई स्टेडियम के मध्य हुआ। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट 115 रन बनाए। लक्ष्य को सक्सेस क्रिकेट अकादमी ने 15.5 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

# जीर्णोद्धार के बाद सीडीओ ने विद्यालय का किया उद्घाटन

हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** डीसीएम श्रीराम फाउंडेशन ने ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय जतुली के जीर्णोद्धार कराया। शुक्रवार को सीडीओ सौम्या गुरुरानी ने उसका उद्घाटन किया। सीडीओ ने बच्चो को दुलार करते हुए उन्हे मन लगा कर पढ़ने को कहा।

सीडीओ ने कहा कि सरकार बच्चो को अच्छी और बेहतर शिक्षा देने के लिए काफी गंभीर है। बच्चो के अभिभावको को चाहिए कि वे अपने बच्चो को शत-प्रतिशत स्कूल भेजें। बच्चे स्कूल पहुंच रहें है, वहां के स्टाफ से बराबर फीड बैक लेते रहें। इस दौरान फाउंडेशन के इकाई प्रमुख प्रदीप त्यागी, बीएसए विजय प्रताप सिंह, बीईओ हरियावां निधि राठौर, फाउंडेशन के पदाधिकारी, प्रधान मरई, विद्यालय प्रबंध सीमित के सभी सदस्य, स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।



जीर्णोद्धार के बाद विद्यालय का उद्घाटन करतीं सीडीओ सौम्या गुरुरानी।

# किसानों व राहगीरों के लिए मुसीबत बने छुट्टा गोवंश

मल्लावां, हरदोई

**समस्या**

- अधिकारियों की लापरवाही से लोग हो रहे परेशान

**अमृत विचार।** अन्ना जानवरों से खेतों में खड़ी गेहूं की फ़सल को बचाने को लेकर रात में किसान रत जगा करने पर विवश बने हुए है। किसान खेतों में मचान बनाकर रखवाली कर रहे ताकि मवेशी उनकी फसल न चट कर जाएं।

बताते चले कि सरकार जहां करोड़ों खर्च करने के बाद भी गौशालाओं का निर्माण कराया जहां भूसे पर हर वर्ष लाखों रूपये खर्च किया जा रहा है, लेकिन मवेशी तब भी किसानों के खेतों और सड़कों पर देखे जा सकतें है। हाल ये है कि राघौपुर रोड पर श्यामपुर के खेतोँ में किसान रात को फ़सल की रखवाली कर रहे। ज़ब किसान सुरेन्द्र, सोनू, मुरारी, सरोज से पूछा तो उनका कहना है कि अन्ना जानवरों के चलते मजबूरी में फसलों की रखवाली करनी पड़ रही है। ऐसे में दर्जनों मवेशी जत्था के साथ जरा सी देर में फ़सल चट कर जाते है। इसको लेकर किसान परेशान है। सारी रात हाथों में डंडा लेकर हांकते देखे जा सकतें। वहीं सड़कों पर मवेशी जत्थे में घूमते हैं।

# यूपी-112 के कांस्टेबल ने प्रभारी पर घूस मांगने का लगाया आरोप

हरदोई

**अमृत विचार।** यूपी-112 पीआरवी में तैनात कांस्टेबिल राहुल गौतम ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक हमराही कांस्टेबिल और यूपी-112 के प्रभारी पर उत्पीड़न करने और उससे 50 हज़ार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। वीडियो वायरल होते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मचा हुआ है। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि गजटेड आफीसर से सारे मामले की जांच होगी, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यूपी-112 की पीआरवी नंबर-2711 में तैनात कांस्टेबिल राहुल गौतम का वीडियो जिसमें वह कह रहा है कि उसे तनख्वाह के 35 हज़ार रुपये मिलते है, बहन की शादी के लिए उसने लोन लिया था, तनख्वाह से वह हर महीने 14 हज़ार रुपये ईएमआई दे रहा है, ऐसे में यूपी-112 के प्रभारी दिनेश कुमार यादव उससे 50 हज़ार रुपये मांग रहे है। राहुल का कहना है कि कांस्टेबिल सुरेश सबलोक उसे आए दिन गाली-गलौज करता हैएजब प्रभारी से उसने शिकायत की तो प्रभारी ने उल्टे उसे ही लताड़ा और नशे में होने का आरोप लगाया। लेकिन जब जांच की गई तो नशे में होने वाला आरोप झूठा निकला। राहुल का कहना है कि प्रभारी और कांस्टेबिल उसका उत्पीड़न कर रहें है, जिसकी शिकायत वह डीजीपी से करेगा। वहीं इस मामले में एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि कांस्टेबल राहुल गौतम और सुरेश सबलोक के बीच कुछ विवाद हुआ था। लेकिन रुपये मांगे जाने का आरोप काफी गंभीर हैएगजटेड आफीसर से इस सारे मामले की जांच करा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कांस्टेबल के इस तरह के आरोप लगाते हुए वायरल हुए वीडियो ने पुलिस महकमे में हड़कंप मचा कर रख दिया है।

# दलितों पर हो रहे अत्याचार पर लगाई जाए रोक : कांग्रेस

हरदोई

**अमृत विचार।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद उत्तर प्रदेश में दलितों पर हो रहे अत्याचारों पर सरकार द्वारा लगाम न लग पाने के कारण प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की मांग को लेकर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। जिलाध्यक्ष विनीत कुमार वर्मा ने रामपुर में दलितों के साथ हुई घटना पर दुखद बताया। ऐसी ही घटना कुछ दिन पूर्व में हाथरस में हुई थी। इस घटना की पुनरावृत्ति न हो। घटना की हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में एक कमेटी बनाकर निष्पक्ष जांच की जाए। दोषी लोगों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाए। पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। पीड़ित परिवार को सुरक्षा दी जाए। प्रदर्शन कार्यक्रम में एनएसयूआई राष्ट्रिय संयोजक, पीसीसी सदस्य अमलेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष, अभिनव वर्मा, प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस अजीत विशाल, जिला महासचिव हंसराज वर्मा करण, जिला महासचिव अशोक कुमार मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा से हुई कथा की शुरुआत

टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के प्राचीन शिवाला मंदिर परिसर में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री मद भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा प्राचीन शिव मंदिर से शुरू हुई, और कस्बे के विभिन्न स्थानों से होते हुए शारदा नहर पुल पर पहुंची, वहां पर आचार्य रामजी त्रिपाठी महराज ने वैदिक मंत्रोचार के पूजन अर्चन कर किया। वापस शिवाला मंदिर पहुंच कर भागवत कथा और ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई।



कलश यात्रा में परिवार सहित शामिल आयोजक पूर्व प्रधान सुभाष चन्द्र गुप्ता।

कथा का शुभारंभ करते हुए कथा व्यास मृदुलेश शास्त्री ने कहा कि श्री मद भागवत कथा, ऐसी कथा है, जो जीवन को उद्देश्य व दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत कथा होती है, इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म हो कर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि कथा को सार्थकता तभी सिद्ध होती है, जब इसे हम जीवन और व्यवहार में धारण करें। कथा के श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। इस अवसर पर आयोजक पूर्व प्रधान सुभाष चंद्र गुप्ता, पूर्व प्रधान माया गुप्ता, प्रधान रूबी गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के निवर्तमान ज़िला महामंत्री आलोक गुप्ता, टड़ियावां मण्डल के निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष महेश गुप्ता, लक्ष्मण राठौर, पप्पू श्रीवास्तव, रौनक गुप्ता शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### सांसद ने अस्पताल का किया उद्घाटन

**हरदोई, अमृत विचार।** सांसद अशोक रावत ने लोगों को सस्ता इलाज मुहैया कराते हुए सरकार की स्वास्थ सुविधाओं को गिनाया। शुक्रवार को उन्होने सण्डीला के इमलिया बाग चौराहा के पास एक निजी हस्पिटल और अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन किया। सांसद मुख्य अतिथि थे। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुनील अर्कवंशी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। सांसद ने कहा कि लोगों को अच्छी और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं दें। कार्यक्रम में कर्नल आदित्य प्रताप सिंह, डा .मनोज कुमार सिंह, डा .वीरेन्द्र सिंह, जिला अध्यक्ष धर्म सिंह अर्कवंशी, विधानसभा अध्यक्ष नीरज अर्कवंशी आदि मौजूद रहे।

### प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदक काट रहे चक्कर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** जीरो टालरेंस को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जितना कड़ाई बरत रहे हैं उतना ही तहसीलों में कार्यरत राजस्वकर्मी जीरो टालरेंस की व्यवस्था में छेद करते दिखाई दे रहे हैं। सरकार द्वारा आम जनमानस को राहत व भ्रष्टाचार को रोकने के लिए डिजिटल भारत योजना लायी गई। इस योजना के तहत आमजन के हितार्थ जारी होने वाले तमाम प्रमाण पत्र तथा आय जाति, निवास, ईडब्ल्यूएस, उत्तराधिकार आदि आनलाइन आवेदन भेजकर जारी कराने की व्यवस्था दी गई है, लेकिन राजस्व कर्मचारी "सरकार डाल-डाल तो कर्मचारी पात पात" की कहावत चरितार्थ करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आवेदक द्वारा आनलाइन किये गये आवेदनों को अपने पास लम्बित कर लेते हैं। उसके बाद आवेदक को मिलने के लिए कहकर बुलाते हैं और उनसे कुछ न कुछ रकम लेने के बाद रिपोर्ट लगा देते हैं। जो लोग पैसे देने से इन्कार कर देते हैं। उनके आवेदन खारिज कर दिये जाते हैं। ईडब्ल्यूएस के लिए तहसील शाहाबाद में पूरा भागीरथ प्रयास करना होता है। इसके बावजूद भी प्रमाण पत्र जारी होने की सम्भावना न के बराबर ही रहती है। यही नहीं राजस्वकर्मी तमाम आवेदकों को या उनके अभिभावकों के साथ अभद्रता कर उन्हें भगा देते हैं। ऐसे में अपनी बेबसी व लाचारी के चलते लोग ईडब्ल्यूएस का लाभ लेने से ही वंचित होते जा रहे हैं। शाहाबाद तहसील के तहसीलदार नरेंद्र यादव ने इस संबंध में कहा किसी भी आवेदन में आवेदक से किसी प्रकार से पैसे की मांग नहीं की जाती है। यदि कोई शिकायती आती है तो इसकी जांच कर दोषी पर कार्यवाही की जाएगी।

### भूमि बिक्री का झांसा देकर पांच लाख की धोखाधड़ी

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** ग्राम खड़ौरा थाना उमरी बेगमगंज के रहने वाले खुशीराम यादव ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि बहुवन मदार माझा कंगड़न पुरवा के रहने वाले सुनील उसके रिश्तेदार हैं। फरवरी में उससे मिलकर अपनी परेशानी व पिता की सहमति बताकर पिता के नाम की भूमि बेचने की बात कही। जिसके तहत ढाई लाख रुपये प्रति बीघा भूमि का सौदा तय हुआ और विपक्षी ने उससे कई किश्त में पाँच लाख पैतीस हजार रुपये बताए खाते पर ऑन लाइन ट्रांसफर करवा लिया। जिसके बाद जमीन बैनामा को लेकर उसके परिवार वाले टालमटोल करते रहे और भूमि बैनामा नहीं किया। न ही उसकी रकम वापस की। रकम वापसी मांगने पर विपक्षी जानमाल की धमकी दे रहे हैं। ऐसे में पीड़ित पूरी तरह से सहमे हुए हैं। इस बाबत परसपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जाँच शुरू कर दी गयी है। शीघ्र ही सारी स्थिति सामने आ जाएगी।

### कोर्ट के आदेश का पालन न होने पर डीएम से शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा न हटने पर जिलाधिकारी से शिकायत की गई है। करनैलगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहपुर निवासी साकिर हुसैन पुत्र हसन रजा ने डीएम नेहा शर्मा को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसके ग्राम पंचायत में स्थित गाटा संख्या 451 जो कि खलिहान में दर्ज है जिस पर गांव के ही चौधरी व सल्लूह पुत्रगण हमीद ने अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण कर लिए हैं। जिसकी शिकायती तहसील से लेकर जिला स्तर के अधिकारियों तक की गई लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर वह उच्च न्यायालय लखनऊ के शरण में गया। न्यायालय ने खलिहान भूमि को कब्जामुक्त कराने का आदेश दिया लेकिन आरोप है कि हल्का लेखपाल कब्जेदारों से सांठगांठ करके भूमि खाली कराने में आनाकानी कर रहे हैं। इस बाबत एसडीएम विशाल कुमार का कहना है कि प्रकरण संज्ञान में नहीं है जानकारी कर रहे हैं।

### अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट फाड़ने का आरोप

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** महिला अस्पताल का एक डॉक्टर एक बार फिर चर्चा में हैं। आरोप है कि इस बार उन्होंने एक मरीज़ का अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट सिर्फ इसलिए फाड़ दिया, क्योंकि वह उनकी बताई गई मनपसंद डायग्नोस्टिक सेंटर पर नहीं गया था। हालांकि सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जोरदार ढंग से वायरल है, लेकिन सीएमएस अब तक अनजान बने हुए हैं। बताया जा रहा है कि घटना एक दिन पुरानी है। वायरल हो चुकी वीडियो में एक शख्स अपनी पीड़ित पत्नी के साथ कैमरे पर साफ़ आरोप लगा रहा है कि किस प्रकार जिला महिला अस्पताल की एक डाक्टर ने उसकी पत्नी की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट फाड़कर फेंक दी। पति-पत्नी का दोष सिर्फ इतना था कि वो लोग डॉक्टर के बताए गए डायग्नोस्टिक सेंटर पर ना जाकर दूसरे डायग्नोस्टिक सेंटर से जांच करवा आए थे। इस संदर्भ मे पूछे जाने पर महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि उन्हें अब तक किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है, शिकायत मिलने पर इसकी जांच करवा कर कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार भी किया कि डॉ का मरीजों के प्रति व्यवहार मधुर होना चाहिए।

# खेलकूद में विजयी प्रतिभागी किए गए पुरस्कृत

हरदोई

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक मल्लावां के ग्राम पंचायत बांसा के नारायण सोनमती इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवराज सिंह बाबा व विशिष्ट अतिथि मंडल उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रबंधक अनुज कुमार व अतुल कुमार मौजूद रहे। जिसमें चार प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खो-खो की प्रतियोगिता में बॉम्बेस्टर टीम ने प्रथम व एनएसआईसी नयागांव टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कबड्डी की यूपी योद्धा टीम ने प्रथम स्थान तथा एनएसआईसी बांसा टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रस्साकशी प्रतियोगिता में दबंग टीम ने प्रथम स्थान तथा एनएसआईसी कंथरी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालीबॉल प्रतियोगिता में एससीबीओएस बालीबॉल क्लब ने प्रथम स्थान व वर्मा बालीबॉल क्लब ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विद्यालय स्टाफ, पूर्व एनवाईवी रीमा देवी व एनवाईवी सीमा देवी एवं वीरेंद्र सिंह समाजसेवी आदि लोग मौजूद रहे।



खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी विजयी प्रतिभागी प्रमाण पत्र के साथ। अमृत विचार

# बंजर भूमि पर किया जा रहा निर्माण, अफसर साधे मौन

गोंडा कार्यालय

**नाराजगी**

- तहसील तरबगंज की ग्राम पंचायत डिडसिया कला अतर सुईया का मामला

**अमृत विचार:** एक तरफ योगी सरकार भू माफियाओं पर लगातार शिकंजा कस रही है। भू माफियाओं से सरकारी जमीन खाली कराने का मिशन चल रहा है। उसके बावजूद भू माफिया हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला विकासखंड बेलसर तहसील तरबगंज के ग्राम पंचायत डिडसिया कला अतर सुईया में देखने को मिला। जहां पर बंजर की भूमि गाटा संख्या 1980 मि में गांव निवासी केदारनाथ तिवारी पुत्र स्वर्गीय आसाराम तिवारी, अमित तिवारी पुत्र जगदंबा तिवारी दबंगई के बदौलत बंजर की भूमि पर अवैध निर्माण कर रहे हैं। शिकायत के बावजूद अवैध निर्माण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इनके सामने शासन प्रशासन नतमस्तक है। उक्त जमीन का मामला तरबगंज तहसील में चल रहा है। उसके बावजूद कई शिकायत करने के बाद शासन प्रशासन मौन है। योगी प्रशासन भूमाफिया के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है उसके बावजूद उसके ही मातहथ अधिकारी, कर्मचारी सरकार के दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ नहीं छोड़ रहे हैं।

**गोरखधंधा** खनिज, राजस्व विभाग और पुलिस की मिलीभगत से चल रहा है खेल

# सख्ती बढ़ी तो खेतों में फावड़े से हो रहा खनन

शाहाबाद, हरदोई



खेतों से खनन कर ट्रैक्टर-ट्राली में ले जाई जाती मिट्टी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने सख्ती लगाई तो जेसीबी मशीन से खनन करने वाले माफिया फावड़े के सहारे मिट्टी खनन करने लगे। रात के अंधेरे में खेतों में हो रहे खनन से ग्रामीण परेशान हैं वहीं संबंधित विभाग कार्रवाई से बच रहा है।

शाहाबाद नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी माफिया पूरी पूरी रात मिट्टी का खनन करते हैं। आरोप है कि कोतवाली के ठीक सामने से ट्रैक्टर-ट्रालियां मिट्टी लादकर गुजरती हैं लेकिन पुलिस उन्हें टोकती तक नहीं। ज्यादा हंगामा बढ़ने पर कभी कभी एक दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़कर कार्रवाई की औपचारिकता निभा दी जाती है। कुछ महीने पूर्व मिट्टी खनन के कारोबार में संलिप्त मिट्टी माफिया जेसीबी मशीन के माध्यम से पूरी पूरी रात राजस्व, पुलिस विभाग तथा खनिज विभाग की मिली भगत से खनन का कारोबार करते थे। जब से सरकार ने मिट्टी खनन पर शिकंजा कसा तो मिट्टी माफियाओं ने अब फावड़ा के सहारे मिट्टी खनन का कारोबार प्रारंभ कर दिया है। मिट्टी माफिया पहले किसी किसान से उसके खेत की मिट्टी खरीदते हैं और उसी के नाम से दो ट्राली या पांच ट्राली मिट्टी खुदाई का परमिशन लेते हैं। इस परमिशन की आड़ में मिट्टी माफियाओं का खेल शुरू होता है। पूरा-पूरा दिन और रात फावड़ा के सहारे मिट्टी के कारोबार में संलिप्त यह मिट्टी माफिया मिट्टी खनन के कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। बताया जाता है मोहल्ला भुडिया निवासी एक युवक अपने को सत्ता दल का नेता बताकर खनन के इस कारोबार को अंजाम दे रहा है। यह युवक पिछले कई साल से मिट्टी खनन का कारोबार कर रहा है और इसके कई साथी इस अवैध गोरख धंधे में संलिप्त हैं जिन्होंने पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग से सांठगांठ कर रखी है। उपरोक्त मिट्टी माफिया का कहना है कि जब वह सभी विभागों को सीधे मुंह मांगी रकम दे रहा है तो खनन का कारोबार करके बाहर कमाई तो करेगा ही।

### इन गांवों में हो रहा खनन

शाहाबाद ब्लॉक के ग्राम पंचायत नरही में चक पिहानी में खनन हो चुका है अब नरहाई के पश्चिम खनन का काम चल रहा है। ग्राम मिठनापुर में सुरमा और नगला कल्लू की आराजी में युद्ध स्तर पर मिट्टी खनन का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उक्त मिट्टी माफिया उधरनपुर में भी बड़ी मात्रा में खनन कर चुके हैं।

> अगर कोई अवैध रूप से खनन कर रहा है उसकी जांच कर कर उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मिट्टी का खनन करना दंडनीय अपराध है। पकड़े जाने पर जमाने की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-अजीत कुमार सिंह,** खनिज अधिकारी

> क्षेत्र में कहीं भी मिट्टी खनन का कार्य नहीं हो रहा है, अगर कहीं पर मिट्टी खनन का अवैध कारोबार पाया जाता है तो जांच कर कर उसे पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-नरेंद्र यादव ,** तहसीलदार

# पहले दिन क्रय केंद्र पर पसरा रहा सन्नाटा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले में गेहूं खरीद को लेकर क्रय केंद्र स्थापित कर दिया गया है। मंडी में विभिन्न एजेंसियों के 11 क्रय केंद्र किसानों के गेहूं को खरीदने के लिए स्थापित किए गए हैं। गेहूं क्रय नीति के अनुसार इस बार गेहूं खरीद एक मार्च से शुरू करने का आदेश था जिसको लेकर केंद्र स्थापित कर दिए गए हैं। हालांकि अभी गेहूं खरीद की तैयारी आधा अधूरी है। बड़ी मुश्किल से क्रय केंद्र पर बैनर लगाए जा सके हैं। जिले में अभी गेहूं की फसल तैयार भी नहीं है। पहले खरीद की शुरुआत अप्रैल माह में होती थी। लेकिन इस बार 15 मार्च से गेहूं खरीद की शुरुआत का आदेश आया था।

## एक नजर

### आज मिश्रिख में शिकायत सुनेंगे डीएम

**सीतापुर।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दो मार्च दिन शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। तहसील मिश्रिख में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रस्तावित है।

### युवक ने फांसी लगाई

**सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र के सैदापुर निवासी युवक प्रवीण 22 पुत्र गंगाराम का शव उसके घर के कमरे में शुक्रवार सुबह फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना से परिजनों समेत पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने मामले की पूछताछ भी शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि युवक की शादी छः माह पूर्व हुई थी। मामले में थाना प्रभारी संदना सुरेश पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### लाभार्थियों के घर-घर जाकर किया संपर्क

**सेवता, सीतापुर, अमृत विचार।** रेउसा क्षेत्र के जहांगीराबाद मंडल मे शक्ति केंद्र सेवता के विभिन्न बूथ पर भाजयुमों के जिला सोशल मीडिया प्रभारी ज्ञानेश शुक्ला के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा लाभान्वित लाभार्थियों के घर-घर जाकर संपर्क किया और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे जानकारी दी। इस अवसर पर, महेश राजपूत, अंजय जायसवाल, सीताराम भार्गव, कन्हैया लाल बाल्मीकि, पप्पू गोस्वामी आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आठ मार्च तक मुरलीधर मंदिर पर होगा महायज्ञ

**रामपुर मथुरा।** प्रयागराज से पधारे प्रेमानंद महाराज जी ने 22 फरवरी से कथा का रसपान कराया जा रहा है। शुक्रवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया। शाम से महायज्ञ का आयोजन शुरू होगा, जो कि 8 मार्च तक मुरलीधर मंदिर पर लगातार चलता रहेगा। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं व बच्चों ने कलश यात्रा चंद्रभागा नदी से जल भरकर गुमानेश्वर मंदिर होते हुए संगत, मेन मार्केट से होते हुए पुनः वापस यज्ञ मंडप मुरलीधर मंदिर पहुंची। कथाव्यास प्रमोदानंद ने बताया कि 9 मार्च शनिवार को कन्याभोज तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से धीरेंद्र मिश्रा, लक्ष्मीकांत मौर्य, अमित यादव, प्रधान सुरजनपुर, बच्चा तिवारी, केशवम अवस्थी केशव आदि भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

### महिला आरक्षी बनीं अवर अभियंता



रीमा देवी।

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** इमलिया सुल्तानपुर थाने में महिला आरक्षी के पद पर तैनात रीमा देवी का चयन सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में अवर अभियंता (सिविल) के पद पर हुआ है। जिसका नियुक्ति पत्र जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रीमा को देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। वहीं इमलिया थाने के समस्त स्टाफ ने रीमा को बधाई दी।

## कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से हुआ स्वागत



विकास खंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत विलासपुर में आयोजित कलश यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में ग्राम प्रधान सत्यवान बंसल एवम उनकी पत्नी संगीता बंसल को पंडित धर्मेंद्र वाजपेई ने विधिवत पूजन अर्चन करवाया। पवित्र नदी सुमली से जल भरकर 151 सौभाग्यशाली महिलाएं सिर पर कलश रखकर पूरे गांव में शांति एवम सुख वैभव की कामना अनुष्ठान हेतु भ्रमण की। इस कलश यात्रा में रूपा देवी, चांदनी, मनोज कुमार, शुभम, संदीप बराती सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। रात्रि में हरिकिशन दीवाना जागरण पार्टी सीतापुर भक्तों को देवी भजनों एवम भव्य झांकियों का प्रदर्शन कर आम जनता को आनंदित करेगी।

# तुम अधूरे नहीं तुम अभागे नहीं ...

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सीता इंटर कॉलेज महमूदाबाद जूनियर वर्ग में मूर्तियों के अनावरण के मौके पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में कवियों ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम जनमानस को आनंदित किया।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवि भवानी शंकर तिवारी द्वारा मां शारदे की वंदना से किया गया। बाराबंकी से पधारे प्रसिद्ध छंदकार, ओज व शौर्य के सशक्त हस्ताक्षर राम किशोर तिवारी न पढ़ा कि 'तुम अधूरे नहीं तुम अभागे नहीं, बात इतनी सी है आप जागे नहीं,। वंदन अभिनंदन करते हैं, इस पावन परिपाटी का माथे पर चंदन करते हैं। 'महेंद्र शास्त्री सरल पर कविता पाठ करते हुए पढ़ा कि 'धन्य परिवार धन्य शास्त्री सरल, धन्य है विरल सरल सा भाई है' सुनाकर सभी को आनंदित किया। कवियित्री एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला ने मां महिमा का बखान करते हुये पढ़ा कि 'कितनी रातें की तुमने हमारे नाम पे, लक्ष्य था मेरा चली तुम हर डगर मेरे साथ में, तुमने जब खुद को मिटाया, जल के माचिस की तरह, तब जले लाखों दिए, महफिल में मेरे शान में, वीर रस के कवि रजनीश मिश्र ने पढ़ा 'बदलाव हो गया है अब उनके आचरण में, अब बाबरी समर्थक हैं राम की शरण में।

# गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, किसान की मौत

## ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर पलटा वाहन

तंबौर, सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना इलाके में रेउसा और तंबौर मार्ग गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट जाने से ट्रैक्टर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

थानगांव थाना इलाके के ग्राम सीपतपुर निवासी 40 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र रामसेवक अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना बेचने के लिए बेहटा पकौरी के मिनी चीनी मिल ले जा रहा था। बताया जाता है कि ओवरटेक करते समय अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रॉली सहित सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर सवार ओमप्रकाश की गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे तंबौर थाना प्रभारी विजयेंद्र सिंह एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर लाए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया।



हादसे के बाद सड़क किनारे पलटी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली व बिखरा पड़ा गन्ना। अमृत विचार

## सड़क पार कर रहे युवक को वाहन ने कुचला, मौत

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके में सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। हादसे में मरने वाला व्यक्ति भांजे के तिलक समारोह में आया हुआ था।

जानकारी के अनुसार, मानपुर थाना इलाके के ग्राम भिठौली मजरा सिकटिहा निवासी नन्दकिशोर पुत्र स्वर्गीय जवाहरलाल उम्र करीब 44 वर्ष गुरुवार रात करीब 8 बजे अपने भांजे के तिलक समारोह मे शामिल होने ब्लाक कसमण्डा की ग्राम पताराकलां मजरा सुकहा जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच कमलापुर इलाके में नेशनल हाईवे को पार करने के दौरान ही अज्ञात वाहन ने .उन्हे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कमलापुर पुलिस ने स्थानीय लोगो की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमण्डा भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति को चिकित्सीय परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक विधिक कार्यवाई शुरू कर दी है।

### बाइकसवार महिला की हार्ट अटैक से मौत

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** लहरपुर इलाके में शादी समारोह में जा रही बाइक सवार महिला की अचानक मौत से हड़कंप मच गया। सीएचसी ले जाने पर चिकित्सकों ने महिला की मौत की पुष्टि की। परिजन मृतका के शव को लेकर घर चले गये।

जनपद खीरी के थाना नीमगांव के बढरिया निवासी जमुना 60 वर्ष पत्नी फूलचंद लहरपुर नगर के मोहल्ला अंबर सराय निवासी राजू पुत्र द्वारिका प्रसाद के घर बृहस्पतिवार देर शाम वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थी, तभी केसरीगंज बाइपास तिराहे के निकट हार्ट अटैक आने के कारण बाइक से गिरने से उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लहरपुर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने जमुना को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया और परिजन शव को लेकर अपने गांव वापस चले गए। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी। परिजनों ने कोई भी आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया है और न ही वह शव का पीएम कराना चाहते थे।

# अपनी प्रतिभा अनुसार विकास में दें योगदान



पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री व पूर्व एमएलसी को सम्मानित करते आयोजक। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन जूनियर वर्ग हिंदी मीडियम में माता शारदे, राष्ट्रवादी कवि महेंद्र शास्त्री सरल, लक्ष्मीकांत रस्तोगी, सीता रस्तोगी की मूर्तियों का लोकार्पण पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी व पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी, मुंडा गोपाल आश्रम के पुजारी सत्यानंद महराज व महमूदाबाद की एसडीएम शिखा शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डा. अम्मार रिजवी ने कहा कि जीवन में भूलचूक से हुए पापकर्मों के लिए प्रायश्चित करना अति आवश्यक है। कार्यक्रमाध्यक्ष पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में पांच 'प' प्रयास, प्रतीक्षा, प्रार्थना, परीक्षा, परिणाम को आत्मसात करते हुए लगातार प्रयासरत होना चाहिए। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी प्रतिभा व सामर्थ्य के अनुसार देश के विकास में योगदान देना चाहिए।

# बालक के साथ कुकर्म कर हत्या करने वाला दबोचा गया

सीतापुर

फॉलोअप

- आपसी विवाद के बाद ही आरोपी ने दी थी जान से मारने की धमकी
- तिलक समारोह के दौरान खेत ले जाकर आरोपी ने घटना को दिया था अंजाम

**अमृत विचार।** हरगांव थाना इलाके में 3 दिन पूर्व हुई बालक की हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। परिजनों ने नामजद आरोपी पर कुकर्म के बाद हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कुकर्म की पुष्टि होने के बाद उपरांत शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बालक की मौत से परिवार में सन्नाटा पसरा हुआ है।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के ग्राम ककरहिया माहिमपुर में बीती 27 फरवरी की सुबह गन्ने के खेत में नग्न अवस्था में पड़ा मिला था। बताया जाता है कि गांव में आयोजित तिलक समारोह में मृतक बालक उम्र करीब 13 वर्ष निवासी ककरहिया माहिमपुर तिलक समारोह में शामिल होने के लिए 26 फरवरी की रात निकला था। सुबह घर न पहुंचने पर परिजनों के काफी तलाश के बाद बालक का शव गन्ने के खेत में नग्न अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने परिजनों के आरोपों के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर तहरीर के आधार पर छानबीन शुरू की।

पुलिस ने शुक्रवार को नामजद अभियुक्त सौरभ पुत्र रामकुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ हत्या और कुकर्म की संगीन धाराओं में आरोपी को जेल भेज दिया है।

### आरोपी ने दी थी बालक को मारने की धमकी

वारदात के दिन मृतक बालक के परिजनों ने अभियुक्त के खिलाफ तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि अभियुक्त सौरभ पुत्र रामकुमार ने ही घटना के दो दिन पहले ही आपसी विवाद के दौरान ही जान से मार देने की धमकी दी थी।

पुलिस हिरासत में आरोपी ने गुनाह कबूल करते हुए बताया कि वारदात से दो दिन पहले ही गांव में स्थित तालाब से मछली पकड़ने को लेकर आपस में दोनों का विवाद हुआ था। जहां पर विवाद के बाद ही बीते मंगलवार को मौका मिलते ही अभियुक्त ने बालक के साथ कुकर्म कर मौत के घाट उतार दिया।

## निरीक्षण

## सीडीओ को 84 कोसी परिक्रमा के औचक निरीक्षण में मिलीं खामियां

# परिक्रमा मार्ग पर मिली गंदगी, सीडीओ ने फटकारा

**सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को सीडीओ निधि बंसल ने 84 कोसी परिक्रमा के प्रथम पड़ाव कोरौना और आठवें पड़ाव जरिगवा का औचक निरीक्षण किया। जहां गंदगी मिलने पर उन्होंने जिम्मेदारों को फटकार लगाई और दिशा निर्देश देते हुए साफ सफाई दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिये। साथ ही पानी, शौचालय की साफ सफाई, मार्गों को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश भी दिए।

शुक्रवार को अचानक सीडीओ परिक्रमा के आठवें पड़ाव जरिगवां पहुंच गईं। जहां उन्होंने देखा कि साफ सफाई का कार्य चल रहा था, उन्होंने उसमें और तेजी लाने की बात कही। रैन बसेरा का भी निरीक्षण किया। ब्लॉक गोंदलामऊ के एडीओ पंचायत मनोज कुमार सिंह से कहा परिक्रमा के दौरान उचित एवं पर्याप्त व्यवस्था की जाए। जिससे श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। हर जगह बिजली अथवा जनरेटर के माध्यम से लाइट व्यवस्था की जाए। पानी, अस्थाई शौचालय व स्वास्थ्य संबंधी पर्याप्त व्यवस्था की जाए। इस दौरान ब्लाक के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण करतीं सीडीओ निधि बंसल। अमृत विचार

# मृत्यु पर दो लाख व गंभीर बीमारी पर मिलेंगे 50 हजार

- जनरल इंश्योरेंस व वार्षिक चुनाव कराने पर अधिवक्ताओं ने बैठक में की चर्चा

**सीतापुर, अमृत विचार।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन सभागार में आम सभा सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता ज्येष्ठ उपाध्यक्षा सपना त्रिपाठी व संचालन बुद्धि प्रकाश मिश्रा महासचिव ने किया। आम सभा में अधिवक्ता कल्याण निधि दो लाख रूपये, सम्मानित सदस्यों का जनरल इन्श्योरेंस पांच लाख रूपये व बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव कराने की चर्चा की गई। जिसमें सम्मानित सदस्य, अतुल कृष्ण अवस्थी, मुकुल मिश्रा, कुलदीप पाण्डेय, अमरीश शुक्ला, अमित शुक्ला, प्रेम रतन कटियार, आशीष मिश्रा, राम नरेश मिश्रा, दिनेश मौर्या, हरीश त्रिपाठी, इशरत अली खॉ, संजय सिंह, विमल मोहन मिश्रा, जितेन्द्र शुक्ला, दीपक तिवारी, सुधीर शर्मा, आदि सम्मानित अधिवक्ताओं के विचारोंपरान्त सदन में उपस्थित सदस्यों के बहुमत के आधार पर सर्व सम्मति से अध्यक्ष ने निर्णय लिया गया।

बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए वार्षिक साधारण आम सभा 16 मार्च को बुलायी जाये। अधिवक्ता कल्याण निधि योजना के अंतर्गत अधिवक्ता के मृत्यु पर मु. 200,000 (दो लाख) रूपये व सामान्य बीमारी पर 20 हजार रूपये, गम्भीर बीमारी पर 30 हजार रूपये कुल पचास हजार रूपये अथवा अति गम्भीर बीमारी पर 50 हजार रूपये दिये जायेंगे। बीमारी पर दी जाने वाली धनराशि 50 हजार से अधिक नहीं होगी, जो अधिवक्ता कल्याण निधि के योजना के अन्तर्गत पात्र होंगे, उन्हे ही ये धनराशि प्रदान की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### शिक्षक को सदैव जिज्ञासु प्रवृत्ति का होना चाहिएः बीईओ



प्रशिक्षण में शिक्षकों को संबोधित करतीं बीईओ शाहीन अंसारी। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय समेकित शिक्षा प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर खण्डशिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान कहीं से मिले वह महत्वपूर्ण होता है। शिक्षक को सदैव अध्ययन शील और जिज्ञासु प्रवृत्ति का होना चाहिए। समेकित शिक्षा के प्रशिक्षण में जो भी जानकारियां प्रशिक्षकों द्वारा दी गई हैं, उससे दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने में तो सरलता होगी ही साथ में इससे अभिभावकों को जागरूक करने से पूरे समाज को लाभ मिलेगा, सभी शिक्षक प्रशिक्षण के अनुभव और जानकारियों को कक्षा शिक्षण में व्यवहार में लाएं। इस मौके पर प्रशिक्षकों द्वारा दी गई जानकारी का अभ्यास कराकर उनकी प्रस्तुति शिक्षकों द्वारा की गई। प्रशिक्षण में प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।इस मौके पर शिक्षक संदीप कुमार, मोहम्मद असद सिद्दीकी, अनवर अली, विशुन कुमार वर्मा, रामचन्द्र वर्मा, अमिता वर्मा, नूर सबा, रफीक अहमद आदि मौजूद थे।

### महिला ने लगाया मारपीट व सामान उठा ले जाने का आरोप

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** बीती रात खेत की रखवाली के बाद घर वापस पहुंची महिला को कुछ लोगों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है। सीपतपुर ग्राम सभा के मजरे लोनियन पुरवा निवासिनी सरिता देवी पत्नी केशन ने अपने पड़ोसी गांव दूसरे लोनियन पुरवा के निवासीगण चार लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर देकर उचित कार्यवाही की मांग की है। मारपीट के साथ महिला का ये भी आरोप है कि विपक्षी घर में रखे बर्तन व सोने चांदी के कीमती जेवरात भी उठा ले गए। पीड़िता के अनुसार शोर मचाने पर किसी तरह अपनी जान बचाई है। सुबह पति के घर आने पर उसके साथ शिकायत लेकर थाने पहुंची। घटना के अनुसार उक्त घटना में पिता पुत्र व अन्य सहित चार लोगों पर आरोप लगाया है। इस बावत थाना प्रभारी दयाशंकर ने बताया कि घटनाक्रम की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### फसलों को हानी पहुंचाने वाले कीड़ों की पहचान करायेगा एप



किसानों की एप की जानकारी देते कृषि अधिकारी व वैज्ञानिक। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र द्वारा गठित टीम जिसमें वनस्पति संरक्षण अधिकारी शैलेश कुमार, सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. राहुल सुतार, फराज अहमद खान एवं शिवशंकर, जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से विकास भवन के सभागार में जिले के विभिन्न विकास खण्डों से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एनपीएसएस) ऐप के बारे में प्रशिक्षित किया गया। रीजनल सेंट्रल आईपीएम सेंटर लखनऊ के अधिकारियों ने एनपीसएस ऐप की वर्तमान उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. राहुल सुतार ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़ों-बीमारियों की पहचान आसानी से कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए एनपीएसएस ऐप के माध्यम से फसल को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े बीमारियों की पहचान के साथ-साथ किसान अपने खेत से उन कीड़ों की बीमारियों की फोटो के साथ आवश्यक डाटा फीडिंग करके सीधे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को अपने गांव से ही कीड़ों की बीमारियों की सूचना भेज सकते हैं। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी फराज अहमद खान ने एनपीएसएस ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। जिला कृषि रक्षा अधिकारी शिवशंकर द्वारा आईपीएम विधि से फसलों की सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला कृषि रक्षा कार्यालय से डॉ. नीरज कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी ने किसानों को कीड़े, बीमारियों की पहचान के बारे में बताया।

### पत्थर बन गई अहिल्या का राम ने किया उद्धार

**लहरपुर।** क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में चल रहे श्री राम लीला धनुष यज्ञ में, शुक्रवार को अयोध्या धाम से आए कलाकारों ने प्रभु श्री राम के द्वारा गौतम ऋषि के श्राप से पत्थर बन गई अहिल्या के उद्धार की कथा का सरस संगीतमय मंचन किया जिसे देखने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु महिलाएं, बच्चे उपस्थित थे। अहिल्या उद्धार की कथा के माध्यम से कलाकारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सच्चे हृदय से प्रभु की आराधना करते हुए सन्मार्ग पर चलने की अपील की। कलाकारों ने श्री रामलीला में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की भव्य झांकियों का भी सुंदर और सजीव मंचन किया जिसका उपस्थित श्रद्धालुओं ने आरती पूजन किया। कार्यक्रम के आयोजन विनोद वर्मा, रिंकू वर्मा एवं ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।

**कार्यालय ग्राम कटरा फूल कुंवर वि.ख.अमेठी, जनपद अमेठी**

पत्रांक मेमो / नि.का./ मनरेगा/ चतुर्थ वित्त/ पंचम, पन्द्रहवां/ 2023-24 दिनांक-01.03.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटरा फूल कुंवर वि0 ख0 अमेठी जनपद अमेठी में मनरेगा योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 06/03/2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 06/03/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का नाम

1- अन्नपूर्णा योजना के अन्तर्गत फेयर प्राइस एवं जनसुविधा केन्द्र निर्माण कार्य
अनु.लागत 7.71 लाख रूपये
2. प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य
अनु ला.12.00 लाख रूपये
3. प्राथमिक विद्यालय परसौली में बांउड्रीवाल निर्माण कार्य
अनु ला. 7.17 लाख रुपए
4. कलावती पत्नी ध्रुवराज का कैटल सेठ निर्माण कार्य
अनु ला.1.43 लाख रुपए

प्रधान
श्रीमती मंजू देवी
ग्राम पंचायत कटरा फूल कुंवर
विकास खंड अमेठी जनपद अमेठी

सचिव
पवन कुमार यादव
ग्राम पंचायत कटरा फूल कुंवर
विकास खंड अमेठी जनपद अमेठी

**कार्यालय ग्राम पंचायत संसारपुर विकास खण्ड पहला - सीतापुर**

पत्रांकः मेमों /रा0वि0,पन्द्रहवां वित्त/निविदा पत्रा0/2023-24 दिनांक - 01.03.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से राज्य वित्त/ पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्र पंचायत पहला / ग्राम पंचायत के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। कोटेशन प्रपत्र दिनाँक 02/03/24 से 07/03/24 अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत संसारपुर वि0 ख0 पहला से प्राप्त की जा सकती है। मोहरबंद कोटेशन दिनांक 07/03/2024 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय में पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा की जा सकती है, तथा दिनाँक 08/03/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत संसारपुर वि0 ख0 पहला एवं निविदा कमेटी व पंजीकृत ठेकेदारो की उपस्थिति में निविदा खोली जायेगी। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत GST-सहित (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | रामप्रकाश के घर से इशामुददीन के घर तक इण्टरलॉकिंग नाली नि0 कार्य | 221154 | 100 | 01 माह | क्षे0प0/ग्रा0प0 में पंजीकृत फर्म |

निविदा की पात्रता:-1-निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी दिनॉक तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी संसारपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्य के सम्बन्ध में समस्त जानकारी विकास खण्ड में तैनात अवर अभि0 (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है। 2-निविदा प्रपत्रों के साथ उक्त पात्रताओं का प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

ग्राम पंचा0 अधिकारी
संसारपुर, वि0ख0पहला,
सीतापुर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्म-नियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारा हितैषी और आत्मा ही हमारा शत्रु है।

## संपादकीय

# रूस में फंसे भारतीय

रूस में फंसे करीब 20 भारतीय नागरिकों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक भारतीय एजेंट द्वारा रूसी सेना के लिए 'सेना सुरक्षा सहायक' के रूप में भर्ती किए जाने के बाद अनुमानित 20 लोग अभी भी रूस में फंसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन सभी लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा गया है। इन सभी को अच्छी नौकरी के बहाने रूस बुलाया गया था। हर एक से तीन लाख रुपये तक लिए गए। ये तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात राज्यों से बताए गए हैं। उनमें से कुछ को यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया है। कुछ ने भर्ती के समय वादा की गई राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है जिससे उन्हें मदद के लिए सरकार के पास पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेश मंत्रालय इस मामले में भारत और रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे का समाधान चर्चा, कूटनीति और निरंतर संपर्क के माध्यम से चाहता है। गौरतलब है कि दो साल पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। अब तक उसके हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। युद्ध थमने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं, बल्कि हाल के दिनों में रूस ने हमले और तेज कर दिए हैं। विश्लेषक कहते हैं कि भारत से भर्ती किए गए ये लोग रूस के दुनियाभर से सैनिक भर्ती करने के अभियान का हिस्सा भर हैं अन्य कई देशों के लोगों को रूसी सेना में भर्ती करके यूक्रेन में मोर्चे पर भेजा गया है। इससे पहले बहुत से नेपाली लोगों के रूस जाकर यूक्रेन में लड़ने की भी खबरें आई थीं। अब भारत सरकार इन लोगों को लेकर चिंतित नजर आ रही है। भारत कोशिश कर रहा है कि उन्हें रूसी सेना की सेवा से मुक्ति देकर वापस भेज दिया जाए। सरकार को संघर्षरत देशों में जाने वालों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। 'उत्प्रवास जांच आवश्यक' देशों की सूची को अद्यतन करना चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के अनुबंधों की अधिक गहनता से जांच की जा सके, उन्हें बेहतर सलाह दी जा सके और सुरक्षा भी प्रदान की जा सके। साथ ही सरकार को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले के नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए, जो काम की प्रकृति को पूरी तरह से बताए बिना विदेश में नौकरी चाहने वाले भारतीयों से मोटी रकम वसूलते हैं।

# 'भौतिक संस्कृति' ने बदल दी लोगों की जीवनशैली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन हर पांच वर्ष के अंतराल से 'हाउस-होल्ड कंजम्प्शन एँक्स्पेंडीचर सर्वे' करता है। इस बार के 69 राउंड में संगठन के सर्वेयर्स ने अपनी कार्यनीति (मेथडॉलॉजी) में बदलाव लाकर आंकड़े एकत्र किए हैं जिससे पिछली और इस बार के निष्कर्षों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। चूंकि 69 वें दौर के सर्वेक्षण को 11 साल के अंतराल से पेश किया गया इसलिए जाहिराना दौर से दोनों सर्वेक्षणों में अनेक मदों में अधिक मात्रात्मक बदलाव दिख रहा है। अंतराल होने से फायदा और निहितार्थ, दोनों नजर आए हैं, जो कि रोचक भी हैं और ऐसा गांभीर्य लिए हैं, जो व्यक्तियों, परिवारों, उत्पादकों, स्वास्थ्य डिलीवरी और मेडिकल रिसर्च तंत्र, व्यवसायिक और व्यापारिक तंत्र जैसे कि अस्पताल, मार्केटिंग प्रोफेशनल्स, बैंक, उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर करेगा। रिपोर्ट में हर पन्ने पर पर्याप्त संकेत हैं कि भारत के लोगों की जीवन शैली बदल गई है। न देहात अछूता है, न शहरी लोग। देहात के लोग शहरी लोगों की जीवनशैली की नकल तेजी से कर रहे हैं। पलायन की स्थिति यह है भारत की आबादी का अधिकांश अब शहरों में रहने लगा है।

समझने का नुक्ता यह कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं। आमदनी के हिसाब से सबसे जरूरी मदों के लिए ही विवेक के आसरे पैसा पहले खर्च किया जाता है। औसत आमदनी वाला एक परिवार सबसे पहले रोटी का जुगाड़ करेगा, फिर कपड़ा, घर या झुग्गी, दूध, दवा, काम-पर आने जाने के लिए किराया-भाड़ा, बिजली, पानी पर खर्च करेगा। तत्पश्चात आकस्मिक सामाजिक रीति-रिवाज पर खर्चा होता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड खरीदने पर और शिक्षा पर बाद में। उपभोग व्यय पर जारी की गई उक्त रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है कि किस तरतीब से विभिन्न आय-वर्ग के परिवारों में खर्चा किया जाता है। ऐसा लिखा है कि परिवारों में खाद्य सामग्री में जिन वस्तुओं पर खर्चा किया जाता है, प्रतिशत में उनके अनुपात की तरतीब क्या है। अंकों में व्यक्त

समझने का नुक्ता यह है कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस, बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं।

प्रतिशत से गणितीय रूप से मात्रात्मक भाव तो प्रकट होता है और आनुपातिक रूप से खर्चों को प्रकट करते समय मद भी बताया गए हैं, परंतु इससे खर्च-मदों के बारे में वैज्ञानिक आंकलन अनुसार 'प्रभाव' की डिटेल्स मालूम नहीं होती हैं, अनुमान भर लगाया जा सकता है। जैसे कि मौसम के अनुसार फल और सब्जियों की खरीदारी पोषक मान के हिसाब से नहीं की जाती, भाव और जेब देखकर भी नहीं, बल्कि अधिकतर परिवार के लोगों के स्वाद के हिसाब से ही की जाती है। पीले रंग का कद्दू या पेठा, लौकी, तोरी फाइबर युक्त और अधिक पोषक सब्जियां हैं, लेकिन लोग भिंडी, शिमला मिर्च या बैंगन लेना चाहेंगे। पीले रंग के कद्दू में विटामिन-बी अथवा राइबोफ्लेविन की अधिक मात्रा मौजूद रहती है और यह अपेक्षाकृत सस्ता भी पड़ता है, जबकि दूसरी सब्जियों का भाव तेज होता है। रईसों के मुकाबले में यह आश्चर्यजनक लगता है, क्योंकि ये लोग डायटीशियन्स रखते हैं और इनकी राय से उन्हें कद्दू खाना पड़े तो चूं भी नहीं करेंगे।

उपभोग व्यय की रिपोर्ट से अधिक चिंताजनक सूत्र यह है कि दस सालों में देहात और शहर में और दोनों ही स्थानों पर रहने वाले लोग जब भी घर से बाहर ड्यूटी पर जाने के लिए या दूर यात्रा पर निकलते हैं तो घर पर बने हुए भोजन को बांधकर नहीं ले जाते, बल्कि रास्ते में दूकानों और स्टेशनों से इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड फूड के पैकेट्स खरीदना सुविधाजनक मानते हैं। इनमें जीरो फाइबर, कॉमन साल्ट की बनिस्पत मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एक तरह का नमक) का प्रयोग, सैचुरेटेड फैट होने से ये अधिक ऊर्जा देने वाले खाद्य होते हैं। विगत में पूरी, सरसों के तेल में बनाया हुआ करेला, आलू की सूखी सब्जी जिसमें मेथी के दाने और करी पत्ता मिला होता था। गेहूं के मोटे पिसे हुए आटे या बाजरे की मोटी रोटियों को मसलकर देसी घी में बनाया हुआ चूरमा लेकर जाते थे। अब इसे पिछड़ापन और गंवई व्यवहार मानते हैं। गरीब लोग चने का आटा मिली मिस्सी रोटी, प्याज, अचार और गुड़ साथ लेकर चलते थे और इसे ही यात्रा के दौरान खा लिया करते। अधिक पैसे वाले लोग सूजी में मेवा मिलाकर, देसी घी में भूनकर लड्डू बनाकर ले जाया करते। पोषक मान के हिसाब से पारंपरिक खाद्य उत्पाद, फास्ट-फूड से कहीं श्रेष्ठ रहे हैं। इन दस सालों में खाद्य सामग्री में दालों और अनाज, खासतौर से मोटे अनाजों, पर होने वाले वाले खर्च के घटने का अर्थ यह नहीं है कि लोग भूखे रहते हैं, इनका कम प्रयोग करते हैं या कुछ परिवारों में दाल की खपत कम या बंद कर दी गई है, बल्कि यह कि आमदनी बढ़ने से वैकल्पिक रीति से तैयार मंहगी आइटम्स पर अधिक पैसा खर्च होता है या आनुपातिक रूप में अधिक। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया, बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए, ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

रिपोर्ट तो एक स्टेटिस्टिकल स्टेटमेंट है जिसकी स्ट्रक्चर में इसके 'पश्चात' या 'पार्श्व-प्रभाव' और संबद्ध विभिन्न पक्षों पर व्याख्या करने की गुंजाईश नहीं होती। मसलन, फास्ट फूड इंडस्ट्री इससे अवश्य यह संकेत लेगी कि भविष्य में उनके लिए कोई संकट नहीं है, क्योंकि ट्रेंड यह बताता है कि फास्ट फूड की कंजम्प्शन देश के लोगों में बढ़ रही है। इसी तरह मध्य और उच्च आय वर्ग के (रईस नहीं) परिवारों में आमदनी बढ़ने से या एकाधिक लोगों के कमाऊ हो जाने से संयुक्त रूप से नेट-इनकम बढ़ गई है जिससे वे अच्छा घर बनाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने की स्थिति में हैं। अब तो उच्च-मध्य वर्गीय परिवारों में घर के हर कमरे में टीवी, ज्यादातर के पास लैपटॉप्स, कार, महंगे वस्त्र और घुमक्कड़ी लायक खूब पैसे होते हैं। बढ़ी हुई आमदनी में से खर्च लायक धनराशि अधिक हो जाने से लोग खुद को जिस शाहखर्च अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करते हैं, यह उक्त रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है। 'पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण' की ताजा रिपोर्ट से भारत में इंडस्ट्रियल उत्पाद बनाने या लाकर बेचने वाली देसी-विदेशी कंपनियों, हमारे स्वास्थ्य शोधतंत्र, स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण और लोगों की सेहत पर क्या और कैसा असर पड़ेगा, उक्त रिपोर्ट में दर्ज संकेतकों की व्याख्या करने से देश के लोगों और व्यवस्था एवं बाजार को किस-किस तरह की चुनौतियों से दो-चार होना होगा, यह अभी से ही स्पष्ट है। सबसे अधिक प्रभावित होने वाला वर्ग बच्चे और युवा होंगे। वे परिवार खासतौर से जिनमें 'नॉलेज बेस' औसत से भी कम है। नेशनल हेल्थ इंटेलिजेंस ब्यूरो की और आईसीएमआर की वे रिपोर्ट्स जरूर देख लेनी चाहिए जिनमें देश की पॉपुलेशन में नॉन-इन्फेक्शियस और मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स और हृदयवाहिकीय विकार से पीड़ितों की मौजूदा संख्या के ब्यौरे के अलावा संभावित पीड़ितों की संख्या की भविष्यवाणी की गई है। जाहिर है अधिकांश रोगकारक जीवनशैलीगत हैं और इनमें से भी फास्ट फूड ही चिह्नित किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे में शामिल परिवारों को बीस श्रेणियों में बांटा गया था और आंकलन के बाद मालूम हुआ कि गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का मासिक खर्चा सन् 2010 में अगर रु.1373 था तो वह अब रु.3773 हो गया है। शहर में रहने वाले परिवार सन् 2011 में प्रतिव्यक्ति अगर रु.3773 खर्च रहे थे तो अब 6459 खर्च रहे हैं। यह दोगुना से भी अधिक हुआ। मान लिया आमदनी बढ़ी है, लेकिन यह नहीं कह सकते कि गरीबी कम हुई है, क्योंकि गरीबी तय करने की स्टेटिस्टिकल एनालिसिस जैसी कवायद में यह सिर्फ 0.5 प्रतिशत ही कम हुई है अर्थात् रुपये में सिर्फ पचास पैसे। यह 'स्टैटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' भी प्रतीत नहीं होता। रिपोर्ट से पैदा हुई उलझने या 'इम्प्लीकेशंस' और निहितार्थ के दूरगामी अर्थ को समझने से चिंता अधिक पैदा हुई है। संतुष्ट भाव कम, लेकिन रिपोर्ट पढ़कर समझने से एक बात स्पष्ट हुई कि आंदोलनरत किसान वास्तव में ही अभावग्रस्त है।

## प्रसंगवश

# बड़े-बड़े बीबियों से लड़े

सृष्टि का विकास दांपत्य जीवन से ही हो पाता है जिसके मूल में कहीं न कहीं प्रेम की अनिवार्यता होती है। फिर भी ऐसा पाया जाता है कि आपस में झगड़े भी होते हैं। जब ये झगड़े बड़े जोड़ों के बीच हों तो इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाते हैं। यहां देखते हैं कि कुछ महान विभूतियों के पत्नी से कलह प्रसंग कैसे रहे? अमेरिका के एक अच्छे माने जाने वाले राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन। उनकी शादी 'मेरी टाड' से बेमन ही हुई थी। वे जानते थे कि यह शादी विनाशकारी होगी, लेकिन मेरी की जिद के चलते विवाह हो गया। बीबी का जीवन कलह पूर्ण रहा। हाथापाई भी होती थी। वे लिंकन का सार्वजनिक अपमान भी करती थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति बहुधा रात को अपने कार्यालय में ही सो जाते थे।

पुस्तक 'लिंकन स मेलनकली' (लिकन का विषाद) में उनके अवसादमय वैयक्तिक जीवन के किस्से उल्लिखित हैं। महात्मा गांधी का कस्तूरबा जी से बाल विवाह हुआ था। उस समय गांधीजी केवल यह जानते थे कि शादी में अच्छे कपड़े पहने जाते हैं। उम्र बढ़ी प्रेम तो बढ़ा, किंतु कलह भी बहुधा हुई। एक बार तो गांधी जी ने बा को एक विदेशी मेहमान की 'टायलट' साफ करने का दुरूह आदेश दे डाला। पत्नी ने विरोध किया। झगड़ा बढ़ा। गांधीजी पत्नी को हाथ पकड़ कर घर के बाहर निकाले दे रहे थे। बा भी जोर-जोर से चिल्ला रहीं थीं, 'शर्म करो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। लोग क्या कहेंगे?' अंततः गांधीजी रुक गए और बाद में पश्चाताप किया। दोनों रोये। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रोमन बादशाह जूलियस सीजर ने अपनी पत्नी 'पोम्पिया' को बेकसूर होते हुए तलाक दिया। सीजर जब वहां के मुख्य पादरी चुने गए तो पत्नी ने महिलाओं की विशाल दावत आयोजित की। उसमें 'पब्लियस क्लोडियस प्लूचर' नामक एक धूर्त छद्म वेष में घुस आया और पाम्पिया से बातें करने लगा। बस इतने पर सीजर ने पाम्पिया को इस आधार पर तलाक दे दिया कि, "सीजर की पत्नी संदेहों से परे होनी चाहिए"। बाद में और अब तक अंग्रेजी का

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं।

यह वाक्य एक मुहावरा बन गया है। रोमन सामंत और योद्धा ब्रूटस ने पत्नी 'क्लाउडिया' को सिर्फ इसलिए तलाक दिया, क्योंकि उसे 'पोर्शिया' पसंद आ गई थी। हालांकि बात पोर्शिया से भी नहीं बनी। महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण (नीतीश भारद्वाज) के पौराणिक जीवन में भले ही उन पर तमाम गोपियां लट्टू रहती थीं, किंतु व्यक्तिगत जीवन में बीबियों से आजिज हैं। पहली पत्नी मोनिषा पाटिल से झगड़ा करके तलाक हो चुका, दूसरी आईएएस अफसर स्मिता से अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। नीतीश ने भोपाल कोतवाली में मानसिक प्रताड़ना की एफआईआर लिखवाई है।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है, ये झगड़े आदि काल से हैं। संसार के सृजक ब्रह्मा बाबा से भी उनकी पहली पत्नी सावित्री नाराज होकर छिटक गईं थीं और उन्हें शाप दे दिया था जिससे वे आज तक सिवाय पुष्कर के कहीं नहीं पूजे जाते हैं। अंग्रेजों ने तो बीच का रास्ता निकालकर एक मुहावरा बना लिया है "बिकरिंग्स ऑफ लव आर दि रिन्यूवल्स ऑफ लव" यानी "प्यार की झड़पें प्यार का नवीनीकरण" होती हैं। लड़ाइयां होती तो हमारे घर में भी थीं, किंतु हम उनका उल्लेख नहीं कर रहे, क्योंकि हम इतिहास पुरुष नहीं हैं और छिपाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हम हर बार हार जाते थे।

# भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है संस्कृति

आज संस्कृति एक संवेदनशील विषय है। चारों तरफ संस्कृति एक रणभूमि बनी हुई है। हमें इस विषय के महत्व को समझना चाहिए। मेरी दृष्टि में भारतीय संस्कृति को समझने में दो बड़ी बाधाएं हैं उच्छेदवाद और शुद्धतावाद। हम जब अपनी हजारों साल की परंपराओं को पूरी तरह नकारते हैं या संस्कृति की एकरेखीय शुद्धतावादी-श्रेष्ठतावादी धारणा रखते हैं तो ये दोनों चीजें ही सांस्कृतिक उन्मूलन की ओर ले जाती हैं, बल्कि ले जा रही हैं। ये प्रवृत्तियां हमें हमारी जीवंत साझी विरासत से विच्छिन्न कर देती हैं।

सामासिक संस्कृति का अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों के मिलने से बनी एक नई संस्कृति। भारतीय संस्कृति को सामासिक संस्कृति इसलिए कहा जाता है कि हजारों साल से इस देश में आर्य-द्रविड़ जातियों के अलावा कई जातियां रही हैं और आपस में संवाद करती रही हैं। यह कई प्रादेशिक भाषाओं, कई धर्मों, कई विश्वासों और स्थानीय संस्कृतियों का देश है। इस देश की संस्कृति के चार स्वाभाविक गुण हैंः निरंतरता, परंपरा की पुनर्रचनात्मकता, मिश्रणशीलता और नवोन्मेष। हमारे देश में संस्कृति प्राचीन काल में बन चुकी या सैकड़ों साल पहले ही सुनिर्धारित की जा चुकी चीज नहीं है। संस्कृति में सुधार और नवोन्मेष होते रहे हैं, वह अतीत की कैदी नहीं है।

सामासिक संस्कृति में 'मुख्य धारा' नाम की कोई चीज नहीं होती, 'मेन स्ट्रीम' एक प्रभुत्ववादी और विघटनकारी धारणा है। बहुत सी संस्कृतियां आपस में संवाद करती हैं, अपनी विशिष्टता की रक्षा करती हैं और 'साझा जीवन-साझी संस्कृति' का भी निर्माण करती



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से।

हैं। हमारा समय दोहरी दुर्घटना का साक्षी हैः संस्कृति में राजनीति घुसती जा रही है और राजनीति से संस्कृति निकलती जा रही है। इधर वसुधैव कुटुंबकम की बात बहुत हो रही है, पर इसके लिए जैसी मनोभूमि की जरूरत इस श्लोक में बताई गई है, उससे हम कोसों दूर हैं। इसका पूरा श्लोक है ( सुधार कर पढ़ें): अयम निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम/ उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्। अर्थात् निज और पर की गणना करने वाले छोटे चित्त के व्यक्ति हैं, जो उदार चरित्र का है, उसी के लिए यह वसुधा एक कुटुंब की तरह है। आज वसुधैव कुटुंबकम् की बात ज्यादा वे करते हैं, जो पड़ोसी से ही झगड़ा करते हैं या अपने ही भाई से लड़ते हैं या कलीग/बंधु को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं।

तुलसी ने यही कहा था, 'मैं अरु मोर तोर तैं माया'। माखनलाल चतुर्वेदी एक राष्ट्रवादी कवि थे। वे कहते हैंः जब चांद मुझे नहलाता है/सूरज रोशनी पिन्हाता है/ क्यों दीपक लेकर कहते हो/ यह तेरा है यह मेरा है। संस्कृति का कोई अर्थ बताने के लिए कहे तो एक वाक्य में कहा जा सकता है, जो कुछ मन को विशाल बनाए और छोटे चित्त से बाहर निकाले, वह संस्कृति है। कुछ हमारे सौंदर्यबोध, विचारशक्ति और सृजनात्मकता में उत्थान लाए, वह संस्कृति है। आज संस्कृति-संस्कृति के शोर में संस्कृति ही वस्तुतः नदारद है। आज यह समझना जरूरी है कि अंग्रेजी राज ने 'भिन्नता' की अपनी औपनिवेशिक राजनीति द्वारा भारत की सांस्कृतिक समझ को किस तरह विभाजित और प्रदूषित कर दिया। आज भी उस राजनीति के नए-नए बौद्धिक संस्करण बन रहे हैं और 'खंड खंड पाखंड' छाया है। यह सब भारत के स्वभाव के विरुद्ध है।

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैंः सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से। कुम्भनदास ने कहा था, 'संतन को कहा सीकरी सो काम'। लोक के साहित्य के भीतर से ही 'ढाई आखर प्रेम का' की धारणा आई। जायसी पदमावत में कहते हैं, 'बहुत पढ़े पर नेह न जाना। रैदास कहते हैं, 'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। तुलसी कहते हैं, 'पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'। जिस संस्कृति में ये भावनाएं नहीं हैं, उसे संस्कृति कैसे कहा जाए? भारत भिन्नताओं से भरा देश है, पर इन भिन्नताओं को शत्रुता तक पहुंचाया जाए, यह जरूरी नहीं है। इसलिए भारत जैसे देश में संस्कृति भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है। आज संस्कृति धार्मिक रूप से भी पॉप नाच- गानों और बाह्य आडंबर की भौतिक वस्तुओं में सीमित हो गई है या राजनीतिक चिन्हों में। यह बाहर से अमेरिकी आधुनिकता और भीतर से अतीत की कूपमंडूकता की जुगलबंदी है।

## सोशल फोरम

# खुला आसमान चुनौती तो लाता है

आप जहां फिट हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आप सही जगह पर हैं। हममें से ज्यादातर लोग जहां फिट बैठ जाते हैं, उसी जगह को अपने लिए बनी हुई जगह मान लेते हैं, जबकि आपकी खूबियां आपकी बनावट की सरहद में बंधी हुई नहीं हैं। मेरा एक दोस्त था, उसकी म्यूजिक पर जबरदस्त पकड़ थी।

वह कितने ही तरह के इंस्ट्रूमेंट्स पर अपने हाथ और समझ का हुनर रखता। यही नहीं लौकी और कद्दू के सूखे हुए कवर से वह गजब का संगीत पैदा करता। हमने तो उसे सेठे-बांस-नरकुल से उपजे संगीत में झूमते हुए देखा था। उसने संगीत में पढ़ाई भी की मगर अचानक उसके पिता, जो सरकारी अध्यापक थे, गुजर गए।

घर में कई भाइयों के बीच उसे बड़े होने की वजह से अनुकंपा में वह नौकरी मिल गई। मैं भी उस वक्त था, जब यह फैसला चल रहा था कि नौकरी कौन करे। मेरा दोस्त नौकरी करने के लिए पूरे मन से तैयार था। जबकि हमें लगता था कि उसके अंदर जो संगीत है, उसे एक खुला आसमान चाहिए और खुला आसमान चुनौती तो लाता है, लेकिन मेरा दोस्त वह चुनौती लेने को तैयार नहीं था। बहुत साल बाद हम उसके स्कूल गए। वह हिंदी का अध्यापक था और साथ में स्कूल की सभी एक्टिविटी में शामिल रहता था। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैयारियों में मदद करता। मुझसे बात करता हुआ, अपने कलम से मेज को बजाते हुए कह रहा था।



हफीज किदवई
लेखक

भाई, हम तो यहां फिट हो गए। सुबह से शाम तक बच्चे, फिर घर परिवार और क्या ही चाहिए! वह बोल रहा था और मेरी नजर में नौशाद दौड़ रहे थे। वह नौशाद जिन्हें उनके वालिद एक सुकून भरी जिंदगी में फिट ही तो कर रहे थे। बड़े घर से होने के बावजूद, तमाम पाबंदियों को तोड़कर नौशाद ने कहीं भी फिट होना ही तो नहीं चुना और घर के दरवाजे से मुंह मोड़कर संगीत का एक संसार रच दिया।

हो सकता है मेरा दोस्त नौशाद न बन पाता, मगर उस रास्ते पर चलता हुआ बिखर जाता। अब वह सिमटा हुआ है और उस जगह फिट है, जो जगह शायद उसके लिए नहीं थी। हम सब अक्सर वहीं फिट हो जाते हैं, जहां हमारा आकार तो आ जाता है, मगर विचार मर जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या और संसाधन के अंतर्संबंध

भारत में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा, शहर इसमें सहभागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात सम्मान जनक है, पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार, अच्छा वातावरण, अच्छा रोटी-कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है?

अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है, उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। अपितु या तो कम हो रहे हैं या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है, साथ ही उपलब्ध जल, जंगल, जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है। ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूर्ण धारीय विकास करना, संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव, कस्बों, शहरों, मेट्रोपोलिटन शहरों में बढ़ते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था, वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। विकास की बात करते समय, योजना बनाते समय, उन्हें क्रियान्वित करते समय ऐसे देखने में आता है कि चुनी हुई सरकारें और जनप्रतिनिधि गण अपने पसंद के स्थानों, शहरों, राज्यों को ध्यान में रखकर विकास की बात करते हैं और काम करते हैं। इससे विकास तो होता है, पर कहीं कम



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो।

और कहीं अधिक। जबकि होना यह चाहिए कि स्थान विशेष की वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या के आकड़ों तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए।

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए, विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है, वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में बदलते संस्कार और संस्कृति जिसमें एकल परिवार संयुक्त परिवार का स्थान ले रहे हैं, परिवार की संपत्ति बंटवारे का दंश झेल रही हैं। अवसर सीमित होते जा रहे हैं, महंगाई बढ़ रही है, रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा- स्वास्थ्य का खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए मुश्किल होता जा रहा हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के निष्कर्ष इस ओर इशारा कर रहे हैं कि उचित लालन-पालन, देख-रेख, शिक्षा-दीक्षा के अभाव में बच्चों के बिगड़ने की संभावनाएं अधिक हैं और कोई भी दंपति अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ते हुए नहीं देखना चाहती है। ऐसे में बच्चें को जन्म देने पर गहन चिंतन और मनन के बाद ही निर्णय लेना चाहिए तभी परिवार और देश के हित संभव है।

# देह और आत्मा

आज सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। आज विश्व बाजार के चैनल चौबीसों घंटे उपभोग और उपभोग का संदेश दिखा-सुना रहे हैं कि जीवन का प्रयोजन है-उपभोग और उपभोग।

आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है।

विश्व बाजार की नजर में आदमी आदमी नहीं, उपभोक्ता है-कंज्यूमर। उसकी नजर में विराट प्रकृति उपभोग्य सामग्री है। विश्व बाजा रकी नजर में-उपभोग आनंद है और यह आनंद एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनंद स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनंद और अधिक पैसा अधिक आनंद। ये बता रहे हैं कि देह सुख और इंद्रिय आनंद ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैंने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिला वात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय संस्कृति ही नहीं, विश्वसंस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है-आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देनाम नुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है, जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत, सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है। अवधारणाएं समष्टिजीवन की प्रेरणा होती हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

## एक नजर

### किशोर की पिटाई में तीन के खिलाफ मुकदमा

**तारुन अयोध्या।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुरीटीकर में किशोर की पिटाई के मामले में ग्राम सभा निवासी सहित दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया हैं। गांव निवासी विनिता निषाद ने बताया देवर शनि निषाद (11)को कुछ लोगों ने मारा पीटा। थाना प्रभारी ओपी राय ने बताया कि घनश्याम व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### फोटो खींचने से मना करने पर युवक को पीटा, केस

**बीकापुर अयोध्या।** बरात में फोटो खींचने से मना करने पर युवक की पिटाई करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के आदिलपुर निवासी विजय कुमार का आरोप है कि 27 फरवरी को उनके गांव आदिलपुर से गांव निवासी राम नारायण मिश्रा के पुत्र का वैवाहिक कार्यक्रम था। रात में बारात बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के लुत्फाबाद बछौली मथुरा पाण्डेय का पुरवा गई थी। गांव के निवासी आरोपी वीरेन्द्र, घनश्याम तिवारी, मंगेश मणि उनकी फोटो खींच रहे थे। आरोप है कि मना करने पर गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। बीकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### आज रामलला का दर्शन करेगी गुजरात कैबिनेट

**अयोध्या।** रामलला के दर्शन-पूजन के लिए शनिवार को गुजरात कैबिनेट रामनगरी पहुंचेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व में 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सुबह करीब 11 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचेगा। जहां उनका स्वागत सरकार की तरफ से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ शैलेंद्र कोरी करेंगे। वहीं चार मार्च को मध्य प्रदेश की कैबिनेट भी रामनगरी पहुंचेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी कैबिनेट रामलला का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लेगी।

# सकरन : शिक्षा ही विकास की होती है कुंजी : बिसवां विधायक

सकरन, सीतापुर

**अमृत विचार।** हमारा आंगन-हमारे बच्चे विकासखंडस्तरीय संचालित कार्यक्रम है। सरकार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को आकर्षित करने के लिए खेलकूद सामग्री और बच्चों को रुचिकर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पुस्तकें व गणित किट उपलब्ध करा रही है। यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा को मजबूती देगा, उक्त उद्गार ब्लॉक संसाधन केंद्र सांडा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी होती है।

खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों व प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अर्तगत कई प्रकार की सुविधाएं दी जा रही है इन्ही सुविधाओं के तहत यदि किसी विद्यालय में विकास से संबंधित कोई कार्य प्रस्तावित है तो उसको पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि छोटे बच्चों को शिक्षित करने की जिम्मेदारी आंगनबाड़ी व शिक्षकों की है। बच्चों को इस प्रकार शिक्षा दी जाए जिससे कि उनके मानसिक क्षमता का विकास हो तथा शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बना रहें। सभी शिक्षक नामांकन व नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें। कार्यशाला में निपुण लक्ष्य पूरा करने वाले बच्चों और अभिभावकों को सम्मानित किया गया है। इस दौरान में एआरपी विनोद कुमार, डॉ संघ प्रिय गौतम, ब्रजेश कुमार, राजेश कुमार के साथ साथ शिक्षक कृष्णकांत, धीरेंद्र पटेल, मो आरिफ, फरीद गौरी, सईद अहमद, सारदा प्रसाद, मधुकर वर्मा, संजीव, प्रियंका चैधरी, आलोक मिश्रा, अशोक, चाँद मोहम्मद, शौरभ शुक्ल, चिन्मय मिश्र आदि मौजूद रहे।

# लहजे को तलवार बनाना ना आया लफ्जों को अंगार बनाना ना आया

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला मीरान टोला के मैदान में एक अदबी महफिल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इस्लामुद्दीन अंसारी पूर्व सभासद उपस्थित हुए। महफिल की सदारत मशहूर शायर अफजल लहरपुरी व निजामत एजाज अहमद ने की। मुशायरा कन्वीनर गुलजार खैराबादी ने शायरों और अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर शायरों ने अपने कलाम पेश किए। जिसको श्रोताओं ने जोरदार तालियां बजाकर उत्साह बढ़ाया।

अदबी महफिल में एक दर्जन से भी अधिक शायरो ने अपना कलाम पेश किए जिसमें चुनिंदा शेर पाठकों के लिए पेश किये। लहजे को तलवार बनाना ना आया, लफ्जों को अंगार बनाना ना आया। इकबाल अकरम वारसी ने कहा कि कलम रो रहा है यह कागज भी नम है, कथा यह किसकी लिखी जा रही है। डॉ. अहराज अरमान ने कहा कि मुझको तस्लीम है कि मैं नूर नहीं हूं लेकिन, तीरगी जहनों को भी बक्सा है उजाला मैंने। उमर हनीफ खीरवी ने सुनाया कि दर्द ए दिल में एक बयक आखिर कमी होने लगी, मुझ में तेरे प्यार की जब रोशनी होने लगी। सना महमूदाबादी ने कहा कि पेड़ सूखे हुए दुनिया को समर क्या देंगे। डॉ.अफजल लहरपुरी ने कहा कि उसकी रहमत सो जो कमाएंगे, बेसहारों पर सब लुटाएंगे।

एमआईईटी के छात्र के शोध से सहारे तैयार हुई बिजली

# गांवों को रोशन कर रहे 'गोशाला के नंदी'

जीशान कदीर, लखनऊ,

**अमृत विचार :** फसलों के लिए मुसीबत बने छुट्टा सांड अब बिजली तैयार करने में लगाए जाएंगे। एमआईईटी के छात्र की मदद से इस पर काम भी शुरू कर दिया गया है। सांडों के जरिये तैयार बिजली से गोशाला और दो गांव रोशन हो रहे हैं। शोधार्थी छात्र का कहना है कि शासन से स्वीकृत मिलते ही प्रदेश की सभी गोशालाओं में सांडों के सहयोग से बिजली तैयार की जाएगी।

देश में बैलों के जरिये कोल्हू चलाकर सरसों व गन्ने की पेराई और पनचक्की चलाने का काम होता आया है। मशीनीकरण के कारण बैलों पर निर्भरता न के बराबर हो गई। पशुपालक गोवंश को छुट्टा छोड़ने लगे। मेरठ निवासी एमआईईटी के शोधार्थी सुशील चौहान ने कोल्हू की तरह चलने वाले यंत्र से बिजली उत्पादन शुरू किया।




कोल्हू जैसे यंत्र के सहारे बिजली तैयार करते गोशाला के सांड। अमृत विचार

### एक घंटे में आठ यूनिट बिजली का उत्पादन

सुशील के मुताबिक बिजली उत्पादन के लिए गोशालाओं में सांड की मदद ली। इंक्यूबेशन सेण्टर पर बिजली तैयार करनी शुरू की। एक जोड़ी जानवरों को एक घंटे तक कोल्हू में चलाया। इससे आठ यूनिट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं। बिजली ने गौशाला के अलावा दो गांव के लोगों के घरों को रोशन कर रहे हैं। सुशील प्रदेश की सभी गोशालाओं में इस तरह से बिजली तैयार करना चाहते हैं, ताकि जानवरों को छुट्टा न छोड़ा जाए। इससे हादसे व फसलों के नुकसान को भी रोका जा सकता है।

**इस तरह से तैयार हो रही बिजली:** नया शोध कोल्हू की तरह ही है। इसमें बीच के स्थान पर गेयर बॉक्स को डिजायन किया गया है। अल्टरनेटर लगा है। इसमें तारों की वाइंडिंग से जुड़ा स्टेटर भी है, जो चुंबकीय क्षेत्र तैयार करता है। इन्हीं व्यवस्थाओं के सहारे सांड/ बैलों के घुमाये जाने पर बिजली उत्पन्न होती है। एक बैल/सांड की जोड़ी प्रति घण्टे 8 यूनिट से अधिक बिजली तैयार करती है।

**हादसे ने दिखाई राह :** सुशील बताते हैं एक बार राजस्थान से घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार हादसे की शिकार हो गई। हादसा छुट्टा जानवर के कारण हुआ। सुशील और जानवर दोनों चोटिल हो गए। तभी से मन बना लिया कि छुट्टा जानवरों की मदद करेंगे। इससे हादसे भी नहीं होंगे।

**हादसों में उप्र का आंकड़ा सर्वाधिक:** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, देश में हुई दुर्घटनाओं में सबसे अधिक आंकड़ा उप्र का है। बीते वर्ष में मृत्यु होने वाले राहगीरों की संख्या 24,711 रही है। जिसमें छुट्टा जानवरों की चपेट में आने वाले 44 .5 प्रतिशत लोग शामिल हैं।

# खेल से अब युवा बना रहे कॅरियर

▸▸ भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य बोलीं- प्रतियोगिताओं से पुर्नस्थापित हुए प्राचीन खेल

▸▸ मकबरा स्टेडियम में हुआ तीन दिवसीय सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन



रस्साकशी प्रतियोगिता की शुरुआत करतीं मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह। साथ में अयोध्या सांसद व महापौर।

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** पूर्व में सरकारों ने खेलों को प्रोत्साहित नहीं किया। मोदी सरकार ने इसको प्रोत्साहित करना शुरू किया तो युवाओं की सोच बदली गई। युवा अब खेल को भी व्यवसाय रूप में स्वीकार करने लगे हैं और इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना रहे हैं।

ये बातें शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य दर्शना सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि लगभग लुप्तप्राय हो चुके गांवों के प्राचीन खेलों को प्रतियोगिता में शामिल किये जाने के चलते इन खेलों को पुर्नस्थापित होने का मौका मिला है। सौभाग्य से मैं भी उसी सदन की सदस्य हूं, जिस सदन में पीटी उषा बैठती हैं। जिस तरह से वह धैर्य पूर्ण तरीके से सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेती है,यह साबित करता है कि जीवन का यह धैर्य खिलाड़ी जीवन से मिलता है। तीन बच्चों की मां होते हुए भी मैरीकॉम ने बॉक्सिंग की प्रैक्टिस जारी रखी, यह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

वो डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम मकबरा में आयोजित सांसद प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता का झंडारोहरण व दीप प्रज्ज्वलन कर उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम में मौजूद खिलाडियों और अन्य को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कबड्डी व रस्साकसी के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके पूर्व स्टेडियम पहुंचने पर राज्य सभा सदस्य का महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने तिलक लगा और माला पहना कर उनका स्वागत किया। छात्राओं के समूह ने स्वागत में नृत्य व गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बालिकाओं की खेल के प्रति रूचि बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार आया है। संचालन नेहा तिवारी ने किया। इस अवसर पर महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, ब्लॉक प्रमुख अभिषेक सिंह, गोसाईगंज चेयरमैन विजय लक्ष्मी जायसवाल, आईएमए अध्यक्ष डॉ. मंजूषा पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी में एक दूसरे की टीम से भिड़ी खिलाड़ी। अमृत विचार

### 15 हजार तक मिलेगा इनाम

तीन दिवसीय सांसद प्राइज मनी खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, खोखो, रस्साकशी के विजेता को 15 हजार व उपविजेता को को 11 हजार रुपये दिए जाएंगे। वहीं लंबी कूद व दौड़ प्रतियोगिता के लिए प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100 व तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये तय किया गया है।

### पहले दिन बाजी रही इनके हाथ

प्रतियोगिता में पहले दिन खो-खो में रामपुर भगन ने तारून, ग्रामोदय कन्या इंटर कॉलेज ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय बीकापुर, सराय बरई ने राम चरन इंटर कॉलेज, माध्यमिक विद्यालय बीकापुर ने जिला क्रीडा समिति तथा कम्पोजिट विद्यालय खंडासा ने महाराजा इंटर कॉलेज को पराजित किया। वहीं कबड्डी में आनंद एकेडमी की टीम ने उमापुर मवई, बनी कोडर ने उमापुर मवई , पूर्व मा .वि . चौरे बाजार ने महाराजा इंटर कॉलेज, केटी पब्लिक स्कूल ने बालिका विद्यालय रामपुर, कम्पोजिट विद्यालय खंडासा ने श्री रामबल्लभा इंटर कॉलेज, ग्रामोदय कन्या इंटर कॉलेज ने स्टेडियम डाभासेमर,जन समाज इंटर कॉलेज ने टीएनआईसी बीकापुर, रामपुर भगन ने मैथेडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज,कस्तूरबा गांधी स्कूल की टीम ने श्री रामचरन इंटर कॉलेज कुमारगंज और एचसीजे एकाडमी की टीम ने स्टेडियम डाभासेमर की टीम को पराजित किया।

## एलएलबी की परीक्षा में 39 नकलची धरे गए

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय विषम सेमेस्टर की चल रही परीक्षा में शुक्रवार को द्वितीय पाली में सचलदल की सघन तलाशी में सिटी लॉ कालेज बाराबंकी में 39 परीक्षार्थी नकल करते धरे गए। इन परीक्षार्थियों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि एलएलबी विषम सेमेस्टर की परीक्षा के साथ एमएससी एजी की परीक्षा दो पालियों में चल रही है। अन्य कॉलेजों में शुक्रवार की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन हुई।



# शिक्षक और कर्मचारी भी नहीं ले जा सकते मोबाइल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ आगरा पेपर लीक कांड के बाद शिक्षा निदेशक ने जारी किया प्रतिबंध

**अमृत विचार :** आगरा में गुरुवार को हुए कथित पेपर लीक कांड के बाद परीक्षा केंद्रों पर अब शिक्षकों और कर्मचारियों का मोबाइल भी प्रतिबंधित कर दिया गया है।

शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश के तहत परीक्षा केन्द्र परिसर के अंदर मोबाइल फोन अथवा ऐसे इलेक्ट्रानिक संयंत्र जिससे साधन प्रयोग की आशंका हो, ले जाने की अनुमति बिल्कुल न दी जाए। कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न अन्य कर्मियों के मोबाइल फोन मुख्य प्रवेश द्वारा पर अथवा उसके निकट रखने की व्यवस्था डीआईओएस व केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा की जाए। किसी भी दशा में मोबाइल उस कक्ष में न रखे जाए जहां प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाएं रखी हों। शासन से निर्देश दिए गए हैं कि केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा कार्य में लगा कोई भी व्यक्ति केन्द्र के अंदर मोबाइल लेकर प्रवेश न करे। स्टेटिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त कोई भी कर्मचारी मोबाइल का प्रयोग करता है तो तत्काल कार्रवाई की जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि निर्देश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

# काशी और मथुरा में बनेगा भव्य मंदिर : उमा भारती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है। अब काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण का इंतजार भी जल्द खत्म होगा। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली साध्वी उमा भारती ने कहीं।

वे शुक्रवार को यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। उन्होंने रामजन्मभूमि मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी व कनक भवन में भी दर्शन किया। काशी और मथुरा के मामले पर उन्होंने कहा कि इसकी सुनवाई कोर्ट में है। लेकिन मथुरा और काशी में मंदिर बनना बहुत जरूरी है। मेरी आस्था मेरे दिल में है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी नहीं निभाई है। विपक्ष का काम आलोचना करना ही नहीं बल्कि देश के प्रति कुछ जिम्मेदारी भी होती है। विपक्ष को जो मुख्य मुद्दे उठाए जाने थे, उसे नहीं उठाया। उन पर बोलना अपना अपमान समझते थे। इसलिए अब वोट उन लोगों के खिलाफ पड़ना है। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 15 से 20 सीटों पर सिमट कर रह जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की खुलकर प्रशंसा। कहा जल्द ही अयोध्या नगरी विश्व का सबसे बड़ी पर्यटन स्थल बनने जा रही है। आने वाले समय में मुस्लिम के सबसे बड़े धार्मिक स्थल मक्का मदीना को भी पीछे छोड़ देगी और यहां प्रशासन को व्यवस्थाओं में भी बड़ा परिवर्तन करना पड़ेगा।



रामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन कर लौटतीं पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती।

▸▸ पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रामलला का दर्शन-पूजन कर लिया आशीर्वाद

## सार-संक्षेप

### सड़क के बीच लगे विद्युत खंभे, हादसों को दे रहे दावत

**सिधौलीध्सीतापुर।** विकास खंड सिधौली के ग्राम हरदोइया में पिछले कई वर्षों से सड़क के बीचों-बीच बिजली का खंभा लगा हुआ है। यह संपर्क मार्ग हरदोइया और सरवा गांव को जोड़ता है। प्रमुख मार्ग होने के कारण कई बार ट्रैक्टर व अन्य साधन इन खंभों से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो चुके है। वहीं दर्जनों राहगीर और ग्रामीण चोटिल हो चुके हैं। उक्त सड़क पर ग्राम पंचायत से इंटरलॉकिंग का निमार्ण कराया जा रहा है। यह सड़क प्रमुख रूप से प्राथमिक विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं, अध्यापकों की सुविधा के लिए बनाई जा रही है। प्राथमिक स्कूल मतदेय स्थल भी है और स्कूल तक आने जाने का कोई सुगम रास्ता नहीं है। सड़क का निर्माण लोकसभा चुनाव की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए कराया जा रहा है, ताकि पोलिंग पार्टी वाहन सहित स्कूल तक पहुंच सके। ग्राम प्रधान बुद्ध प्रकाश ने बताया कि इस बिजली के खंभे से कई बार हादसे हो चुके हैं, अनेक वाहन चालक टकराकर घायल हो चुके हैं। बिजली के खंभे को हटाने के लिए ग्राम प्रधान बुद्ध प्रकाश ने विद्युत विभाग के सभी उच्च अधिकारियों को पत्र देकर ध्यानाकर्षित कराया है, लेकिन यह समस्या यथावत बनी हुई है। विद्युत विभाग हरदोइया गांव की इस ज्वलंत समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। विद्युत विभाग की इस प्रकार की लापरवाही से भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

### आग लगने से नकदी सहित लाखों की गृहस्थी खाक

**सीतापुर, अमृत विचार।** पिसावां थाना क्षेत्र में गांव के दो घरों में अज्ञात कारणों से लगी आग लग गईं जिससे नगदी सहित लाखों रुपए का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। थ्पसावां के ढखिया कला निवासी बुद्धा पुत्र मुल्ला के घर में शुक्रवार दोपहर बाद अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते, तब तक आग ने पड़ोसी इंद्रपाल पुत्र रामचरन के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। काफी प्रयास व मशक्कत के बाद किसी तरह से ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। आग लगने से बुद्धा के घर मे रखी छह हजार रुपए की नगदी सहित करीब 70 हजार रुपए की गृहस्थी जलकर राख हो गई। वहीं इंद्रपाल के घर मे सात हजार रुपए की नगदी सहित लगभग 35 हजार रुपए का सामान जल गया। पीड़ितों ने घटना की जानकारी संबंधित लेखपाल को दे दी है।

### विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठी आशा बहुएं

**सांडा, सीतापुर,अमृत विचार।** विकासखंड इलाके में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा पर विभिन्न मांगों को लेकर आशा बहुओं ने कार्य बंद कर धरने पर बैठी। स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य मांगों को लेकर आशा बहुओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक को देकर गुहार लगाईं। सीएचसी में धरने पर बैठी आशाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित 5 सूत्री ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा देते हुए स्थाई किया जाए। प्रतिमाह निश्चित मानदेय दिया जाए। उन्हें जो भी पारिश्रमिक मिलता है उसकी पूरी जानकारी उन्हें दी जाए और उन्हे मिलने वाले पारिश्रमिक पर हो रही कमीशन बाजी बंद की जाए। आशा बहुओं बताया कि जब वह ग्रामीण क्षेत्र से सुरक्षित प्रसव के लिए महिलाओं को अस्पताल लाती हैं। इस कार्य में कभी-कभी उन्हें देर रात में अस्पताल आना पड़ता है, लेकिन अस्पताल में उनके रुकने की कोई व्यवस्था नहीं होती जिससे उन्हें परेशान होना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से आशाओं ने कार्य के दौरान अस्पताल में उनके रुकने की समुचित व्यवस्था की भी मांग की है। संगठन की अध्यक्ष कमलेश सिंह के साथ राम रानी,प्राची रूबी देवी,बिट्टो देवी,प्रेमावती,शिवलता, गीता देवी,विद्यावती,गुड्डी देवी,मिथिलेश कुमारी, शर्मा देवी,ममता देवी, सुशीला देवी,जय देवी आदि बड़ी संख्या में आशा मौजूद रही।

### अवैध पार्किंग स्थल बना सिधौली-मिश्रिख मार्ग

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** आए दिन होने वाले हादसों से सड़के लाल होने के बावजूद भी जिम्मेदार अधिकारी खामियों को दूर करने को लेकर गंभीर नहीं है। जिस वजह से ग्राम अलादादपुर के पास बने पुलिस फायर स्टेशन के सामने का सिधौली-मिश्रिख मार्ग पार्किंग स्थल में तब्दील हो गया है। रात में यह वाहन सुरक्षित सफर में सबसे बड़ा खतरा है। यह वाहन किसी आम नागरिकों द्वारा नहीं खड़े किए गए बल्कि यह वाहन एआरटीओ के जिम्मेदार अधिकारियों ने किसी कारण वश पकड़कर खड़े किए हैं। यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं जिसके कारण आने-जाने वाले राहगीरों में काफी खौफ है। उक्त समस्या को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने सांसद कौशल किशोर से भी शिकायत की थी, जिस पर उपजिलाधिकारी सिधौली ने शीघ्र जमीन चिन्हित कर वाहनों को हटाने की बात कही थी, लेकिन आज तक लोगों की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। सिधौली-मिश्रिख मार्ग सहित अन्य स्थानों पर संचालित दुकान, ढाबों के किनारे खड़े वाहन भी हादसों को न्योता दे रहे हैं। दिन हो या रात अक्सर सड़क किनारे छोटे-बड़े वाहनों के खड़े होने के कारण हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसके बावजूद भी जिम्मेदार इस और ध्यान न देकर महज खानापूर्ति कर सीमित होकर रह गए हैं। जबकि शासन ने सड़क किनारे वाहन खड़ा करने पर रोक लगा रखी है। हाईवे सहित अन्य सड़कों पर शासन का आदेश बेअसर दिख रहा है।सिधौली नगर के पांच किलोमीटर की दूरी के आस-पास सबसे अधिक वाहन खड़े होते हुए देखें जा सकते हैं।

### यात्री सेवा व संरक्षा को वरीयता देते हुए करें काम

**अयोध्या, अमृत विचार :** यात्री सेवा व संरक्षा को वरीयता देते हुए कार्य किए जाएं। ये निर्देश उत्तर रेलवे के मुख्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली की वरिष्ठ उप महाप्रबंधक डॉ. मोनिका अग्निहोत्री ने दिए।वो शुक्रवार को अयोध्या धाम जंक्शन का निरीक्षण कर रहीं थीं। उन्होंने अयोध्या कैंट सहित अन्य निकटवर्ती स्टेशनों दर्शननगर व सालारपुर का भी निरीक्षण कर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, यात्री प्रबंधन की नीति, आस्था कमांड सेंटर, एकीकृत कमांड सेंटर, प्लेटफॉर्म, स्टेशन परिसर, टिकटिंग प्रणाली सहित अन्य समस्त व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विशेष गाड़ियों से आए यात्रियों से संवाद कर उनके विचारों से अवगत हुईं। इस निरीक्षण कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक अयोध्या सचिन वर्मा सहित मण्डल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### मानव संपदा पोर्टल पर अब देना होगा संपत्ति का ब्योरा

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मियों को भी अब अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर देना होगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से 27 फरवरी को इस आशय का बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया था। इसके अनुसार प्रथम चरण का ऑनलाइन प्रशिक्षण भी यूट्यूब के जरिए शुक्रवार को हुआ। यूट्यूब लिंक महानिदेशक एवं राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से जारी किया गया है। बीएसए संतोष कुमार रायने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देने का आदेश आया है। सभी को अनुपालन के निर्देश दिए गए हैं। पहला प्रशिक्षण शुक्रवार को कराया गया है।

### अपहृत किशोरी 24 घंटे में मिली, रिपोर्ट दर्ज

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव से अपहृत किशोरी को पुलिस ने 24 घंटे में खोज लिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजवाया है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार देर शाम खेत के लिए निकली किशोरी गायब हो गई थी। खोजबीन कर थके हारे परिजनों ने घटना की तहरीर पूरा कलंदर पुलिस को दी और पुत्री के अपहरण करने का अंदेशा गांव के ही एक युवक पर जताया। पुलिस अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुट गई। थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा के बताया कि घटना के 24 घंटे में किशोरी खोजकर उसे मेडिकल व मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान के लिए भेजा गया है। जैसे -जैसे तथ्य सामने आएंगे कार्रवाई की जाएगी।

### प्रो. प्रतिभा राय बनी शिक्षा संकायाध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ . राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो . प्रतिभा गोयल ने साकेत महाविद्यालय की प्रो . प्रतिभा राय को शिक्षा संकाय का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलपति के शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार प्रो . राय का कार्यकाल अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से तीन वर्ष अथवा अधिवार्षिता आयु पूरा होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक जो भी पूर्व में तक के लिए किया गया।

### स्वास्थ्य शिविर : छह महिलाएं हाई रिस्क से ग्रसित मिलीं

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस अभियान के तहत शुक्रवार को सीएचसी बीकापुर में स्वास्थ्य शिविर लगा। 52 महिलाओं का पंजीकरण किया गया। डॉ . प्रतीक्षा वर्मा नेबताया कि महिला स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने गर्भवती महिलाओं की विभिन्न प्रकार की जांच की। जिसमें छह महिलाएं हाई रिस्क की पाई गई। जिन्हें जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। शिविर में आई गर्भवती महिलाओं को फल का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में स्टाफ नर्स प्रिया वर्मा, अजितेश शुक्ला, प्रतिभा, एएनएम नीलम आदि शामिल रही।

### गन्ना किसानों का किया भुगतान

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, यूनिट - रौजागांव द्वारा वर्तमान पेराई सत्र 2023-24 का 23 फरवरी तक क्रय किए गए गन्ने का गन्ना मूल्य 9 .03 करोड़ रुपये का भुगतान दिनांक एक मार्च को कर दिया गया है। इकाई प्रमुख सुधीर कुमार ने कृषको से अनुरोध किया है कि जिस क्षेत्र में प्रजाति को 0238 में रेडरॉट का प्रकोप आ गया है। उस क्षेत्र के किसान अपने संबंधित मिल स्टाफ से मिल कर गन्ना बीज नर्सरी से ले सकते हैं। जिन खेतों में रेडरॉट का प्रकोप है उस खेत में पेड़ी गन्ना न लें।

# रजिस्ट्रार व शाखा प्रबंधकों समेत सात के खिलाफ दर्ज करें केस

अयोध्या कार्यालय

▸▸ कोर्ट ने दिए आदेश, मामला बैंक से 30 लाख रुपये निकाल लेने का

**अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक गोसाईगंज, नगर पंचायत के रजिस्ट्रार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक और हेड कैशियर समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश हुआ है। यह आदेश सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट अतुल पाल की अदालत से शुक्रवार को हुआ।

फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता केके सिंह ने बताया कि अरविंद उपाध्याय निवासी कटरा थाना गोसाईगंज के पिता राम यश उपाध्याय व्यवसाय करते थे। माता-पिता के नाम से संयुक्त खाता पंजाब नेशनल बैंक शाखा गोसाईगंज व सेंट्रल बैंक शाखा गोसाईगंज में खोला गया। जिसका उपयोग दोनों लोग करते रहे। राम यश उपाध्याय की मृत्यु हो जाने के बाद खातों का संचालन उनकी पत्नी के द्वारा किया जाता था। सेंट्रल बैंक में माता-पिता के द्वारा अरविंद उपाध्याय को नॉमिनी नियुक्त किया गया था। अरविंद के भाई प्रवीण उपाध्याय ,बहन वंदना उपाध्याय उर्फ वंदना पांडे द्वारा पंजाब नेशनल बैंक शाखा गोसाईगंज के प्रबंधक और हेड कैशियर तथा सेंट्रल बैंक के प्रबंधक और हेड कैशियर की मिली भगत से 30 लाख रुपये 14 मार्च 2022 को वंदना के खाते में ट्रांसफर करा लिये। इसके अतिरिक्त अन्य तमाम धनराशि बैंक अधिकारी व कर्मचारियों के साजिश व षड्यंत्र से निकासी की गई। सेंट्रल बैंक शाखा गोसाईगंज के प्रबंधक और हेड कैशियर द्वारा साजिश करके अरविंद का नाम नॉमिनी के कालम से खारिज कर दिया। कूट रचित आवेदन व शपथ पत्र देकर माता का मृत्यु स्थान गोसाईगंज दर्शाकर अनैतिक तरीके से लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु पंजीयन नगर पंचायत गोसाईगंज के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी किया गया ।मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने प्रवीण कुमार उपाध्याय निवासी कटरा, वंदना उपाध्याय, शाखा प्रबंधक व हेड कैशियर पंजाब नेशनल बैंक ,रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु नगर पंचायत गोसाईगंज, शाखा प्रबंधक व हेड कैशियर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना करने का आदेश किया है।

## चुनाव के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**अयोध्या,अमृत विचार :** चुनाव आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए आयोग के निर्देश पर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। सभी को आयोग के दिशा-निर्देश का कड़ाई से अनुपालन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# एक साथ रहने को राजी हुए 45 जोड़े

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम में तीन मुस्लिम समुदाय के जोड़े भी रहें शामिल

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** जिले में मंत्रो उच्चारण के साथ वैवाहिक समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे 45 जोड़े एक साथ मिलकर जीवन गुजारने को राजी हुए।

विकास खंड के अन्तर्गत स्थित डाक बंगला जगदीशपुर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। जिसमे ब्लाक जगदीशपुर व मुसाफिर खाना शुकुल बाजार से आए हुए वर वधू मंत्रो उच्चारण के साथ वर द्वारा वधू के मांग मे सिंदूर भरकर सात फेरे लगाते हुए विवाह सर्टीफिकेट प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में तीन मुस्लिम समुदाय के जोड़े भी शामिल रहे। जिनकी निकाह प्रक्रिया मौलाना द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी व उप जिलाधिकारी दिग्विजय सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



मुख्यमंत्री विवाह योजना में मौजूद दंपत्ति। अमृत विचार

### सांसद स्मृति के निर्देश पर चौपाल लगाकर किया गया आयोजन

**अमेठी।** सांसद स्मृति जुबिन ईरानी के निर्देश पर शुक्रवार को न्याय पंचायत ब्रहमनी में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता बहादुरपुर खण्ड विकास अधिकारी बिजेंद्र सिंह व सहायक विकास अधिकारी अनिल सिंह के द्वारा समस्या सुनी गई। जिसमें पेशन आवास शौचालय परिवार रजिस्टर सम्बधित आदि समास्या सुनी गई। सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी स्टॉल लगाकर लोगो की समस्या सुनी गई। जिसमें समाज कल्याण विभाग कृषि विभाग विद्युत विभाग स्वास्थ विभाग बाल विकास परियोजना राजस्व विभाग पंचयती राज्य आदि विभागो की समस्या सुनी गई। चौपाल में कुल 37 प्रार्थना पत्र मिले है। सबसे ज्यादा पंचायती राज्य प्रार्थना पत्र मिले है। वहीं संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। इस मौके पर धर्मेंद्र गिरि, महेश कुमार पाण्डेय, आशीष यादव, दिलीप सिंह, शक्ति, मिथलेश सोनी, अनिल, रामबहादुर आदि लोग मौजूद रहें।

# स्मृति की पहल पर सभी 17 ब्लॉकों में छह मार्च को होगी सांसद महिला मैराथन दौड़

अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद दीदी स्मृति इरानी अपने संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के लिए गांव-गांव सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही हैं। प्रतियोगिता में अब तक डेढ़ लाख के करीब महिलाओं ने प्रतिभाग के लिए अपना पंजीकरण करवाकर अलग-अलग खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हैं।

केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि स्मृति के निर्देश पर संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के सर्वांगीण विकास के

▸▸ **25 वर्ष आयु वर्ग से अधिक की महिलाएं करेंगी प्रतिभाग**



लिए बड़े स्तर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही हैं। संसदीय क्षेत्र के सभी गांवों से महिलाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए अपना पंजीकरण करवाकर खेल रही है। अब तक डेढ़ लाख के करीब महिलाओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अपना पंजीकरण करवा लिया है।

प्रतियोगिता में पंजीकरण निः शुल्क है। आगामी छह मार्च को संसदीय क्षेत्र के सभी 17 ब्लाकों में सांसद महिला मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन होगा। जिसमें 25 वर्ष आयु वर्ग से अधिक की महिलाएं प्रतिभाग करेंगी।

प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी महिलाओं को स्मृति ईरानी अपने हाथों से जिला मुख्यालय गौरीगंज में पुरस्कृत करेंगी। इसी के साथ प्रतियोगिता का समापन भी होगा। जिसमें स्मृति ईरानी खुद भी मौजूद रहेंगी। उनकी इच्छा अपने संसदीय क्षेत्र को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली के साथ वह अपनों के लिए समय-समय पर बड़े स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाकर सभी के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

### एक नजर

#### अन्नपूर्णा भवन व ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पास मशीनों का किया जाएगा लोकार्पण

**अमेठी।** जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने बताया कि आज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा प्रात: 10 बजे से लोकभवन सभागार लखनऊ से नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पास मशीनों का लोकार्पण किया जाएगा, जिसका सजीव प्रसारण अन्नपूर्णा भवन इन्हौना में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा।

#### ई-रिक्शा की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल

**फुरसतगंज, अमेठी।** कस्बे के स्टेशन रोड पर घर से शौच के लिए कौशल्या देवी (45) पत्नी रामधनी निवासी फुरसतगंज अपनी बेटी स्वाती के संग घर से निकल कर थोड़ी दूर पहुंची ही थी कि पीछे से आ रहे ई-रिक्शा ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कौशल्या गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटी स्वाती ने तत्काल डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज लाया गया। अस्पताल में घयाल का उपचार चल रहा है।

#### चुनावी बिगुल फूंकने आ रहे है जितेंद्र सिंह

**गौरीगंज, अमेठी।** लोकसभा चुनाव में बिगुल फूंकने आज केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पीएमओ कार्यालय के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेंद्र सिंह का आगमन जनपद में हो रहा हैं। वह सुल्तानपुर से सड़क मार्ग द्वारा सीधे गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पहुंचेंगे। यहां पर वह लोक सभा व पांचो विधान सभाओं की संचालन समिति के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं सहित कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे।

# जायस कस्बे में बाईपास पर नेशनल हाईवे की उखड़ी गिट्टी, राहगीर हो रहे चोटिल

## कस्बे में जुलूस, रैली या फिर झांकी निकलने पर इसी जगदीशपुर रोड पर बाईपास से रूट किया जाता है डायवर्ट

जायस, अमेठी

**अमृत विचार।** नगर पालिका की लापरवाही कहें या फिर एनएचएआई की मनमानी। कस्बे वासियों की माने तो बारिश के साथ सड़क किनारे बनी नाली से उफान मारकर निकलने वाले पानी से सड़क की गिट्टियां उखड़ जाती हैं।

नाली से निकलने वाले पानी की उचित व्यवस्था को लेकर पालिका प्रशासन भी सजग नहीं है। नाली में भरे गंदे पानी से उठने वाली दुर्गंध से दुकानदार भी परेशान व हैरान हैं। वहीं इस समस्या को दूर करने के लिए एनएचएआई भी कोई ठोस पहल नहीं कर रही है। जिसका खामियाजा राहगीरों को उठाना पड़ रहा हैं।

जायस से होकर गुजरने वाले बांदा से टाण्डा को जाने वाला नेशनल हाइवे कस्बे के भीतर जर्जर है। आये दिन राहगीर, बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे है। अक्सर भारी वाहन इसी गड्ढे में फंस जाते है, तो लंबा जाम लग जाता है, जिससे पुलिस के साथ पालिका प्रशासन को मशक्कत कर फंसे वाहन को निकालने और जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के लिए मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। नेशनल हाइवे से ही होकर जायस कस्बे के भीतर से जगदीशपुर रोड लिंक है। जो कस्बे के बाहर से होकर गुजरता है।



जायस कस्बे में जगदीशपुर तिराहे पर जर्जर सड़क। अमृत विचार

जायस कस्बे में जब कोई जुलूस, रैली या फिर झांकी निकलती है तो जगदीशपुर रोड़ से ही वाहनों को डायवर्ट कर दिया जाता है। टी प्वाइंट में बने मोड़ से भारी वाहनों के गुजरने से नेशनल हाईवे की गिट्टियां उखड़ कर सड़क एक दम जर्जर हो गई है। सड़क जर्जर होने की मुख्य वजह नाली से निकलने वाला पानी माना जाता है। चाहे बारिश का पानी हो या फिर नाली से उफनाकर निकलने वाला पानी, उचित जल निकासी न होने से सड़क पर पानी आने से धंस गई है। जिसमें मालवाहक वाहन अक्सर फंस जाते है। इस समस्या को दूर करने के लिए न पालिका प्रशासन सजग है और न ही एनएचएआई कोई ठोस कदम उठा रहा है।

मालवाहक, निजी वाहनों से एनएचएआई टोल पर टैक्स वसूल रही है, लिंक रोड हो या फिर कस्बे के भीतर सड़कों क्षतिग्रस्त होने पर एनएचएआई सजग नहीं है, जगदीशपुर तिराहे पर सड़क डाउन है जिसकी वजह से नाली और बारिश का पानी भर जाता है, जिससे सड़क जर्जर हो जाती है।



**-रमेश कुमार सिंह पूर्व ब्लॉक प्रमुख**

बहादुरपुर में भी नेशनल हाईवे से एएनएम सेंटर को जाने वाली लिंक सड़क पर पैच न लगा होने के कारण हाइवे पर चढ़ने व उतरने के समय दुर्घटनाओं की प्रबल संभावना रहती है, इसी मोड़ पर पिछले वर्ष ही ड्यूटी पर जाते समय बाइक सवार एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया था।



**- छेदीलाल अग्रहरी व्यापारी**

जायस कस्बे के भीतर जगदीशपुर तिराहा और मछली मंडी के पास सड़क क्षतिग्रस्त होने की वजह से आये दिन जाम के झाम से गुजरना पड़ता है, इसकी मरम्मत के लिए न पालिका प्रशासन पहल कर रहा है और न ही एनएचएआई विभाग सजग है।



**-जितेंद्र सिंह व्यवसाई**

जगदीशपुर तिराहे पर सड़क जर्जर होने की वजह से आये दिन बाइक सवार फिसलकर गिरने के बाद चोटहिल हो रहे है, सड़कों पर गिट्टियां उखड़कर बिखरी पड़ी है, नाली में भरा गंदा पानी से उठने वाली दुर्गंध से वहां पर खड़ा होना दुस्वार हो जाता है।



**-मुस्तकीम बघेल किसान**

# आरटीआई में खुलासा, बिना मान्यता और मानक विहीन चल रहा स्कूल

अमेठी

**अमृत विचार।** वैसे तो जिले में बिना मान्यता के चल रहे स्कूलों का आंकड़ा शिक्षा विभाग के पास नहीं है। निरीक्षण में अगर कोई ऐसा विद्यालय मिल भी जाता है तो उसे कागज के टुकड़े में नोटिस बताकर स्कूल संचालक को थमा दिया जाता है। लेकिन उस नोटिस का असर कहीं दूर-दूर तक नजर नहीं आता है। विभाग को कुम्भकर्णी नींद से जगाने के लिए एक युवक ने आरटीआई के जरिये नौ बिंदुओं पर जानकारी मांगी तो मान्यता से इतर कक्षाओं के संचालन, मानक बिना पूरा किये मान्यता देना, अयोग्य शिक्षकों की भरमार, अभिलेखों से इतर शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य कराए जाने जैसे तमाम मामले उजागर हुए। लेकिन

▸▸ **न खेलकूद का मैदान है और न ही बाउंड्री, जरूरत के अनुसार कक्ष भी नहीं है पूरे**

फिर भी विभाग चुप्पी साधे हांथ-पर हांथ धरे बैठा है।

थाना जायस क्षेत्र अन्तर्गत मौलवी खुर्द निवासी नंदकुमार ने शिक्षा विभाग की काली करतूतों को उजागर करने के लिए जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत विकास खंड बहादुरपुर के जायस जगदीशपुर रोड़ पर मौलवी खुर्द में अवंती बाई लोधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की नौ बिंदुओं पर सूचना मांगी थी। जन सूचना अधिनियम के तहत मांगी गई सभी बिंदुओं पर कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर राकेश कुमार सचान ने जो आख्या दी है। उससे विभाग के संरक्षण में मानक विहीन



अवंती बाई लोधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का मुख्य द्वार। अमृत विचार

और मान्यता से इतर शिक्षण कार्य होने का खुलासा हुआ है। इतना ही नहीं मान्यता देते समय भी मानकों का ख्याल नहीं रखा गया था।

प्राइमरी स्कूल की मान्यता मौलवी खुर्द में है, और जूनियर स्कूल की मान्यता मौलवी कला में है। लेकिन दोनों मान्यता की कक्षाओं का संचालन जूनियर स्कूल की मान्यता के प्रांगण में संचालित की जा रही है। आरटीआई में पूंछा गया था कि क्या विभाग द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया है तो जवाब में बताया गया है कि बराबर निरीक्षण कर उचित निर्देश दिए जाते रहे हैं। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

आरटीआई के जरिये हुए खुलासे में अवंती बाई लोधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की मान्यता कक्षा एक से 8 तक की है। लेकिन स्कूल में कक्षाएं एलकेजी और यूकेजी की भी संचालित की जा रही है। मानकों को दरकिनार करते हुए स्कूल को मान्यता दे दी गई। स्कूल परिषर की न तो बाउंड्री हुई है और न ही अवश्यतानुसार भवन है। कक्षा 8 तक कि कक्षाओं के संचालन के लिए स्कूल में मात्र तीन कमरें बने है, बांकी टीन सेड के नीचे असुरक्षित महसूस कर बच्चे शिक्षण कार्य कर रहे है। आरटीआई में यह भी दर्शाया गया है कि स्कूल में शिक्षण कार्य राजीव कुमार वर्मा, रज्जन लाल, कन्हैया लाल, अमरदीप लोधी, सुचेता लोधी, दुर्गा प्रसाद मिश्र, मंजू देवी पांडेय व महिमा वर्मा द्वारा किया जाता है। जबकि आरटीआई से मांगी गई सूचना करता ने बताया कि अमरदीप और सुचेता स्कूल के शिक्षण कार्य मे शामिल नहीं है, इनके स्थान पर अयोग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य करवाया जाता है। खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सचान ने बताया कि अवंती बाई लोधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की जांच की गई है।

जांच में जितनी कमियां मिली है, बीएसए को आख्या भेज दी गई है। इस संबंध में जब बीएसए से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

### सार-संक्षेप

#### ओ-लेवल, सीसीसी के छात्रों को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

**अमेठी।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र पांडे ने बताया कि पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित नि:शुल्क ओ-लेवल (एक वर्ष) और सीसीसी (तीन माह) के कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को शुक्रवार को जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि ओ लेवल के 17 और सीसीसी के 20 प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

#### राम कथा प्रतीक्षा व प्रेम की कथा है : शान्तनु महाराज

**अमेठी।** शुक्रवार को अमेठी के भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के तीसरे दिन अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य शान्तनु महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के जन्म के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए कहा कि राम कथा प्रतीक्षा और प्रेम की कथा है। दशरथ की प्रतिक्षा पर चार भाइयों के साथ उनके घर जन्म लेकर प्रेम दिया। वशिष्ठ, विश्वामित्र, सीतानजी, जनक, निषादराज, जटायु, हनुमान जी, बाली, सुग्रीव, अंगद व विभीषण की प्रतीक्षा सफल हुई और सभी को भगवान का प्रेम प्राप्त हुआ। इतना ही नहीं रावण को भी प्रतीक्षा का फल मिला और राक्षसी प्रवृत्ति के बाद भी राम नर उसका अपने हांथों से उद्धार किया। मास दिवस का दिवस भा, मर्म न जानै कोय। रथ समेत रवि थाक्यों, निशा कवनि विधि होय। राम जन्म के बाद जब एक माह तक सूर्यास्त नहीं हुआ तो चंद्रमा को चिंता हुई और उन्होंने भगवान से पूछा कि हमें दर्शन कब मिलेगा। आप सूर्य को कहें कि वे जाएं और हमें मौका दें। राम जी ने कहा कि सूर्य हमारे पूर्वजों में सबसे वरिष्ठ हैं हम उन्हें आदेश नहीं कर सकते। आप प्रतीक्षा करें इस बार मैंने सूर्य वंश में जन्म लिया है। द्वापर में चन्द्र वंश में जन्म लेकर आपको अपने स्नेह से संतुष्ट कर दूंगा। चंद्रमा ने कहा कि मैं किस सहारे पर इतने दिन प्रतिक्षा कर पाऊँगा, कोई आधार दें तो भगवान राम ने कहा कि मैं तुम्हे अपने नाम का आधार दे रहा हूं न आज से मेरे नाम के साथ तुम्हारा नाम जुड़ जायेगा और इसके बाद भगवान का नाम श्रीराम चन्द्र हो गया।

#### नहीं रहे साहित्य के स्तम्भ राधेश्याम तिवारी, शोक की लहर

**अमेठी।** कविता और साहित्य प्रेम के लिए अवध की धरती पर हमेशा सुर्खियों में रहें आरआरपीजी कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर और इतिहास विभाग के अध्यक्ष रहे डॉ. राधेश्याम तिवारी के निधन से नगर से ग्रामीण अंचल तक शोक की लहर दौड़ गई है। राधेश्याम तिवारी कॉफी समय से बीमार चल रहे थे। आरआरपीजी कालेज में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की गई। सोशल मीडिया पर शोक संवेदना का क्रम देर शाम तक चलता रहा। ककवा के मूल निवासी डॉ. राधेश्याम तिवारी को इतिहास के साथ साहित्य से विशेष प्रेम था। हर वर्ष 25 दिसंबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन करते थे और नामचीन कवियों को अमेठी में काव्य पाठ के लिए बुलाते थे। कॉलेज के प्रिंसिपल पीके श्रीवास्तव प्रबंधक, अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ.संजय सिंह, पूर्व मंत्री डॉ. अमीता सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ. त्रिवेणी सिंह, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ. अंगद सिंह, डा. अर्जुन पांडेय, डा. ज्वलंत कुमार शास्त्री, डा. धनंजय सिंह, डा. सुरेन्द्र प्रताप यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष अरविंद शुक्ला, पूर्व प्रमुख घनश्याम चौरसिया, रश्मि सिंह, अमरेन्द्र सिंह पिंटू, अंजनी कुमार सिंह उर्फ डब्बू सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, डा. पूनम सिंह, एडवोकेट बब्बन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार अम्बरीश मिश्र, संजीव भारती, डा. देवमणि तिवारी, रवीन्द्र सिंह, विजय पाल उपाध्याय, राम मोहन मिश्र, मीरा गुप्ता, देवांशु सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, कपिल देव मौर्य, मनोज शुक्ला, मनोज तिवारी, मो. कुद्दूस खां, धर्मेंद्र नाथ शुक्ल एडवोकेट, मंदीप सिंह, विपिन चन्द्र शुक्ल आदि ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति को ईश्वर से प्रार्थना की है।

#### बाजार शुक्ल में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**बाजारशुक्ल, अमेठी।** ग्राम सभा मांझगांव में शर्मा परिवार की ओर से श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम पन्ही से होते हुए आदि गंगा गोमती से जल भर के पुन: यज्ञ बेदी पर समाप्त हुई। इस अवसर पर पीले वस्त्र पहन व सिर पर कलश धारण कर बड़ी संख्या में महिला व कन्याओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व्यास अलोकानंद व्यास जी महाराज अयोध्या धाम के मुखारविंद से चली। भागवत आचार्य ने विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान लोगो में उत्साह दिखा। यात्रा में शामिल महिलाएं व कन्याएं ईश्वर का गुणगान कर आगे बढ़ रही थीं। कार्यक्रम के सफलता के लिए शर्मा परिवार ने प्रभु से कामना किया। कथा 7 मार्च तक चलेगी।

#### व्यांग बच्चों को पढ़ाने को प्रशिक्षित किए गए शिक्षक

**कादीपुर, सुलतानपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की एक गोष्ठी आयोजित की गई। खंड शिक्षा अधिकारी शिखा मिश्रा ने दिव्यांग बच्चों के लिए सरकार की दूरदर्शी योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि अब सभी स्कूल के प्रधानाध्यापक दिव्यांग बच्चों को पढ़ने के लिए प्रशिक्षित कर दिए गए हैं। अब सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चे भी नियमित शिक्षण कार्य कर सकेंगे। आए हुए सभी अभिभावकों को समेकित शिक्षा की सुविधाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य टीम ने 30 बच्चों का नेत्र परीक्षण कर चश्मा वितरित किया। गोष्ठी में दिव्यांग रिसोर्स पर्सन दिलीप कुमार, नेत्र विशेषज्ञ डॉ अरविंद, विशेष शिक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं जयप्रकाश वर्मा, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रणविजय सिंह मौजूद रहे।

# पूर्व खेल मंत्री ओम प्रकाश के मामले में हुई गवाही

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले मोतिगरपुर के तत्कालीन एफआईआर लेखक कांस्टेबल जलपान सिंह की गवाही एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने दर्ज किया। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने कांस्टेबल से जिरह की।

कोर्ट ने शेष अभियोजन साक्ष्य के लिए सुनवाई हेतु 11 मार्च की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है।

पूर्व विधायक ओपी सिंह समेत कई अज्ञात लोगों पर मोतिगरपुर थाने के उप निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान 12 जनवरी को पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ ढेमा बाजार में चुनावी सभा की और उसका वीडियो वायरल किया।

## महिलाओं की पिटाई के मामले में पांच पर केस

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** महिलाओं को मारने पीटने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कस्बे के विवेकानंद नगर में बुधवार की रात खुशबू गुप्ता मां गीता देवी के साथ अपनी दुकान पर बैठी थी। आरोप है कि तभी विपक्षीगण एक राय होकर उनकी दुकान पर गए और मारने पीटने लगे। दुकान का सारा सामान सड़क पर फेंक दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने कस्बे के ही शशि गुप्ता उर्फ डिंपल, चंदन गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, अंकित गुप्ता एवं दीपक विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 37 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार

अमेठी

**अमृत विचार।** कौशल विकास मिशन के प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में डी.डी.यू.जी.के.वाई. योजना के तहत जनपद के संग्रामपुर ब्लॉक में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त आयोजित ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबन्धन द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया तथा 3



प्लेसमेंट कंपनियों में नियुक्ति पत्र के साथ अभ्यर्थी। अमृत विचार

प्लेसमेंट कम्पनियों द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग किया गया जिसमें 79 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया एवं 37 प्रशिक्षुओं को रोजगार प्रदान किया गया।

उन्होंने बताया कि इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला कौशल प्रबन्धक संदीप कुमार सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी अजय कुमार सिंह, मृत्युन्जय तिवारी एवं सेन्टर इंचार्ज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### हीलाहवाली

## एडीएम, सीडीओ और जिला कृषि अधिकारी प्रतिदिन सर्वे की प्रगति की कर रहें समीक्षा

# क्रॉप सर्वे में लापरवाही से अफसर नाराज

अमेठी

**अमृत विचार।** जिले के सभी विकास खंडों में क्राप सर्वे को लेकर सबसे अधिक जोर है। 73 ग्राम पंचायतों में गुरुवार तक काम शुरू नहीं हो पाया है। एडीएम, सीडीओ और जिला कृषि अधिकारी प्रतिदिन शाम को सर्वे की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं।

तीन दिन पहले तक जनपद के क्राप सर्वे में उत्तर प्रदेश में 69वें नम्बर पर था। शुक्रवार को सुबह पोजीशन बढ़कर 63 हो गई है। जिले के 13 विकास खंडों की 682 में से 609 ग्राम पंचायतों में काम शुरू हो गया है। 73 ग्राम पंचायतें अभी भी पीछे हैं। विकास खंड अमेठी में 50 ग्राम पंचायतें और 85 राजस्व गांव हैं। 27 राजस्व गांवों में काम नहीं शुरू हो पाया है। हथकिला, ककवा, कटरा महारानी, कोंहरा, कुशीताली व रायपुर फुलवारी के पंचायत सहायकों ने त्याग पत्र दे दिया है, इनके स्थान पर रोजगार सेवकों की ड्यूटी लगाई गई है।

शुक्रवार की शाम खंड विकास अधिकारी विनय कुमार वर्मा ने क्रॉप सर्वे के काम की वर्चुअल समीक्षा की और ग्राम पंचायत अधिकारियों को काम तेज करने के निर्देश दिए। विकास खंड में कुल 84 राजस्व गांव और 53 ग्राम पंचायतें हैं। विकास खंड कार्यालय के पास की ग्राम पंचायत गाजीपुर में शुक्रवार की शाम तक 1122 कृषि जोतों में से 280 का क्राप सर्वे पूरा हो गया था। विकास खंड संग्रामपुर की 37 ग्राम पंचायतों में 51 राजस्व गांव हैं। शुक्रवार तक 40 राजस्व गांवों में क्रॉप सर्वे का काम शुरू हुआ है। तकनीकी कारणों से जिले में क्रॉप सर्वे का काम देर से शुरू हुआ है।

> लगभग 25 फीसदी काम पूरा हो चुका है, निर्धारित समय सीमा के पहले ही क्राप सर्वे पूरा करा लिया जाएगा।
>
> **-रविकांत सिंह,** जिला कृषि अधिकारी, उपकृषि निदेशक, अमेठी



क्रॉप केटिंग का सर्वे कराती युवती।

# दौड़ में सुषमा तो शाटपुट में राजनाथ को मिला प्रथम स्थान

कादीपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज में दो दिवसीय कर्मयोगी पंडित राम किशोर त्रिपाठी वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की गई।

शुक्रवार को आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में सुषमा पाल को प्रथम, प्रतिभा तिवारी द्वितीय एवं खुशी पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शाटपुट में राजनाथ सिंह ने प्रथम, अभिषेक यादव ने द्वितीय तथा अजीत निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में वीणा गुप्ता ने प्रथम, शुभ्रा पांडे ने द्वितीय तथा मोनिका यादव को तृतीय स्थान मिला। इसके पूर्व पुलिस प्रशिक्षण संस्थान के एसपी बृजेश कुमार मिश्र ने खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने खेलकूद को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे खिलाड़ियों में प्रेम बंधुत्व की भावना का जागरण होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई और मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रबंधक सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि खेलकूद व्यक्तित्व के विकास के लिए आवश्यक होते हैं। प्राचार्य प्रो. आरएन सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के परिवेश में एकेडमिक विकास के साथ-साथ खेलकूद भी उसका भी अभिन्न हिस्सा है।

## सार-संक्षेप

### बकाया मानदेय के लिए कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**प्रतापगढ़। अमृत विचार** : ग्यारह माह से मानदेय न मिलने को लेकर सीएचसी व पीएचसी के आउटसोर्स कर्मचारियों ने शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय के सामने धरना दिया। स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को एक-एक माह का मानदेय कर्मचारियों के खाते में भेज दिया है। विभाग बजट न होने की बात बता रहा। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक पूरा मानदेय नहीं मिलता वह धरने से नहीं हटेंगे। विरोध प्रदर्शन चलता रहेगा।

### पिलर से भिड़ी कार, चालक की मौत

**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार** : हथिगवां थाना क्षेत्र के कैमा बिजलीपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार (26) पुत्र बचई गुरुवार रात आल्टो कार से जेठवारा निमंत्रण में जा रहे थे। बाघराय थाना क्षेत्र के चौबारियन का पुरवा गांव के पास पहुंचते ही कार निर्माणाधीन मकान के पिलर में भिड़ गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठे हो गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सीएचसी बाघराय ले गई। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बिलखते हुए परिजन सीएचसी बाघराय पहुंचे।

### राम मंदिर ट्रस्ट ने मनाया सुधा मंगल महोत्सव



महोत्सव में शामिल वैदिक आचार्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बसाए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम में शुक्रवार को सुधा मंगल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें दक्षिण भारत के सैकड़ो वैदिक आचार्य शामिल हुए। रामजन्मभूमि परिसर में 45 दिवसीय मंडप उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंडप उत्सव में रोजाना रामलला का अभिषेक पूजन और परिसर भ्रमण का किया जाता है। राममंदिर के ट्रस्टी विश्व प्रसन्न तीर्थ के संयोजन में आयोजित महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम हुए। विश्व प्रसन्न तीर्थ ने कहा कि 65 साल पहले पेजावर मठ के संस्थापक स्वामी विश्वेशतीर्थ ने गुरुकुल आधारित एक विद्यापीठ की स्थापना की थी। इस विद्यापीठ में 13 साल तक अध्ययन करने के बाद जिन छात्रों की शिक्षा समाप्त होती है, उन्हें विदाई दी जाती है। कर्नाटक स्थित विद्यापीठ से कुल 15 छात्रों को विदाई दी गई है। जिन्हें प्रशस्ति पत्र, तुलसी की माला व शाल अयोध्या से भेजा गया है। महोत्सव में विद्याधर स्वामी व विद्याराजेश्वर स्वामी समेत अन्य मौजूद रहे।

### पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट : झुलसे मालिक के भाई ने तोड़ा दम

**प्रयागराज, कौशांबी। अमृत विचार** : कौशांबी के भरवारी कस्बे में बीते दिनों हुए विस्फोट में झुलसे लोगों में फैक्ट्री मालिक के छोटे भाई ने भी शुक्रवार को दम तोड़ दिया। जिसका इलाज दिल्ली के सफदरगंज में चल रहा था। इस विस्फोट हादसे में अब तक 12 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली की पटाखा फैक्ट्री थी। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायरवर्क्स के नाम से चल रही थी। बीते रविवार को उस पटाखा फैक्ट्री में अचानक जोरदार विस्फोट के बाद फैक्ट्री में भीषण आग लग गई थी। फैक्ट्री में लगी आग की चपेट में आने से सात लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। शुक्रवार को फैक्ट्री मालिक शाहिद अली के छोटे भाई कौशर अली की भी मौत हो गयी। अब तक इस विस्फोट में मरने वालो की संख्या 12 हो चुकी है।

### विश्व कल्याण के लिए 1700 वैदिक आचार्य कर रहे तप

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : सरयू तट पर चल रहे सप्तचंडी महायज्ञ और श्रीराम महायज्ञ अनुष्ठान में काशी के प्रमुख विद्वान लक्ष्मीकांत शास्त्री के नेतृत्व में काशी अयोध्या व नेपाल के भी 1700 वैदिक आचार्यों द्वारा 100 कुंडीय यज्ञशाला में आहुतियां डाली जा रही हैं। इसमें विश्व कल्याण और अयोध्या के सर्वांगीण विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ-साथ श्रीराम कथा रामलीला का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही देश के अलग-अलग क्षेत्र में निवास कर रहे साधु-संत समाज के प्रखर विद्वानों द्वारा प्रतिदिन संत सम्मेलन का भी आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ मंडप में प्रतिदिन ऑपरेशन सम्मेलन में शामिल प्रखर परोपकार मिशन ट्रस्ट की संयुक्त माता चिदानंदयी ने कहा कि इस काल में यदि दुर्लभ महायज्ञ के दर्शन करना हो तो सरयू के तट पर चल रहे इस अनुष्ठान शामिल हों। अनुष्ठान में प्रतिदिन 1700 वैदिक आचार्य सुभाषित देर रात्रि तक तप कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ब्राह्मण अपेक्षित होने के कारण धनोपार्जन में पूरी तरह से लग गए हैं। ब्राह्मण जब तप और साधना को त्याग कर धनोपार्जन में लग जाएंगे तो विश्व का कल्याण कैसे होगा।

# विकसित भारत की परिकल्पना में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

## 2047 का भारत कैसा होगा, उसकी संरचना कैसी होगी, इसके बारे में बच्चों को सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य ने दी जानकारी

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जनपद में प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य सदर क्षेत्र के बघुमार गांव पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 के विकसित भारत की जो परिकल्पना की है। उसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए युवाओं को शिक्षित होना जरुरी है। शिक्षा से ही नए भारत का निर्माण हो सकता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षाविद 2047 का भारत कैसा होगा, उसकी संरचना कैसी होगी, इसके बारे में बच्चों को जानकारी दें। जिससे युवा विकसित भारत के बारे में समझ सके। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सुशीला सरोज के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा भारत को विकसित व पुष्पित करने में प्रधानमंत्री की जो सोच है, इससे राष्ट्र मजबूत होगा। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्वोत्तर राज्यों का तेजी से विकास हो रहा है। उनकी सोच है कि जैसे सूर्य की किरण पूर्व की दिशा में निकलता है। उसी तरह विकास की किरण भी पूर्वोत्तर राज्यों से होकर निकले। उन्होंने कहा कि पहले सीमावर्ती गांव को देश का अंतिम गांव कहा जाता था। प्रधानमंत्री उन गांव को समुचित विकास करके देश का आखिरी गांव नहीं, बल्कि देश का पहला गांव बनाया है।



सिक्किम के राज्यपाल का स्वागत करते पूर्व विधायक राम शिरोमणि, राजा अनिल प्रताप सिंह व अन्य।

सुशीला सरोज, नंदलाल सरोज ने राज्यपाल को बुके व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। सांसद संगमलाल गुप्ता, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष महावीर पाल आदि लोग मौजूद रहे। राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. शिव बालक पासी की पुत्री लीलावती को सम्मानित किया।

### शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में अनिल का कार्य सराहनीय

प्रतापगढ़ दौरे के दौरान सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह के सिटी किला स्थित आवास पहुंचे। उनके साथ जिले के भाजपा नेता भी रहे। बात चीत के दौरान लोगों ने राजा अनिल प्रताप सिंह द्वारा सामाजिक और शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों को राज्यपाल से अवगत कराया। इस पर राज्यपाल ने कहा कि मुझे भलीभांति जानकारी है। शिक्षा और समाज के क्षेत्र में इनके कार्य सराहनीय हैं। इसके पूर्व राज्यपाल का अभिनन्दन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व राज्यमंत्री अवधेश मिश्र, पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ल, नागेंद्र रघुवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा स्वामीनाथ शुक्ल, केके सिंह, अशोक मिश्र, धर्मेंद्र सिंह, उमेश सिंह, रवि प्रताप सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

## सर्राफा कारोबारी से बदमाशों ने लूटी नकदी और आभूषण

**रानीगंज प्रतापगढ़। अमृत विचार :** दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे सर्राफा कारोबारी को शुक्रवार को शाम करीब छह बजे सुंवसा कलक्टरगंज में पल्सर सवार बदमाशों ने तमंचे से गोली मारकर सर्राफा कारोबारी से 10 हजार रूपये नकद और करीब साढ़े तीन लाख का आभूषण लूटकर भाग निकले। सूचना पर पहुंची फतनपुर पुलिस पड़ताल में जुट गई। फतनपुर थाना के नगर पंचायत सुवंसा के कलेक्टरगंज निवासी विनोद कुमार सोनी की सुवंसा बाजार में सर्राफा की दुकान है। वह शाम को दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहा था। घर पहुंचने से कुछ दूर पहले ही पल्सर सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने विनोद सोनी पर तंमचा से फायर कर दिया। गोली कनपटी के पास लगी वह गिर गया तो बदमाश उसके डिग्गी में रखे थैले में 10 हजार रुपये नकद व करीब साढ़े तीन लाख के आभूषण लूट कर भाग निकले। सूचना पर एसओ फतनपुर अभिषेक सिरोही मयफोर्स पहुंचे। पूछताछ के बाद आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने लगी। घायल सर्राफा कारोबारी को इलाज के लिए सीएचसी गौरा भेजा गया। सूचना पर सीओ विनय प्रभाकर साहनी भी पहुंचे। सीओ ने बताया कि बदमाशों की खोजबीन की जा रही है।

# सपा प्रत्याशी ने निकाला रोड शो कांग्रेस और आप भी हुई शामिल

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी घोषित होने के बाद शुक्रवार को पहली बार यहां पहुंचे पूर्व एमएलसी शिवपाल सिंह पटेल का सपाइयों ने रायबरेली प्रतापगढ़ की सीमा अगई पर पट्टी विधायक राम सिंह पटेल, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

सपा कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भी एसपी सिंह का जगह-जगह स्वागत किया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी के साथ एसपी सिंह पटेल ने रानीगंज कैथौला, वर्मा नगर, लालगंज, सगरा सुंदरपुर, लीलापुर, अजगरा में रोड शो किया। मोहनगंज, भुपियामऊ, पृथ्वीगंज, रानीगंज, उडैयाडीह, पट्टी तिराहा, रखहा, दीवानगंज, चिलबिला में भी स्वागत किया। आंबेडकर चौराहे पर पहुंचकर डा.भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं के साथ बैठक विचार विमर्श किया। अहमद अली, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सौरभ सिंह, राम बहादुर पटेल, रामधन यादव, राम बहादुर यादव, सफात खान, मनीष पाल, मीडिया प्रभारी वकार अहमद आदि मौजूद रहे।



रोड शो में लोगों का अभिवादन स्वीकारते सपा प्रत्याशी पूर्व एमएलसी एसपी सिंह पटेल।

## नकली स्टांप टिकट को लेकर बड़ा खेल बिहार के भागलपुर पहुंची एसओजी टीम

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार:** जिले में नकली स्टांप टिकट बेचने के मामले में अब परत दर परत खुलने लगी है। प्रयागराज में भी अब तक 23 लाख के स्टांप टिकट की खपत की गई है। इस पूरे खेल की तफ्तीश के लिए प्रयागराज से एक एसओजी टीम बिहार के भागलपुर पहुंची है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा हो सकता है। फर्जी स्टांप टिकट बेचने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को धूमनगंज पुलिस ने बुधवार की रात में गिरफ्तार किया था। पकड़े गये सदस्यों के पास से 29,100 टिकट बरामद किए गए थे। आरोपी स्टांप टिकट बिहार के भागलपुर से लाकर प्रयागराज समेत लखनऊ, जौनपुर, प्रतापगढ़ में कम दामों में बेचते थे। गिरोह की सरगना बिहार की एक महिला है। शुक्रवार को नकली टिकट के मामले में प्रयागराज से बिहार के भागलपुर टीम पहुंची है। बिहार में टीम उस महिला सरगना की तलाश कर रही है जो नकली स्टांप टिकट बेचने का गैंग को चला रही है।

**पूर्वांचल से शुरू हुआ कारोबार :** जांच में अभी सामने आया है कि नकली स्टाम्प टिकट का कारोबार सबसे ज्यादा पूर्वांचल में किया गया है। इसकी शुरुआत भी वहीं से शुरू हुई और धीरे-धीरे कई राज्यों में यह गिरोह सक्रिय हो गया। गिरफ्तार की गई महिला और दोनों युवकों ने बताया कि वह ओरिजिनल स्टांप टिकट से आधी कीमत पर नकली टिकट वकीलों को देते थे। पुलिस ऐसे वकीलों की तलाश में जुटी है।

# संगमनगरी में खूफिया निगाहें करेंगी निगरानी

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर तैयारियां तेज कर दी गयी है। माघ मेले में आने वाले लाखों करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। इस बार महाकुंभ 2025 में 2019 की अपेक्षा अधिक सीसीटीवी लगाए जाएंगे। पूरे मेले को सीसीटीवी और स्पेशल लाइटों से कवर किया जाएगा। संगमनगरी में लगने वाले महाकुंभ 2025 को लेकर की जा रही तैयारियां माघ मेले के पहले से ही शुरु कर दी गयी थी। माघ मेले में कई ऐसे प्रयोग किये गये जिनका उपयोग महाकुम्भ के दौरान किया जायेगा। माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था और मेले की निगरानी के लिए की गयी तैयारी में महाकुंभ को अलग रखा गया है। 2019 में की गयी सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से इस बार महाकुंभ में विशेष इंतजाम किये जा रहे है। महाकुंभ में पूरे मेले में 950 सीसीटीवी लगाए जाएंगे। जिससे पूरे मेले की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा आर्टिफिशियल, इंटेलिजेंस, बेस्ट वीडियो एनालिटिक्स का प्रयोग शुरू किया जा रहा है। इस मॉडल को भीड़ भाड़ वाले जगहों पर लगाकर शुरु किया जाएगा और टेस्टिंग की जाएगी।

**महाकुंभ 2025**

### आईट्रिपलसी में चल रहा कॉल सेंटर

आईट्रिपलसी में चल रहे कॉल सेंटर को भी विस्तार किया जा रहा है। वहां अब सीटों की संख्या बढ़ा दी गयी है। इसके लिए व्यूइंग सेंटर भी बढ़ाये जा रहे है। जो अब दो से बधाकर चार किये जा रहे है। आई ट्रिपलसी और मॉडल कंट्रोल रूम पुलिस लाइन एमसीआर के अलावा झूंसी और नैनी के अरैल में सेंटर बनाया जा रहा है।

" कुंभ मेले में बेहतर सुरक्षा व्यवस्था करने की तैयारी है। कुंभ मेले की चल रही तैयारियों को लेकर की गयी बैठक में यह निर्णय लिया गया है। - **विजय किरण आनंद, कुंभ मेला अधिकारी** "

# तहसीलदार की मनमानी कार्यप्रणाली से अधिवक्ताओं में रोष

संवाददाता, कोरांव प्रयागराज

**अमृत विचार:** कोरांव तहसील में तैनात तहसीलदार इन दिनों अपनी मनमानी कार्य प्रणाली को लेकर सुर्खियों में है। उनकी कार्य प्रणाली पर अब सवाल उठने लगे है। बीते दो माह से तहसीलदार ने अपने कार्य से बहिष्कार कर रखा है। अधिवक्ताओ का आरोप है कि तहसीलदार अपनी मनमानी कर रहे है। जिसके कारण अधिवक्ताओं को परेशानियां हो रही है। कार्य बहिष्कार होने से तहसील में कार्य ठप पड़ा हुआ है। जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है।



बता दें कि कोरांव तहसील में अधिवक्ताओ ने वहां पर तैनात तहसीलदार अजय संतोषी पर गंभीर आरोप लगाए है। अधिवक्ताओ का कहना है कि तहसीलदार पिछ्ले दो माह एक कोई कार्य नही कर रहे है। अधिवक्ता कोई भी कार्य लेकर जाते है तो उन्हे वापस कर दिया जाता है। तहसील में वह अपने मनमानी कार्य जो लेकर चर्चा में है। अधिवक्ताओं का आरोप है कि वह अपने करीबियों के कार्यों में ज्यादा दिलचस्पी लेते है। बाकी किसी भी अधिवक्ताओं का कार्य नही करते है। इससे अधिवक्ताओं को अपमानित होना पड़ रहा है। तहसील में दाखिल खारिज की प्रक्रिया नही हो पा रही है। अधिवक्ताओं ने पूर्व सम्पूर्ण समाधान में पहुंचे जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल से इस मामले में शिकायत भी की थी। जिलाधिकारी ने बार बेंच में सामंजस्य बनाकर कार्य करने की नसीहत दी थी, लेकिन तहसीलदार कोरांव के सेहत पर कोई असर नही पड़ा। तहसीलदार की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओ ने भी अब

**दो माह से तहसील में कार्य बहिष्कार, डीएम के आदेश को भी नही मानते तहसीलदार**

तहसील में कार्य का बहिष्कार कर दिया है। जिसके कारण न्यायिक कार्य पूर्ण रूप से ठप है। वहीं उच्चाधिकारियों ने इस मामले को अभी तक संज्ञान में नहीं लिया है। जिससे काफी समस्याएं उतपन्न हो रही है।

## वर्ग पहेली-359

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर, जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।




### वर्ग पहेली - 358 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | | | 2 गों |
| रा | | | 3 ज़ो | | द |
| लुं | | 4 फ़ों | र | मू | ला |
| ठि | | | दा | | |
| त | | 5 अ | र | का | न |
| | | ज़ा | | | |
| 6 लं | घ | न | ट | | |

## सुडोकू -76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |

### सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07.53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 14.42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं।

**वृष** – आज आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी काम सफल होंगे। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

**मिथुन** – आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें।

**कर्क** – आज सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

**सिंह** – आज मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें। बदहज़मी और गैस से बचने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करें। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें।

**कन्या** – आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – आज फाइनेन्स संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु** – आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

**मकर** – आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ आप उठाएंगे। आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

**कुंभ** – आज आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

**मीन** – आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी
सुबह : 09.26
अनाड़ी
शाम : 04.29

SONY MAX
झुंड
सुबह : 11.34
डायल 100
रात : 07.55

SONY PIX
सीजे 7
सुबह : 10.33
इट
रात : 09.00

ZEE CINEMA
करन अर्जुन
दोपहर : 01.30
ए टेबल फार टू
रात : 10.00

colors CINEPLEX
जुगजुग जियो
सुबह : 09.37
हैलो ब्रदर
रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर
सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शनिवार, 2 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीनों के शीर्ष पर

## मासिक सर्वेक्षण के अनुसार फरवरी में कारखाना उत्पादन और बिक्री बढ़कर 56.9 हो गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया, जबकि जनवरी में यह 56.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण के मुताबिक, फरवरी महीने में उत्पादन पांच महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ा और पिछले सितंबर के बाद से बिक्री में सबसे तेज वृद्धि हुई और निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार हुआ।

### विदेशों में 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े निर्यात ऑर्डर



एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा- मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग वृद्धि होने से नए निर्यात ऑर्डर लगभग 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण के मुताबिक, विनिर्माण कंपनियों ने अधिक उत्पादन जरूरतों, बिक्री में निरंतर वृद्धि और स्टॉक बनाने के लिए खरीद बढ़ाई। मांग बढ़ने के बीच विनिर्माताओं ने आगे भी तेजी का अनुमान जताया है। लैम ने कहा- मजबूत मांग और लाभ मार्जिन में सुधार से उत्साहित विनिर्माताओं का भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में आशावादी दृष्टिकोण है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने लगभग 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-पीएमआई आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू और बाहरी दोनों मांग से समर्थित उत्पादन वृद्धि मजबूत बनी हुई है। वृद्धि की रफ्तार तेज होने के बावजूद भारत में विनिर्माण क्षेत्र के रोजगार में थोड़ा बदलाव आया है। सर्वेक्षण के मुताबिक, वस्तुओं के उत्पादकों ने बताया कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर क्रय लागत मुद्रास्फीति 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसकी वजह से बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। इससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ।

### अडाणी समूह मध्य प्रदेश में 75,000 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

**उज्जैन।** अडाणी समूह मध्य प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में करीब 75,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। ये निवेश बिजली संयंत्र, महाकाल एक्सप्रेसवे और सीमेंट ग्राइंडिंग इकाई लगाने में किए जाएंगे।

यहां क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन में अडाणी समूह के प्रबंध निदेशक (कृषि, तेल और गैस) और अडाणी एंटरप्राइजेज के निदेशक अडाणी ने शुक्रवार को यह भी कहा कि समूह पहले ही राज्य में लगभग 18,000 करोड़ रुपये का निवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अडाणी समूह राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश जारी रखेगा। इस समय मध्य प्रदेश में समूह की उपस्थिति सड़क, सीमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से लेकर तापीय बिजली, नवीकरणीय ऊर्जा और बिजली पारेषण तक कई क्षेत्रों में फैली हुई है।

## बैंकों में वापस आए 2,000 रुपये के 97.62 प्रतिशत नोट

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था।

आरबीआई ने एक बयान में कहा-19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपये मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद थे। इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद कुल 97.62 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने देश भर के अपने 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट को जमा या बदलने की सुविधा जारी रखी है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए इन नोटों को भेज सकते हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,300 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,000। |

## जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8% के दायरे में रहने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट में जताई उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में शुक्रवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। भारत ने दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और पिछली दो तिमाहियों के अनुमानों को संशोधित किया।

एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा-तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने ज्यादातर बाजारों की सोच को झटका दिया, जबकि कुछ को सुखद आश्चर्य से भर दिया। इसमें कहा गया कि सभी अनुमानों को धता बताते हुए पिछली दो तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद 2023-24 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। अप्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल (सालाना आधार पर 32 प्रतिशत वृद्धि) से जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच अंतर बढ़ गया। इकोरैप में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत और जीवीए वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

### मारुति की थोक बिक्री में 15 प्रतिशत की हुई बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने फरवरी महीने में कुल 1,97,471 इकाइयों की थोक बिक्री की जो सालाना आधार पर 15 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने शुक्रवार को फरवरी के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि एक साल पहले की समान अवधि में उसने 1,72,321 इकाइयों की बिक्री की थी। आलोच्य अवधि में मारुति की घरेलू यात्री वाहन बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,60,271 इकाई हो गयी। इसमें आल्टो और एस-प्रेसो जैसी छोटी कारों की संख्या सिर्फ 14,782 इकाई रही।

## परियोजनाएं तय समय के भीतर पूरी हों

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीतारमण ने किया 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी हों।

उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को नवीनीकृत करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं, सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। इस मौके पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों के लिए टाइप- दो और तीन के 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी जो फरीदाबाद के सेक्टर-28 में स्थित है। इसके साथ ही उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय घर उपलब्ध कराने के वास्ते गुरूग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- दो से चार के 214 क्वार्टर शामिल हैं।



## एक नजर

### एमवीए ने राज्य में सीटों की साझेदारी को अंतिम रूप दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य में लोकसभा सीटों के वितरण संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) 20 तथा कांग्रेस 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष 10 सीटों पर श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। एमवीए के सूत्रों ने बताया कि राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले स्वाभिमानी शेतकारी संगठन जैसे छोटे दलों को अपने संबंधित गठबंधन सहयोगियों से सीटें मिलेंगी।

### उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उनके पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसका संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे सुरक्षा बलों से लूटे गए थे। पुलिस ने इनकी पहचान एल एलिन, हेरिश माइबम और बेला ओइनम के रूप में की है।

# देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा: प्रधानमंत्री

## झारखंड की रैली में बोले मोदी, हम लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेंगे

बरवाअड्डा (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर योजनाओं के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाते हुए झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर होने के साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''जमकर खाओ'' का पर्याय बन गया है। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के बरवाअड्डा में 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित करते हुए कहा-आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है... जहां भी मैं जाता हूं, यही नारा सुनाई देता है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और लोगों की मेहनत का भुगतान पूरे ब्याज सहित मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन "जोहार" (आदिवासी अभिवादन और स्वागत) कहकर किया। उन्होंने कहा-चाहे वे (इंडिया गुट) कितना भी कीचड़ उछालें, (भाजपा का प्रतीक) कमल हर जगह खिलेगा। मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और उसकी तुष्टीकरण नीतियों के कारण घुसपैठ हुई है।

उन्होंने कहा-झामुमो का मतलब 'जमकर खाओ' से है। तुष्टीकरण बढ़ रहा है, रंगदारी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड के लोगों को केवल लूटने का काम किया है और अघोषित संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर दिया है।'' मोदी ने जाहिर तौर पर झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से 350 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा-मैंने अपने जीवन में नोटों के ऐसे बंडल पहले कभी नहीं देखे।

### मोदी ने किया 35,700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



मोदी ने 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा- मोदी द्वारा जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, उनका 'इंडी' गठबंधन द्वारा विरोध किया जा रहा है। हमने कोविड के दौरान गरीबों को मुफ्त राशन दिया...चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा- इंडी गठबंधन जल जीवन मिशन, आवास योजना और अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं पैदा कर रहा है। झारखंड में जल जीवन मिशन में 50 प्रतिशत से भी कम काम हुआ है।

### न्यायालय ने आसाराम की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार किया जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से राहत के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। रोहतगी ने अदालत को सूचित किया था कि आसाराम सरकारी वकील के इस बयान को मानने के लिए तैयार हैं कि वह महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में रहते हुए इलाज करा सकते हैं। इस पर पीठ ने आसाराम से कहा कि वह माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में इलाज कराने के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल करें।

## टुंडा को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

**ट्रेन बम विस्फोट मामला**

सीबीआई 1993 के सिलसिलेवार ट्रेन विस्फोट मामले में अजमेर की एक विशेष अदालत द्वारा अब्दुल करीम टुंडा को बरी किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने कहा कि मामले में अब तक 12 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जिनमें इरफान और हमीर-उल-उद्दीन भी शामिल हैं, जिन्हें बृहस्पतिवार को टाडा अदालत के न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने टुंडा को बरी कर दिया। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे फैसले का अध्ययन कर रहे हैं और जल्द ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जाएगी। टाडा अदालत के आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। साल 1993 में पांच-छह दिसंबर की मध्यरात्रि लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की छह रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और 22 अन्य घायल हुए थे। संबंधित मामले को सीबीआई को सौंप दिए गए थे, जिसने मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा-जांच से पता चला कि विभिन्न आरोपियों ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की घटना को एक साल होने पर बड़े पैमाने पर जनता में दहशत फैलाने और रेलगाड़ियों में बम विस्फोट जैसे आतंकी कृत्यों को अंजाम देकर आपराधिक साजिश रची थी।

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समाचार चैनलों पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) ने नफरत और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वालेकार्यक्रमों के लिए कुछ टीवी चैनलों पर जुर्माना लगाकर इन्हें अपनी वेबसाइट से हटाने का निर्देश दिया है। एनबीडीएसए ने कहा कि ये कार्यक्रम ठीक नहीं हैं। एनबीडीएसए ने कार्यकर्ता इंद्रजीत घोरपड़े की शिकायतों के आधार पर "लव जिहाद" पर आधारित कार्यक्रमों के लिए 'टाइम्सनाउ नवभारत' पर एक लाख रुपये और 'न्यूज18 इंडिया' पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं हिंसा की कवरेज को लेकर एनबीडीएसए ने आजतक चैनल को चेतावनी दी है।

## जेएनयू में एबीवीपी और वाम समर्थित गुटों के बीच झड़प

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुलपति ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, शिकायत दर्ज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर दो समूहों के बीच बृहस्पतिवार रात झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए, जिसके बाद कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह झड़प विश्वविद्यालय के भाषा संस्थान की इमारत में बृहस्पतिवार देर रात हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वाम समर्थित समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा- हमें परिसर में झड़प होने की जानकारी देर रात एक बजकर 15 मिनट पर मिली जिसमें कम से कम चार छात्र घायल हो गए हैं।

## सांसदों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी की अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बेहतर प्रशासन के लिए सांसदों एवं विधायकों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि ''निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज होती'' है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से पूछा गया कि क्या अदालत सांसदों की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखने के लिए उनके शरीर में कोई ''चिप'' लगा सकती है।

## जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट नहीं मांगे

नई दिल्ली, एजेंसी

**निर्वाचन आयोग की हिदायत**




निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें तथा भक्त एवं भगवान के बीच के संबंधों का उपहास नहीं उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें। राजनीतिक दलों के लिए जारी परामर्श में आयोग ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ 'नैतिक भर्त्सना' के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। लोकसभा चुनाव एवं चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हाल में इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन के बजाय प्रेरित करता हो, व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों को बढ़ावा देता हो। आयोग के एक अधिकारी ने कहा कि इस परामर्श ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अब औपचारिक रूप से नैतिक राजनीतिक विमर्श के लिए मंच तैयार कर दिया है और 2024 के आम चुनावों में अव्यवस्था की आशंका पर अंकुश लगाया है। उनका यह भी कहना है कि चुनाव आचार संहिता के लिए उल्लंघन को लेकर व्यवस्थित दृष्टिकोण ने सभ्य चुनावी अभियान के लिए जमीन तैयार की है।

### रिज क्षेत्र में वनों की कटाई के आरोपों पर सेना से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में 'सेंट्रल रिज' के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने कहा- पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

## नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। न्यायालय ने कहा कि शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं और अवैध निर्माण में वृद्धि का एक मुख्य कारण लोगों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने में सरकार की 'विफलता' है। न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि आवास पाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उसने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं और जमीनी स्तर पर सरकार के कदमों के बीच नीतियों में बहुत बड़ा अंतर है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ये टिप्पणियां लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयों को ढहाए जाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की और इस मामले में न्यायालय ने इकाइयों को ढहाए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा-आवास को लेकर रुख स्पष्ट रखना चाहिए। एक समस्या है। हमारी शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं। वास्तव में, हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कहीं न कहीं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... सभी जानते हैं कि पलायन शहरों की ओर होता है। लेकिन आवश्यकताओं और हम जमीनी स्तर पर क्या करने में सक्षम हैं, इन नीतियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। पीठ ने कहा-दिल्ली में इतनी सारी अनधिकृत कॉलोनियां क्यों हैं? क्योंकि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को यह भी नहीं पता कि 60-70 प्रतिशत जमीन कहां है। सभी का अधिग्रहण कर लिया गया है। उच्चतम न्यायालय लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक इकाइयों को ढहाये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर और शोएब आलम ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 27 फरवरी को ढहाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक इकाइयों के साथ-साथ आवासीय मकानों को भी गिराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि नदी के किनारे सरकारी भूमि पर बने आवासीय मकानों को ढहाने से संबंधित मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और फैसला सुरक्षित रखा गया है।

# कुछ को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल

## पूर्व कप्तान ने घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध न देने के फैसले का किया समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।

कपिल ने कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं, जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

कपिल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।

### खिलाड़ियों का दायित्व, वे घरेलू क्रिकेट खेलें

कपिल ने माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेले क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराए। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

# सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में 8 से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे



**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई, जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त मिली। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूदलू से हार के बाद इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी दौर के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव 3 में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### सिटसिपास को हराकर डि मिनौर सेमीफाइनल में



मैक्सिको ओपन

**एकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सितसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसमानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।

### सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप

### अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने भूटान को 7-0 से हराया

**काठमांडू, एजेंसी।** अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिस ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किया। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

### आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर पहला टेस्ट जीता



**टॉलेरेंस ओवल, एजेंसी।** आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है। अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 4 विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर ने टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाए। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में 4 विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है। अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को 2 विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने 1-1 विकेट लिए। मार्क अडायर के 5 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 155 रन पर ढेर कर दिया था।

# मुंबई-तमिलनाडु के बीच रणजी के सेमीफाइनल में नजरें श्रेयस पर

## टेस्ट से बाहर और रणजी क्वार्टर फाइनल न खेलने पर केंद्रीय अनुबंध गंवाया

**मुंबई, एजेंसी**



भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी के क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने पर बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आरसाइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे 6 मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी में बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे, लेकिन सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं।

### टीम में श्रेयस की मौजूदगी शानदार



**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि श्रेयस अय्यर केंद्रीय अनुबंध संबंधित विवाद को छोड़कर शनिवार से तमिलनाडु के खिलाफ शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल में टीम के लिए धमाकेदार प्रदर्शन करें। श्रेयस के साथ झारखंड के इशान किशन को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली क्योंकि दोनों अपनी टीम के लिए रणजी मैच में नहीं खेले थे। श्रेयस पीठ की दर्द की शिकायत से बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के क्वार्टरफाइनल में नहीं खेले थे। रहाणे ने कहा कि वह अनुभवी खिलाड़ी है। जब भी वह मुंबई के लिए खेले हैं, उनका योगदान शानदार रहा है।

### तमिलनाडु को कोच पर भरोसा

**मुंबई।** तमिलनाडु के कप्तान आरसाई किशोर ने कहा कि उनकी टीम रणजी के सेमीफाइनल में मुंबई के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। टीम कोच सुलक्षण कुलकर्णी के अनुभव और ज्ञान पर भरोसा करेगी। तमिलनाडु की टीम 2014-15 सत्र में रणजी के फाइनल में पहुंची थी तब उसे कर्नाटक से हार का सामना करना पड़ा था। साई किशोर ने कहा कि सुलु सर (कुलकर्णी) के पास हमेशा रणनीति होती हैं। वह मैच और अभ्यास के दौरान हमेशा चौकस रहते हैं और यह उनके सबसे अच्छे कौशल में से एक है। कप्तानी करते समय उन्होंने बहुत मदद की है।

# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन की वापसी

**वेलिंगटन,एजेंसी**

### ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला



पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के 2 विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन 6 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर 3 और 29 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

# वॉन ने बशीर को कहा- नया अश्विन

**लंदन, एजेंसी**





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की 5 विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने 8 विकेट लिए। इसमें पहली पारी के 5 विकेट हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन 5 दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने कहा कि हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे।

# बड़ी पारियों के लिए कुछ बदलाव किए : शेफाली

**बेंगलुरू, एजेंसी**






आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि उन्होंने अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदलने के लिए एक साल में अपनी शैली में छोटे मोटे बदलाव किए हैं, जिसका फायदा महिला प्रीमियर लीग में मिल रहा है। वर्मा ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स की जीत में अहम भूमिका निभाते हुए अर्धशतक जमाया और दूसरे विकेट के लिए एलिसे कैप्सी (46) के साथ 82 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा कि मैं पिछली बार डब्ल्यूपीएल में 30 या 40 के स्कोर पर आउट हो जा रही थी। उन पारियों से मैंने काफी कुछ सीखा। उसकी वजह से अब मैं अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल पा रही हूं। प्रमुख बदलाव मानसिकता में किया है और इस लय को कायम रखना चाहती हूं। 15 साल में भारत के लिए खेलने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं 20 वर्षीय वर्मा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की मेग लानिंग के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि जब कोई अनुभवी खिलाड़ी आपके साथ हो तो आपके हावभाव खुद ब खुद बदल जाते हैं। उनके जैसी खिलाड़ी के साथ खेलना गर्व की बात है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से खेल को बदल दिया है।

## बॉलीवुड हलचल

# पेंटाली का गाना बेरहम घड़ियां रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हुआ है। पेंटाली सेन ने कहा, मैं प्रदर्शन के माध्यम से कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करती हूं, प्रत्येक भूमिका दर्शकों से जुड़ने का अवसर है, मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ की कोशिश करूंगी और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं। प्रतीक ने कहा, बेरहम घड़ियां शानदार गाना है जिसे शबीना ने खूबसूरती से फिल्माया है और इसे सिनेमाई गुणवत्ता दी है। कास्टिंग बहुत स्वाभाविक रूप से हुई क्योंकि गाने के लिए कास्टिंग कर रहे सोनू मिश्रा ने सचमुच मुझे सड़क पर चलते हुए देखा और इस गाने की पेशकश की। प्रोड्यूसर्स के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने तुरंत मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए लॉक कर लिया। गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था।

### सृष्टि और माही का गीत होली में जान सॉरी की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत होली में जान सॉरी रिलीज हो गया है। ये गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने में माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को फ़ोन पर समझाते हुए कहती है कि सुना ए जानू होत आटे आखिरी मिलन हो, हो जाईब अब हम दुसरा के धन हो राजा संघे खाईब अब चटनी पकौड़ी, होली में जानू सॉरी डाली रंग केहू अउरी ' इस गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सृष्टि भारती ने गाया है। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, संगीत विकास यादव ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहिर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स के पास है।

# अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्माता दिनेश मंगल और निर्देशक मंजुल ठाकुर की आने वाली फिल्म प्रोडक्शन नंबर की शूटिंग भव्य मुहूर्त के साथ शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्माण मंगलम फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर मंजुल ठाकुर ने कहा कि हम एक ऐसी कहानी को पिरोकर लाए हैं जो दर्शकों के लिए बेहद नई और मनोरंजक होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और हमारा सारा फोकस कहानी को पर्दे पर उतरने की है, जिसमें सभी कलाकारों का सपोर्ट मिल रहा है। दिनेश मंगल ने बताया कि बतौर निर्माता मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है। हम इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ने वाले हैं फिल्म अच्छी बने हम लोगों का यह प्रयास है, क्योंकि अच्छी फिल्में ही लोगों को पसंद आती हैं और उसी में फिल्म मेकिंग की सार्थकता है। वही अंजना सिंह ने कहा कि मेरा किरदार इस फिल्म में बेहद अहम है। यूं कहें कि केंद्रीय करेक्टर का किरदार मैं इस फिल्म में प्ले कर रही हूं। उम्मीद है कि हमेशा की तरह मेरी अभिनय आपको पसंद आएगी। फिल्म बेहद खास है। इसलिए खास तैयारी भी की है और उसे हिसाब से हम लोग अभी फिल्म में अपना पूरा फोकस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी क्या है, इस पर मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब आप फिल्म देखेंगे तो आप इसके मुरीद हो जाएंगे। मंगल फिल्म्स के बैनर से बन रही प्रोडक्शन नंबर वन में अंजना सिंह के साथ आनंद ओझा, जे नीलम बिष्ट, प्रेम दुबे, कौशल शर्मा, सृष्टि मिश्रा, शौर्य पाठक और मनोज टाइगर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डीओपी सुनील अहीर हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय है, जबकि लेखक मनीष किशोर हैं। आर्ट डायरेक्टर नाजिद शेख हैं और डांस मास्टर मनोज गुप्ता जॉय हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज पांडेय और शिवम पांडेय हैं। कॉस्टयूम कविता सुनीता क्रिएशन का है जबकि म्यूजिक डायरेक्टर ओम झा और लिरिक्स अरविंद तिवारी का है। एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा और अमृत कुमार हैं। स्टील फोटोग्राफर प्रधान गुप्ता और निखिल शाह हैं।

# फेयरी फोक को अलग अंदाज में रचा

***अपनी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'फेयरी फोक' को करण गौर ने एक अलग अंदाज से रचा और इसमें पति-पत्नी मुकुल चड्ढा और रसिका दुगल को भी शामिल किया।***



पुरस्कृत निर्देशक करण गौर को अपनी पहली ही फीचर फिल्म 'क्षय' (कॉरोड) से काफी कामयाबी और सम्मान मिला। ये फिल्म जिसमें उन्होंने संगीत दिया, लिखा, निर्देशित और संपादित किया, वह शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई और शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में भी चुनी गई। एक प्रतिभाशाली संगीत निर्देशक और ध्वनि डिजाइनर के रूप में उन्होंने 'एनएच10', 'फोबिया', 'तितली' और 'हरामखोर' जैसी फिल्मों पर भी काम किया है। उनकी नवीनतम पेशकश 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म समारोह, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, मामी (मुंबई) और मेलबर्न इंडियन फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया है। फिल्म 1 मार्च को मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और करण इसे एक नई रचनात्मक और विषयात्मक खोज मानते हैं। जादुई यथार्थवाद में रची बसी ये फिल्म मानव संबंधों से जुड़ी रोचक और आत्मीय कथा है और करण कहते हैं, फिल्म का विचार मुझे निर्माता आलेख के साथ एक डॉक्यूमेंट्री बनाते वक्त आया। मैं पहले से ही 'इम्प्रोवाइजेशन' या एक नैसर्गिक अंदाज से कहानी कहने की प्रक्रिया को पसंद करता आया हूँ, क्योंकि इससे फिल्म में एक आजाद प्रवाह आता है। एक्शन और कट के बीच अभिनेताओं को सिर्फ एक इशारा भर देना और उन्हें अपने अंदाज में अभिनय करने के लिए प्रेरित करना बहुत रोचक रहा। मैं जॉन कैसावेट्स, माइक ली, जॉन-लूक गोदार्ड और हाल के रचयिता जैसे की स्वॉनबर्ग और लैरी डेविड के काम से भी परिचित था, जिन्होंने नैसर्गिक कला को सिर्फ रिहर्सल तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परदे पर जीवंत किया। मैं बड़े-बड़े संवादों से भरी पटकथाओं से थक गया था और कुछ अलग करने का प्रयास करना चाहता था। करण ने 30 पेज का स्क्रिप्ट लिखा, जिसमें हर दृश्य की रूपरेखा अंकित है। साथ ही, उन्होंने 60 पेज का दस्तावेज लिखा, जिसमें हर किरदार के मूल भाव पर प्रकाश डाला। यह दूसरा दस्तावेज इसलिए था कि कोई भी किरदार या दृश्य अपने लक्ष्य से न भटके। जहां तक 'फेयरी फोक' की कहानी की बात है, तो इसमें कोडैकनाल और गोआ में बीते मेरे जीवन की झलक है। इन दोनों जगहों में, प्रकृति हर हाल में आपके दैनिक जीवन में प्रवेश करती है और आप उससे आंखे नहीं चुरा सकते हैं। रितिका और मोहित के किरदार के लिए रसिका दुगल और मुकुल चड्ढा को चुनने के बारे में उनका कहना है कि मैंने 'फेयरी फोक' के लिए उन्हें इसलिए चुना, क्योंकि वे एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और उन्हें कैमरे के लिए नए सिरे से एक वैवाहिक दम्पति की तरह व्यवहार करने की जरुरत नहीं थी। बस उन्हें रिश्ते की प्राकृतिकता के साथ किरदार निभाना था और उनकी जटिलताओं को खोजना था। जब आपके पास दो ऐसे अभिनेता होते हैं जो वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हैं तो उन्हें यह नहीं सिखाना पड़ता है कि एक दम्पति कैसे बात करते हैं। रसिका और मुकुल पहले ही दिन ही कहानी के तहों तक जा पहुँचे थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# भारत के विरुद्ध गलत बयानबाजी पड़ी भारी थाईलैंड की राजदूत को डब्ल्यूटीओ ने पद से हटाया

अबू धाबी, एजेंसी

● यूएई में आयोजित डब्ल्यूटीओ की बैठक में चावल निर्यात को लेकर हुई थी तीखी बयानबाजी

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत के चावल निर्यात को लेकर गलत बयानबाजी और भारत की छवि को धक्का पहुंचाने की कोशिश थाईलैंड की राजदूत पिमचोंक वोनकोर्पोन पिटफिल्ड को भारी पड़ गई। उनके रवैये पर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद डब्ल्यूटीओ ने थाईलैंड की राजदूत को राजनयिक पद से हटा दिया है।

अबू धाबी में मंत्री स्तर का 13वें सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जहां दो दिन पहले अनाज के पब्लिक स्टाकहोल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे पर चर्चा के दौरान थाईलैंड की राजदूत ने भारत के बारे में गलत बयानबाजी करते हुए कहा था कि भारत सस्ते में अनाज की सरकारी खरीद कर उसका 40 प्रतिशत निर्यात कर देता है। जबकि यह अनाज की खरीदारी गरीबों को देने के लिए की जाती है। पिटफिल्ड के इस बयान पर चर्चा में मौजूद कई देशों ने अपना समर्थन दिया, जो भारत को नागवार गुजरा है।

असलियत यह है कि भारत अपने अनाज उत्पाद का 40 प्रतिशत हिस्से की सरकारी खरीद करता है। अन्य हिस्सा खुले बाजार में बेचा जाता है। सरकारी खरीद वाले हिस्से का निर्यात नहीं किया जाता है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदारी करता है, जिसे गरीबों को राशन के तहत मुफ्त में या कम दाम में दिए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक वैश्विक मंच पर गरीब व विकासशील देशों के नेता के रूप में उभर रहे भारत के विकास में विकसित देश टांग अड़ाना चाहते हैं। थाईलैंड की राजदूत भी इन विकसित देश की शह पर ही एमसी13 में भारत के अनाज निर्यात के बारे में गलत बयानबाजी की थी। इस बयानबाजी के बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष से कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए साफ कह दिया था कि पिटफिल्ड को डब्ल्यूटीओ से हटाने के बाद ही भारत पीएसएच मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेगा। दूसरी तरफ नई दिल्ली में मौजूद थाईलैंड के राजदूत को भी भारत ने तलब कर पिटफिल्ड के गलत बयानबाजी पर आपत्ति जाहिर की थी। अब उन्हें डब्ल्यूटीओ में था, इंईलैंड के राजदूत पद से मुक्त कर दिया गया है।

# राज्यसभा के 33 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है। इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं।





**14** प्रतिशत अरबपति सांसद
19,602 करोड़ रुपये है कुल संपत्ति

**28** कांग्रेस सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ हैं मामले दर्ज

## इतने सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा है कि 18 प्रतिशत सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों, जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है।

## 225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई। इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं।

## राज्यसभा में प्रति सांसद 87.12 करोड़ रुपये है औसत संपत्ति



राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87 .12 करोड़ रुपये है। आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं। प्रमुख दलों में भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है।

## एक नजर

### सॉफ्टवेयर नहीं समझा लीप वर्ष, देश के कई पेट्रोल पंप बंद

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड में 29 फरवरी यानी लीप ईयर पर देश के कई पेट्रोल पंपों ने काम करना बंद कर दिया। दरअसल पेमेंट सॉफ्टवेयर, फ्यूल स्टेशनों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर में लीप ईयर की तारीख दर्ज नहीं होने से तकनीकी गड़बड़ी हुई। सॉफ्टवेयर ग्लिच की वजह से पेट्रोल पंपों पर पेमेंट नहीं हो पाने से फ्यूल नहीं भरे गए। इससे देशभर में लोग परेशान हुए।

### मॉस्को में एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार, एकत्रित हुए लोग

मॉस्को। रूस में विपक्ष के नेता रहे एलेक्सी नवलनी के सगे-संबंधी और समर्थक दक्षिण-पूर्वी मास्को में शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए। नवलनी की मृत्यु के बाद, उनके शव को प्राप्त करने के लिए परिवार के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाते थे। उनके समर्थकों ने कहा है कि मास्को में कई गिरिजाघरों ने उनके लिए प्रार्थना सभा का आयोजन करने से इनकार दिया, लेकिन आखिरकार मारयिनो जिला स्थित एक गिरिजाघर ने इसकी अनुमति दे दी।



### दुनिया में पहली बार दुबई में जेट सूट रेस हुई, कोल्फन बने विजेता

दुबई। यूएई के दुबई ने बुधवार को एक और इतिहास रचा। यहां दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। इसमें 8 अलग-अलग देशों के आठ प्रतिभागी शामिल हुए। ब्रिटेन के इसा कोल्फन इसके विजेता बने।

### अमेरिकाः फ्लॉक सेफ्टी गाड़ियों के सर्विलांस से अपराध घटाने का दावा

वाशिंगटन। अमेरिका की स्टार्टअप कंपनी 'फ्लॉक सेफ्टी' गाड़ियों का सर्विलांस कर अमेरिका में अपराध कम करने का दावा कर रही है। 2017 में शुरू हुई कंपनी को डेलायट ने 2023 में फास्ट 500 कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। कंपनी सड़कों पर कैमरे लगाती है। कारों की नंबर प्लेट स्कैन कर दर्ज अपराधों से मैच करती है। दावा है कि इससे अमेरिका में 25 फीसदी अपराध कम कर देगी, लेकिन 5 राज्यों में बैन हो गई। कंपनी ने कहा कि जिन राज्यों ने लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए सरकार से वार्ता की है। सरकार के आदेश तक राज्यों में लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

# बांग्लादेश में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 46 की मौत

## 22 लोग घायल, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात आग लगने से बहुत बड़ा हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं।

बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निकटवर्ती बर्न अस्पताल का दौरा करने के बाद बताया कि आग से अब तक 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा- हालात को काबू में करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मुस्तैद है। बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी मोहम्मद शिहाब ने कहा कि आग ढाका के बेली रोड़ के एक लोकप्रिय बिरयानी रेस्तरां में रात 9:50 बजे लगी। उन्होंने बताया कि आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहीं, अग्निशमन सेवा के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने 75 लोगों को जिंदा बचाया।



ढाका में गुरुवार देर रात इमारत में धधकती आग, दूसरी तरफ आग पर काबू पाते अग्निशमन कर्मी।

### प्राथमिक इलाज के बाद 75 घायलों को घर भेजा

स्वास्थ्य मंत्री सेन ने बताया कि आग गुरुवार देर रात लगी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। ढाका मेडिकल कॉलेज में 33 तो शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं, केंद्रीय पुलिस अस्पताल में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि अब तक 75 लोगों को बचा लिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

बचाव अभियान में जुटे अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत इमारत से कूदने और जलने के कारण हुई है। कई लोगों ने दम घुटने से जान गंवाई है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहली मंजिल पर स्थित कच्ची भाई रेस्तरां में रात करीब 9.45 लगी, जो काफी तेजी से अन्य रेस्तरां तक फैल गई। जिस समय आग लगी, वह होटलों के लिए व्यस्ततम समय होता है।

# 5 साल बाद रिहा होने के कुछ घंटों बाद फिर गिरफ्तार हुए सुल्तान

श्रीनगर। पांच साल से अधिक समय बाद रिहा हुए कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को कुछ घंटों बाद ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जेल से सुल्तान को रिहा किया गया था। सुल्तान के परिवार और कानूनी सूत्रों ने बताया कि सुल्तान को श्रीनगर के रैनावारी थाना में दर्ज 2019 के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार किया गया है। एक वकील ने कहा, घर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बटमालू थाने की पुलिस ने बुलाया और रैनावाड़ी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा- शाम को रैनावारी थाना पुलिस से जानकारी मिली कि पांच अप्रैल, 2019 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल में हुए दंगे से संबंधित मामले में सुल्तान को हिरासत में लिया गया है। बता दें, संबंधित मामले में सुल्तान समेत 21 आरोपी हैं, जिनमें से कुछ को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तारी के बाद श्रीनगर की एक अदालत ने सुल्तान को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तान को 2018 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था और मंगलवार शाम को यूपी के अंबेडकर नगर जेल से रिहा किया गया था।

# नई सरकार को मान्यता न दें जब तक पारदर्शी जांच न हो

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान को लेकर बाइडन को लिखा पत्र, चुनाव धांधली में जांच की मांग

अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया, इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो।



### इमरान समर्थित अमीन बने खैबर पख्तूनख्वा के नए वजीर-ए-आला

पेशावर। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया। वहीं, इससे पहले नवनिर्वाचित स्पीकर बाबर सलीम स्वाति ने गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी, जिन्होंने विधानसभा सत्र की अध्यक्षता की। 106 सदस्यीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार गंडापुर ने अपने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रतिद्वंद्वी डॉ इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोट हासिल किए।

## इवांका समेत जामनगर पहुंचीं कई हस्तियां...



जामनगर : मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होने वाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से 3 मार्च तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए हॉलीवुड और बॉलीवुड की कई हस्तियां जामनगर पहुंच रही हैं। गुरुवार को अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना अपनी टीम के साथ जामनगर पहुंचीं हैं। शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप भी पहुंच गई हैं, उनके अलावा, सिंगर जे ब्राउन, निकी मिनाज, एडम ब्लैकस्टोन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग यहां पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान, अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भी जामनगर पहुंच गए हैं। ● एजेंसी

# आतंकवाद -नशीले पदार्थों पर कसेगी नकेल

वाशिंगट, एजेंसी

● रणनीतिक साझेदारी मजबूत कर रहे भारत-अमेरिका, दोनों देशों ने व्यक्त की सहमति

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव



गृह सचिव अजय भल्ला के साथ मौजूद अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो।

अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया।

इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कमजोर प्रवासियों का शिकार और उनसे लाभ कमाने वाले तस्करों पर नकेल कसने के लिए दोनों देश आपस में कानूनी रूप से सहयोग करेंगे।

होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यूएस-इंडिया काउंटरनारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप के योगदान पर भी चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच दवा नियामक से जुड़े मुद्दों, कानून प्रवर्तन सहयोग और बहुपक्षीय मंचों में समन्वय जैसे बिंदुओं पर काम करती है। दवा की मांग में कमी से निपटने को लेकर होने वाले संयुक्त प्रयासों के मामले में भी यूएसआईसीडब्लूजी मार्गदर्शन करता है।

# कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

टोरंटो। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया, उनकी बेटी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। कैरोलीन मुलरोनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के 18वें प्रधानमंत्री का परिवार के बीच निधन हो गया।



मुलरोनी परिवार ने कहा कि पिछली गर्मियों में 2023 की शुरुआत में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बाद हुई हृदय प्रक्रिया के बाद उनमें रोजाना सुधार हो रहा था। उन्होंने कई सालों तक राजनीति में पर्दे के पीछे से काम किया।

# अमेरिका के निजी मून लैंडर ओडीसियस से संपर्क टूटा

वाशिंगटन, एजेंसी

● लैंड करते समय चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर, कंपनी ने कहा-मून लैंडर ने काम करना बंद कर दिया

करीब 50 साल बाद पिछले महीने अमेरिका का निजी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया।

बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का



उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था।

इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुईं क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।

विज्ञान | एचडी 110067 सोलर सिस्टम बना खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र

# एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : परग्रहियों की तलाश में एक ऐसे सोलर सिस्टम का पता चला है, जहां एलियंस का ठिकाना हो सकता है। इस ग्रहमंडल का नाम एचडी 110067 है। जिसमें हमारे ग्रहों की तरह छः ग्रह अपने तारे की परिक्रमा करते हैं। एलियंस की संभावना को लेकर यह सोलर सिस्टम दुनिया के खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस सोलर सिस्टम को पिछले साल के अंत में खोजा गया था। यह हमसे काफी करीब है, सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। नजदीक होने के कारण इसे हमारा पड़ोसी सौर मंडल भी माना जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि गणितीय आधार इसके ग्रह अपनी कक्षाओं



इस सोलर सिस्टम में हो सकता है एलियन का ठिकाना।

### भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसे है एलियंस की तलाश

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के सेनि वैज्ञानिक प्रो आरसी कपूर कहते हैं कि भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसी है एलियंस की तलाश । क्या हम इस ब्रह्मांड में अकेले हैं, यह ऐसा प्रश्न है, जिसका हल ढूंढ़ने के लिए कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं, जबकि शायद सदियों से इस बारे में सोचा जाता रहा है। मगर अभी यह तलाश जारी है और तब तक रहेगी, जबतक एलियंस का पता नहीं चल जाता।

में सही दूरी के साथ अपने मेजबान तारे के बहुत करीब से चक्कर लगाते हैं। एलियंस की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें पृथ्वी के समान उन्नत जीवन मौजूद हो सकता है। भले ही जीवन किसी अन्य रूप में हो, लेकिन एक बड़ी उम्मीद तो जगी ही है। इस ग्रह मंडल की जांच पड़ताल अभी जारी है और जितने अधिक खगोल वैज्ञानिक इसके अध्ययन में जुटेंगे, परिणाम उतने ही जल्दी सामने आएंगे।

बहरहाल 6 ग्रहों वाले इस सोलर सिस्टम में आगे की तलाश में वैज्ञानिको के एक वर्ग में होड़ लगी है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में जुटे वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ा अवसर है और उनकी दशकों पुराने एलियंस की तलाश में विराम लग सकता है।

बहरहाल खगोलविदों के लिए यह दिलचस्प लक्ष्य बना हुआ है और आने वाले दिनों में लोगों की जिज्ञासा भी इस तलाश के प्रति रहेगी।

# ईरान के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार केंद्र बने

दुबई, एजेंसी

● हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद होगा संसदीय चुनाव

हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनाव हो रहा है। आज लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2022 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है।

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं। मतदाताओं की आयु कम से कम



18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं।1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है।